राष्ट्रीय दैनिक अख़बार

दैनिक शुभ भास्कर

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र -
बिहार, झारखण्ड - +91 7764978689
उत्तर प्रदेश - +91 9625958256
अन्य राज्य - 8804707324 , 9625958256

दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 171 • नई दिल्ली, गुरूवार 28 सितम्बर 2023 • पृष्ठ: 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737

3 बसंतपुर प्रखंड के भगवानपुर पंचायत के पंचायत सरकार...

पिछले 50 साल से कनाडा में बेरोकटोक काम कर रहे खालिस्तानी संगठन

एजेंसी। नई दिल्ली

खालिस्तानी समर्थक तत्व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' और 'राजनीतिक समर्थन जैसी धारणाओं की आड़ में करीब 50 साल से कनाडा की जमीन से बेरोकटोक काम कर रहे'' हैं, लेकिन कनाडा इन चरमपंथियों द्वारा डराने धमकाने, हिंसा करने और नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त रहने पर'पूरी तरह चुप्पी साध'लेता है। सूत्रों ने कहा कि 'एयर इंडिया के विमान कनिष्क में 1985 में खालिस्तानी चरमपंथियों ने बम विस्फोट किया था और यह अमेरिका में 11 सितंबर 2001 को हुए हमले से भी पहले हुआ दुनिया के सबसे बड़े आतंकवादी हमलों में से एक हमला था। उन्होंने कहा कि कनाडाई एजेंसियों की स्पष्ट ''बेरुखी'' के कारण इस हमले का मुख्य आरोपी तलविंदर सिंह परमार और उसके खालिस्तानी चरमपंथियों का समूह बचकर निकल गए। सूत्रों ने कहा कि विडंबना यह है कि परमार अब कनाडा में खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों का नायक है और प्रतिबंधित समूह 'सिख फॉर जस्टिस' ने अपने अभियान केंद्र का नाम भी परमार के नाम पर रखा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में खालिस्तानी चरमपंथियों के हौंसले और बुलंद हो गए और उन्होंने 'बिना किसी खौफ' के कनाडा से काम करना शुरु किया। सूत्रों ने कहा कि पिछले एक दशक में पंजाब में सामने आए आतंकवाद के आधे से ज्यादा मामलों के तार कनाडा स्थित खालिस्तानी चरमपंथियों से जुड़े होने का पता चला है। उन्होंने कहा कि 2016 के बाद पंजाब में सिखों, हिंदुओं और ईसाइयों को लक्ष्य बनाकर की गई कई हत्याएं खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की करतूत थीं, जिसकी हत्या से भारत और कनाडा के बीच विवाद पैदा हो गया है। सूत्रों ने कहा कि कनाडाई एजेंसियों ने निज्जर और उनके मित्रों भगत सिंह बराड़, पैरी दुलाई, अर्श डल्ला, लखबीर लांडा और कई अन्य लोगों के खिलाफ कथित तौर पर कभी कोई जांच शुरू नहीं की। पंजाब में लाशों का ढेर लगने के बावजूद वे ''राजनीतिक कार्यकर्ता'' बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब आज कनाडा से चलाए जा रहे जबरन वसूली गिरोहों के कारण भारी नुकसान झेल रहा है और 'उत्तर अमेरिकी' देश में स्थित गैंगस्टर ड्रोन के माध्यम से पाकिस्तान से नशीले पदार्थ लाते हैं और उन्हें पूरे पंजाब में बेचते हैं। उन्होंने कहा कि इस धन का एक हिस्सा कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथियों को मिलाता है। सूत्रों ने बताया कि कनाडा में भी कई खालिस्तानी समर्थक चरमपंथी नशीले पदार्थों के कारोबार का हिस्सा हैं और पंजाब के विभिन्न गैंगस्टर के गिरोहों के बीच प्रतिद्वंद्विता अब कनाडा में आम है।

उन्होंने कहा कि भारत समर्थक सिख नेता रिपुदमन सिंह मलिक की 2022 में कनाडा के सरे में हत्या कर दी गई थी और कई लोगों का कहना है कि इस हत्या के पीछे निज्जर का हाथ था, लेकिन कनाडाई एजेंसियों ने दोषियों को ढूंढने और वास्तविक साजिश का पर्दाफाश करने में कथित तौर पर कोई तत्परता नहीं दिखाई।

कनाडा सरकारों से मिल रहा पूरा सपोर्ट

ख़ास ख़बर

उधवा के विभिन्न पंचायतों में पीएम आवास लाभुक दिवस मनाया गया!

शुभ भास्कर संवाददाताः अब्दूल वहाब । उधवा/साहिबगंजः प्रखण्ड की विभिन्न पंचायतों में बुधवार को लाभुक दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएम आवास योजना ग्रामीण के जिला समन्वयक सुमित कुमार चौबे ने प्रखण्ड के मोहनपुर व कटहलबाड़ी पंचायत का भ्रमण कर लाभुक दिवस में भाग लिए। इस दौरान जिला समन्वयक सुमित कुमार चौबे ने बताया कि सरकार के सचिव और उपायुक्त महोदय के पत्र के आलोक में लंबित आवास को पूर्णता हेतु चलो करें आवास पूरा* अभियान 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक चलाया जाएगा, जिसके तहत लंबित आवास के लाभुक से संपर्क कर हर हाल में आवास पूर्ण करना है। इस अभियान के निमित्त पंचायत वार टीम बनाई गई है।जिसमे आवास कर्मी प्रयवेक्षक को प्रतिनियुक्त किए गया है। मौके पर बीपीओ सुमित कुमार, शाहजहां अंसारी, विकास कुमार व दयानंद प्रसाद आदि थे।

चौतरवा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर क्रेटा गाड़ी से 28 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद किया ,चालक फरार

शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक क्रेटा गाड़ी से 28 कार्टून एवं 54 पीस अंग्रेजी शराब को बरामद किया है।चौतरवा थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने बताया कि गुप्त रूप से सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश से शराब की खेप बिहार जा रही है। जिसको लेकर पुलिस ने जाल बिछाकर जांच अभियान शुरू कर दिया।उसी क्रम में उत्तर प्रदेश से आ रही क्रेटा गाड़ी की तलासी रतवल चौक के पास ली गई, जिसके अंदर छुपा कर रखा गया कुल 28 कार्टून एवं 54 पीस अंग्रेजी शराब जिसकी कुल मात्रा 271.71 लीटर को बरामद किया गया है, वही पुलिस को देख चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया, जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या बीआर 01 एफसी 7412 अंकित है।थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव ने बताया कि प्रशासन द्वारा मध्य निषेध एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए क्रेटा गाड़ी को जब्त कर पुलिस चालक के गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है।

चिउटांहा मंडल के जीतपुर में बुथ सशक्तिकरण व आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु भाजपा ने की बैठक

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा। बगहा विधानसभा क्षेत्र के चिउटहां मंडल अंतर्गत जीतपुर गांव में बुधवार को मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता के आवास पर बूथ सशक्तिकरण एवं आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भूपेंद्रनाथ तिवारी ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बगहा विधायक राम सिंह उपस्थित रहे। बूथ सशक्तिकरण अभियान में जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी हृदया दुबे,जिला महामंत्री, सुजीत चौरसिया अचिंत्य कुमार लल्ला ,ऋतु जायसवाल अमित पांडेय, आयुष्मान भारत के जिला प्रभारी प्रमोद प्रसाद काजू नितेश पाठक के साथ साथ मंडल के सभी पदाधिकारी,शक्ति केंद्र प्रमुख,बूथ अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के सम्मानित कार्यकर्ताओं की उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर ही आयुष्मान भारत के टीम द्वारा लाभार्थियों को आयुष्मानकार्ड बनाकर #वितरित किया गया। सफल कार्यक्रम के लिए चिउटहां मंडल के समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को बहुत बहुत धन्यवाद व हृदय से आभार।

गुजरात को बदनाम करने की साजिश हुई : मोदी

एजेंसी। अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को अहमदाबाद साइंस सिटी में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 20वें एनिवर्सरी प्रोग्राम में शामिल हुए। मोदी ने अपने संबोधन में गुजरात का मुख्यमंत्री रहते आईं चुनौतियों पर बात की। PM ने 2001 से पहले गुजरात में आए अकाल, फिर भूकंप और गोधरा ट्रेन की घटना और राज्य में फैली हिंसा के बाद के हालात की चर्चा की। उन्होंने कहा- तब कुछ लोग एजेंडा के तहत गुजरात को दुनिया में बदनाम करने की साजिश रच रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा- जब मैं गुजरात का CM था और राज्य विपरीत परिस्थितियों से गुजर रहा था, तब केंद्र सरकार में बैठे लोग बुलाने पर भी नहीं आते थे। CM के तौर पर मेरा ज्यादा अनुभव नहीं था, लेकिन मेरा गुजरात और गुजरात के लोगों पर अटूट भरोसा था। मैंने CM रहते संकल्प लिया और इन चुनौतियों से राज्य को बाहर निकाला। उस समय केंद्र सरकार चलाने वाले गुजरात समिट में रोड़े अटकाने में लगे रहते थे। व्यक्तिगत रूप से तो मुझसे समिट में आने का कहते थे, लेकिन किसी न किसी बहाने से समिट में नहीं आते थे। न जाने, पीछे से उन पर कौन सा डंडा चलता था। विदेशी इनवेस्टर्स को धमकाया जाता था कि गुजरात मत जाओ। इतना डराने के बाद भी विदेशी इनवेस्टर्स गुजरात आए।

छोटा उदेपुर में कई योजनाओं की शुरुआत की – इस कार्यक्रम के बाद PM छोटा उदेपुर जिले के आदिवासी बहुल शहर बोडेली पहुंचे। बोडेली में पीएम मोदी खुली जीप में खड़े होकर मंच तक पहुंचे। इस दौरान आदिवासी समाज ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद पीएम ने 5206 करोड़ रुपये के परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

देश की करोड़ों बहनें आज लखपति दीदी बन गई हैं – अपने संबोधन में पीएम ने कहा- आज मुझे संतोष है कि आदिवासी क्षेत्रों के लिए जो योजनाएं बनी थीं, वे साकार होती जा रही हैं। सरकार विकास को आपके द्वार तक लेकर आई है। ऐसे में गांवों को कम कीमत पर इंटरनेट की भी सौगात मिल गई है। आज देश की करोड़ों बहनें आज लखपति दीदी बन गई हैं। आज बहनें यह नहीं कहतीं कि मेरे पास घर नहीं है। मुझे सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि मैंने अपने देश की बहनों को उनका घर दिया है। मुझे आदिवासियों का आदर और सम्मान करने का अवसर दिया गया है।

वडोदरा के नवलखी ग्राउंड में हुआ ग्रैंड वेलकम – बोडेली के सरकारी कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वडोदरा पहुंचे, जहां महिला कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद पीएम ने नवलखी मैदान पर रखे गए नारी वंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम ने कहा- सामाजिक भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी सीमित थी।

बाल-बाल बचे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा

जब पुणे के गणेश मंडल में लग गई आग

एजेंसी। पुणे

इस समय पुणे समेत पूरे महाराष्ट्र में गणपति उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। पुणे में गणपति को देखने का बड़ा क्रेज है. मन के पांच गणपति और दगडूशेठ गणपति के दर्शन के लिए देशभर से भक्त पुणे आते हैं। ऐसे में पुणे से एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है. दरअसल पुणे के एक गणेश मंडल में आग लग गई. इसमें बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बाल-बाल बच गए. इसका एक वीडियो सामने आया है और सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. जैसे ही यह बात सामने आई कि साने गुरुजी तरूण मित्र मंडल में आग लग गई है, पुणे में हड़कंप मच गया। घटना उस वक्त हुई जब बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मंगलवार शाम आरती के लिए आए थे. साने गुरुजी तरूण मंडल ने महाकाल मंदिर की प्रतिकृति बनाई है। वहां आग लगने से भाजपा अध्यक्ष नड्डा को आरती

बीच में ही छोड़कर निकलना पड़ा. हालांकि बारिश शुरू होने के कारण कुछ ही मिनटों में आग बुझ गई और बड़ा हादसा टल गया. आख़िर आग किस चीज़ से लगी? इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है. आग लगने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. वायरल वीडियो में गणपति के मंच और मंदिर जैसी सजावट में आग लगी दिख रही है. वीडियो में यह भी दिख रहा है कि किनारे पटाखे भी फोड़े गए. तो क्या यह आग पटाखों से लगी? ये सवाल भी पूछा जा रहा है.

दिन-रात के मिलन की तस्वीर जारी की स्पेस एजेंसी ने

एजेंसी। वॉशिंगटन

यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर दिन और रात के मिलन का एक अदभूत फोटो शेयर किया है। जब दिन और रात का मिलन हो और ठंड का आगमन हो रहा हो, उस वक्त इसे कैप्चर किया गया है। फोटो शेयर करते हुए स्पेस एजेंसी ने लिखा, सर्दियां आ रही हैं। दिन और रात आधे-आधे में बंटे हुए नजर आ रहे हैं। स्पेस एजेंसी के मुताबिक, यह तस्वीर उस वक्त की है जब सूरज खगोलीय भूमध्य रेखा को पार कर रहा है और उत्तरी गोलार्ध में शरद ऋतु का आगमन हो रहा है। चमकते सूर्य ने 07:50 बीएसटी से 08:50 सीईएसटी पर खगोलीय भूमध्य रेखा को पार किया। यह ठंड आने का संकेत है। यह तस्वीर 23 सितंबर को सुबह 9 बजे मेटेओसेट सैटेलाइट से रिकॉर्ड की गई। तस्वीर इतनी मनमोहक है कि इसे महज दो दिन में 1:75

लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। हजारों लोगों ने कमेंट्स भी किए हैं। जानकारी के अनुसार, तस्वीर से स्पष्ट है कि शरद ऋतु उत्तरी गोलार्ध में शुरू हुई और दक्षिण गोलार्ध में वसंत का आगमन होने लगा। इसी के साथ सूर्य दक्षिण की ओर पलायन कर रहा है। इस वक्त ग्रह के उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध को समान रूप से सूर्य की रोशनी मिलती है। लेकिन धीरे-धीरे दक्षिणी गोलार्ध में सूर्य की चमक बढ़ती जाती है। तस्वीर इतनी साफ है कि लोग अपने-अपने देश को इसमें तलाशते नजर आए। कुछ लोगों ने इसे 'विषुव' बताया। दरसल, 'विषुव' शब्द संस्कृत से लिया गया है।

जी 20 में 1.5 करोड़ नागरिकों की प्रत्यक्ष भागीदारी रहीः पीके मिश्र

नई दिल्ली। नई दिल्ली के भव्य भारत मंडपम में जी20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट फिनाले कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव पी के मिश्र ने कहा कि जी20 में भारत की प्रेसीडेंसी ने खुद को विभिन्न मायनों में अद्वितीय साबित किया है। भारत की प्रेसीडेंसी जनभागीदारी पर थी और 1.5 करोड़ लोगों ने जी20 से जुड़ी गतिविधियों में सीधे तौर पर सहभागिता निभाई है। उन्होंने कहा कि जागरूकता रैलियों, स्मारकों के साथ सेल्फी प्रतियोगिता, निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं, कार्यशालाओं, मैराथन, स्वच्छता अभियान, युवा संवाद जैसे कार्यक्रमों के साथ, जी20 के उद्देश्यों को आखिरी पायदान तक ले जाया गया है। मिश्र ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री का विजन था कि जी20 का कार्यक्रम अखिल भारतीय आयोजन होना चाहिए और यह आयोजन हर राज्य और हर केन्द्रशासित प्रदेश में होना चाहिए। उनके विजन के अनुरूप जी20 को विकेंद्रीकृत और लोकतांत्रिक बनाया गया और देश के कोने-कोने में इसकी बैठकों का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक छाप से दुनिया को भारत की विविधता के बारे में जानकारी मिली। प्रमुख सचिव पी के मिश्र ने आगे यह भी कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता के कार्यकाल की एक प्रमुख प्राथमिकता ऐसी दुनिया का निर्माण करना था जो अधिक समावेशी हो और जहां ग्लोबल साउथ की आवाज को अब नजरअंदाज नहीं किया जाएगा।

सरोज हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर का अवैध संचालन

सुनील कुमार मिश्रा /दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान / उदयपुर /मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर शंकर एच बामनिया ने बताया कि विश्वस्त सूत्रों से सूचना प्राप्त होने पर भुवाना उदयपुर स्थित सरोज हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर पर कार्यालय से टीम गठित कर निरीक्षण करने हेतु भेजा गया । टीम में डॉक्टर अशोक आदित्य डी आर सी एच ओ ,डॉक्टर राकेश गुप्ता एस एम ओ , श्री राजेंद्र सोलंकी ,सहायक प्रशासनिक अधिकारी और श्री शरद पाटीदार , कोऑर्डिनेटर चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना सम्मिलित थे । श्रीमती केसर देवी ने अपने परिवार जनों के साथ सीएमएचओ डॉ बामनिया को लिखित में शिकायत दी कि सरोज हास्पिटल में कार्यरत डॉ सुरज्ञान जो राजकीय सेवा में है द्वारा एम्बुलेंस चालकों से कमिशन पर सीधे ही मरीजों को सरोज हास्पिटल लेकर आने के लिए बोल रखा है जिससे अनजान मरीज इनके झांसे में फस जाता है। हमारे साथ भी ऐसा ही किया गया। बिजली से

जल जाने पर भरत निनामा को हम उदयपुर के राजकीय चिकित्सालय में ला रहे थे लेकिन धोखे से हमें सरोज हास्पिटल में लाया गया। आपरेशन के नाम पर 10 लाख से अधिक रकम वसूल कर ली गई और 3लाख और मांगे जा रहे हैं।भरत के स्वास्थ्य में कोई संतोषजनक सुधार नहीं हो रहा है। इससे इनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।टीम ने वहां जाकर निरीक्षण एवं पूछताछ की और उसके संचालन से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा जिसमें चिकित्सा संचालन संबंधी क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट का रजिस्ट्रेशन ,वर्तमान में कार्यरत चिकित्सकों की सूची ,पैरामेडिकल स्टाफ की सूची, बायोमेडिकल वेस्ट संबंधी प्रमाण पत्र ,पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड संबंधी प्रमाण पत्र मांगे गए जिन में से कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए । चिकित्सालय के मालिक ललित चोरडिया ने संचालन प्रक्रिया संबंधी कोई कार्यवाही नहीं की थी एवं प्रमाण पत्र नहीं ले रखे थे इससे ज्ञात होता है कि अवैध रूप से हॉस्पिटल का संचालन किया जा रहा था । वहां कार्यरत उपस्थित डॉ नितिन का राजस्थान में प्रेक्टिस करने हेतु आरएमसी नंबर भी नहीं था । वह भी अवैध रूप से प्रैक्टिस कर रहे थे । इस प्रकार से अन्य मरीजों के साथ भी धोखा किया जा रहा है और किसी प्रकार का रजिस्ट्रेशन नहीं होने से आम जनता के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है।

मैरिज हॉल में लगी आग में 100 की मौत, 150 घायल

तेहरान। इराक के उत्तरी क्षेत्र के निनेवे प्रांत में स्थित एक मैरिज हॉल में आग लगने से 100 लोगों की मौत हो गई और 150 घायल हो गए। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि ईसाई बहुल हमदानिया इलाके में हुई इस घटना को टेलीविज़न फ़ुटेज में जले मलबे को दिखाया गया। जहां यह घटना घटित हुई वह राजधानी बगदाद से लगभग 335 किलोमीटर मोसुल शहर बाहर है। स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता सैफ अल-बद्र ने बताया कि दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना से प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। निनेवेह के प्रांतीय गवर्नर नजीम अल-जुबौरी ने कहा कि उपचार के लिए कुछ घायलों को क्षेत्रीय अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है। आग से अभी तक हताहतों की कोई अंतिम संख्या नहीं है, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़ने की संभावना है। आग लगने के कारण के बारे में तत्काल कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

समारोह माननीय मंत्री सरवन कुमार जी ग्रामीण विकास विभाग बिहार सरकार पटना को चादर टोपी और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया

जिलाध्यक्ष अहमद हुसैन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जनता दल युनाइटेड मधुबनी ने माननीय मंत्री सरवन कुमार ग्रामीण विकास विभाग को चादर टोपी और गुलदस्ता से सम्मानित किया

मधुबनी संवाददाता, मोहम्मद सालिम आज़ाद। जनता दल यूनाइटेड के जिला अध्यक्ष अहमद हुसैन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जनता दल युनाइटेड ने आज पटना स्थित जनता दल युनाइटेड कार्यालय के सभागार मे माननीय मंत्री सरवन कुमार जी ग्रामीण विकास विभाग बिहार सरकार पटना को चादर टोपी और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया इस मोका पर अहमद हुसैन ने कह के इस वक्त मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इनतिहाई पसमांदा समाज के सब से बड़े महाफिज है हमारे मोआसरे के लिए जितना काम किया है पहले किसी ने नही किया उस के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हि एसे लिडर हुए हैं जिनहो ने इस समाज की तेज रफ्तार तरक्की के लिए उसे बढ़ाकर आठारह फीसद करदिया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सभों को साथ लेकर चलने का हुनर जानते हैं और बग़ैर कीसी भेद भाव के तमाम खिततोऔर तबको की तरक्की के लिए काम करते हैं इस लिए मेरा मानना है की प्रधानमन्त्री मे जिस तरह की खुबियां होनी चाहिए वह तमाम तरह खुबियां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बदरजा मौजूद है हलांकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बार बार कहा है कि उन्हे किसी ओहदे की खांहीश नही है वह आइन और जमुरहियत को बचाने के लिए इंडिया इत्तेहाद के साथ हैं और इंडिया इत्तेहाद को इंडिया इत्तेहाद बनाने मे उनका का अहम किरदार है

ख़ास ख़बर

स्नातकोत्तर में नामांकन हेतु आवेदन 29 सितंबर से

मधेपुरा। इच्छुक योग्य उम्मीदवारों से स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर (जुलाई-दिसम्बर 2023), सत्र 2023-25 में यूएमआईएस के माध्यम से ऑनलाइन नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिनांक 29 सितंबर से 9 अक्टूबर तक आमंत्रित किया गया है। उपकुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव ने नामांकन, परीक्षा एवं परीक्षा फल प्रकाशन के कार्यों में गति लाने का निदेश दिया है। तदनुसार स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में नामांकन की तिथि जारी की गई है। विशेष जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट www.bnmu.ac.in एवं यूएमआईएस पोर्टल www.bnmuumis.in पर उपलब्ध है। डीएसडब्ल्यू प्रो. (डॉ.) राजकुमार सिंह ने बताया कि यूएमआईएस इंचार्ज को निर्देशित किया गया है कि पोर्टल का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जाए। बीएनएमयू के स्नातक तृतीय खण्ड सत्र 2020 2023 के उत्तीर्ण विद्यार्थी अपना अंकपत्र यूएमआईएस के पोर्टल से डाउनलोड कर उसके आधार पर आवेदन कर सकते हैं।

पीएम मोदी ने वो कर दिखाया जो आज के परिवेश में असंभव दिख रहा था: रंजीत यादव

जोकीहाट । अररिया लोकसभा के जोकीहाट विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत जोकी में महादलित टोला में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत बिहार प्रदेश भाजपा कार्यालय से जोकीहाट विधानसभा क्षेत्र के बी एल ए 1 प्रभारी युवा दिलों के धड़कन भाई रंजीत यादव ने लोगों से जनसंवाद किया और माननीय प्रधानमंत्री "श्री नरेंद्र मोदी जी" के द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया एवं बताया कैसे माननीय प्रधानमंत्री महादलित, पिछड़ों एवं अतिपिछड़ा समाज के लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने में हमेशा प्रयासरत हैं ।गरीब का बेटा, एक चाय बेचने वाला कैसे गरीबों के हित में पूरे तन-मन से लगा है, यह पूरा विश्व देख रहा है। उन्होंने वह कर दिखाया, जो आज के परिवेश में असंभव दिख रहा था। इस मौके पर रंजीत यादव जी के साथ जिला भाजपा के अध्यक्ष आदित्य नारायण झा, पूर्व जिलाध्यक्ष सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आलोक भगत उर्फ बमशंकर भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष सुराना,जिला भाजपा के पूर्व वरीय उपाध्यक्ष पप्पू झा आदि कदम से कदम मिलाकर रंजीत जी के साथ रहे। उन्होंने कहा कि आसन्न लोकसभा ,विधानसभा चुनाव के मद्दे नज़र जोकीहाट विधान सभा क्षेत्र के 300 बूथों पर बूथ अध्यक्ष बनाया जा रहा है।

वर्गारंभ 29 सितंबर से

मधेपुरा। बीएनएमयू में चार वर्षीय स्नातक (सी बी सी ए स) पाठ्यक्रम सत्र 2023-2027 के प्रथम सेमेस्टर (जुलाई-दिसम्बर 2023) में प्रथम मेधा सूची के आधार पर नामांकित सभी विद्यार्थियों का कक्षारंभ शुक्रवार (29 सितंबर) से निर्धारित किया गया है। डीएसडब्ल्यू प्रो. (डॉ.) राजकुमार सिंह ने बताया कि कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ सिंह के निदेशानुसार विश्वविद्यालय द्वारा सभी प्रधानाचार्यों से अनुरोध किया गया है कि वर्ग-तालिका के अनुरूप सभी विषयों की कक्षाएँ अनिवार्यतः निर्धारित तिथि से शुरू करा दी जाएँ। इसके साथ ही कक्षाओं में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएँ तथा परीक्षा फार्म अग्रसारण के पूर्व विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कर ली जाएँ। उपकुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कुलपति ने सभी पदाधिकारियों, संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों को सीबीसीएस पाठ्यक्रम की समुचित जानकारी प्राप्त करने का निदेश दिया है। तदनुसार सभी संबंधितों को निदेशित किया गया है कि सीबीसीएस से संबंधित राज्यपाल सचिवालय, बिहार राजभवन, पटना (बिहार) के पत्र में निर्धारित / वर्णित सभी प्रावधानों / निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस सूचना को अपने-अपने वेबसाइट एवं सूचना पट्ट पर प्रकाशित/प्रसारित किया जाए और इसे सभी नामांकित विद्यार्थियों तक विभिन्न माध्यमों से पहुँचाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही राज्यपाल सचिवालय बिहार राजभवन पटना, बिहार का संदर्भित पत्र राजभवन की वेबसाइट से डाउनलोड कर महाविद्यालय के कार्यालय एवं पुस्तकालय में सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के उपयोगार्थ सुलभ संदर्भ के रूप में सुरक्षित रखा जाए।

जयनगर प्रखंड के पड़वा बेलही पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम

जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)। जयनगर प्रखंड के पड़वा बेलही पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम का उदघाटन मधुबनी के जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा , पुलिस अधीक्षक,सुशील कुमार,डीडीसी विशाल राज,जयनगर एसडीओ वीरेंद्र कुमार,डीएसपी विपल्व कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।आए हुए सभी अतिथियों को मिथिला के परम्परा के अनुसार पाग,दुपट्टा और माला पहनाकर सम्मानित किया गया।जनसंवाद कार्यक्रम में सरकार की कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई वही कई लाभुकों ने अपना-अपना अनुभव भी साझा किया तथा फीडबैक भी दिया। इसके पूर्व उप विकास आयुक्त, विशाल राज ने जनहित की महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में आम जनता को विस्तार से बताया । योजनाओं का उद्देश्य, लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया, योजनाओं का आम जनता के जीवन में सकारात्मक प्रभाव तथा जन-सहभागिता पर बारीकी से प्रकाश डाला । जनसंवाद कार्यक्रम में डीएम अरविन्द कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्ण पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ जयनगर प्रखंड में विकासात्मक एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। डीएम ने कहा की आमजन तक सरकार की सभी कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं की जानकारी पहुंचाना एवं जनता एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय कायम करना एवं उपस्थित लोगों से उनके महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त करना जनसंवाद का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा जनसंवाद कार्यक्रम में प्राप्त सुझाव एवं फीडबैक पर त्वरित करवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा की सरकार विभिन्न कल्याणकारी एवं विकास की योजनाओं की जानकारी अत्यंत जरूरी है,उन्होंने उपस्थित लोगो से अपील किया कि प्राप्त जानकारी को अधिक से अधिक लोगो तक पहुचाये ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके। जिलाधिकारी ने जल संरक्षण पर बल देते हुए लोगो से अपने निजी चापाकलों पर सोख्ता निर्माण,छत वर्षा जल संचयन व्यवस्था स्थापित करने का अपील भी किया।उन्होंने कहा कि समाज सुधार अभियानों के द्वारा सामाजिक स्तर पर भी बहुत परिवर्तन आया है। लड़कियाँ शिक्षा क्षेत्र में काफी बढ़ी हैं। शराब बंदी, बाल विवाह एवं दहेज प्रथा पर रोक, महिलाओं को आरक्षण इत्यादि ने महिला सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभाई है। लिंग भेद में कमी आई है। भ्रूण हत्या पर रोक लगी है। कन्या के जन्म को प्रोत्साहन मिला है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना ने वृद्धजन, दिव्यांगजन एवं विधवाओं को समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर प्रदान किया है तथा आर्थिक रूप से सबल बनाया है। डीएम ने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना तथा मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय सहायता योजना से लोग स्वच्छतायुक्त सुरक्षित आवास होने से सम्मानपूर्वक जीवन बसर कर रहे हैं। प्रखंड में बारहमासी आवागमन की सुविधा उपलब्ध है। सौर ऊर्जा के उपयोग से गॉवों की गलियाँ को रौशन करने का कार्य किया जा रहा है।। हर घर नल का जल तथा घर तक पक्की गली-नालियाँ उपलब्ध करायी गई है। स्वच्छ गॉव, समृद्ध गॉव के तहत ई-रिक्शा, पेडल रिक्शा एवं डस्टबिन का क्रय गॉव के सभी वार्डों में किया गया है। हर घर से कचड़े का उठाव कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कचड़ा प्रबंधन कार्यक्रम में सभी का सह्ययोग अपेक्षित है। सोख्ता, जंक्शन चैम्बर एवं नाली आउटलेट के माध्यम से जल संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड का लाभ अधिक से अधिक विद्यार्थी उठा रहे हैं। कुशल युवा कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षित युवा में कम्प्यूटर, व्यवहार कौशल एवं भाषा कौशल में गुणात्मक वृद्धि आई है। सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना का लाभ उठाकर विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो रहे हैं। कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालयों के संचालन में स्त्री शिक्षा के स्तर में संख्यात्मक एवं गुणात्मक वृद्धि लाई है। सतत जीविकोपार्जन योजना तथा जीविका से परिवारों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। मत्स्य पालन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता आई है। लोगों में ख़ुशहाली आयी है। डीएम ने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है। सुधार की हमेशा अपेक्षा एवं संभावना बनी रहती है। जहाँ कहीं भी कमी है वहाँ सुधार करेंगे। *लक्ष्य एवं उपलब्धि के गैप को पूरा करेंगे । डीएम ने कहा यह जनसंवाद कार्यक्रम लगातार चलाया जा रहा है तथा इसमें आम जनता को सभी महत्वपूर्ण विभागों के कई योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी जा रही है। योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में उनका फीडबैक भी लिया जा रहा है। शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, आपदा प्रबंधन, अल्पसंख्यक कल्याण, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, सहकारिता, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, , ग्रामीण कार्य, उद्योग, ऊर्जा, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, जल संसाधन, पथ निर्माण, परिवहन, पशु एवं मत्स्य संसाधन, गृह, लघु जल संसाधन, श्रम संसाधन विभाग की जनहित की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी जा रही है ताकि वे इसका अधिकतम लाभ उठा सकें। सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, जल-जीवन-हरियाली अभियान, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना, बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, हर घर नल का जल, मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय योजना, जलवायु अनुकूल खेती सहित सभी महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जन-जन को जागरूक किया जा रहा है। लाभार्थियों द्वारा अपना अनुभव साझा किया जा रहा है। डीएम ने कहा कि आप सबके सुझाव के अनुसार स्थानीय आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा। डीएम ने कहा कि सम्पूर्ण प्रशासनिक तंत्र जिले वासियों के लिए हमेशा उपलब्ध है। प्रावधानों के अनुरूप आपको उत्कृष्ट सेवा प्रदान की जाएगी। डीएम ने कहा कि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। एसपी सुशील कुमार अधीक्षक ने पब्लिक एवं पुलिस के बीच बेहतर समन्वय , डायल 112, महिला हेल्प डेस्क,अपराध नियंत्रण ,साइबर अपराध आदि को लेकर दी विस्तृत जानकारी अपने संबोधन में कहा कि अपराधमुक्त एवं नशामुक्त मधुबनी को लेकर जिला पुलिस पूरी तरह से दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि डायल नंबर 112 का जरूर उपयोग करे।यह 24 घण्टे की सेवा है। इस सेवा के तहत वर्तमान में औसतन 12 मिनट में मधुबनी पुलिस आपकी सहायता के लिए उपलब्ध हो जाती है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2023 से अबतक 1 लाख 90 हजार लीटर देशी-विदेशी शराब जप्त की गई है साथ ही 335 कुख्यात अपराधियो की गिरफ्तारी भी की गई है। उक्त कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त विशाल राज, अपर समाहर्ता नरेश झा,सदर एसडीओ अश्वनी कुमार,डीपीआरओ परिमल कुमार,सिविलसर्जन मधुबनी,ओएसडी अमेत विक्रम बेनामी,डीटीओ मधुबनी,जिला कृषि पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी,सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी,स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं काफी संख्या में आमजनों ने भाग लिया।

जयनगर में इंद्र पूजा का शुभारंभ, फीता काटकर मेला का उद्घाटन

जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)। जयनगर शहर के कमला रोड में विगत लगभग 80 वर्षों से इंद्र पूजा का आयोजन किया जाता रहा है।इसी कड़ी में आज मेला का उद्घघाटन जयनगर के एसडीओ वीरेंद्र कुमार, डीएसपी विप्लव कुमार,मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, ईओ डॉ इंद्र कुमार मंडल,बीडीओ राजीव रंजन,उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि अरविंद तिवारी,राजद के वरिष्ठ नेता प्रदीप प्रभाकर,राजेश सिंह,राजद प्रखंड अध्यक्ष उमेश याडव,जदयू प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार सिंह,कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अनुरंजन सिंह,प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र महतो,अमित यादव,सचिन चौधरी,भाकपा माले के प्रखंड सचिव भूषण सिंह,डॉ सुनील राउत,धर्मेंद्र उर्फ बौआ झा,अमित मांझी,पूजा समिति के संरक्षक अशोक पासवान,शम्भू साह, एवं अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित और फीता काटकर इंद्र मेला का उद्घघाटन किया गया।वहीं, पूजा कमेटी की ओर से अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया।जानकारी देते हुए मुख्य संरक्षक अशोक पासवान ने बताया कि मैं पिछले 35 सालों से पूजा अयोजन करता आ रहा हूँ, आगे भी जयनगरवासियों के सहयोग से यह पूजा और इसमें लगाए जाने वाला मेला लगता रहेगा।इस मौके पर कई लोग मौजूद थे।

बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ के मधेपुरा कालेज मधेपुरा ईकाई की बैठक अब 9 अक्तूबर को

मधेपुरा। बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक- शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ के मधेपुरा कालेज मधेपुरा ईकाई की आवश्यक बैठक अब आगामी 9 अक्टूबर को दिन के 11बजे से होगी।पूर्व में यह बैठक 3 अक्टूबर को निर्धारित की गयी थी। मधेपुरा कालेज मधेपुरा ईकाई अध्यक्ष प्रो.भीम कुमार की अध्यक्षता में बुधवार दिनांक 27 सितम्बर को कॉलेज परिसर में आयोजित बैठक में उक्त निर्णय लिये गये।बैठक में कहा गया कि चूंकि दिनांक 28 सितम्बर से स्थानीय पार्वती साईंस कालेज में बीए पार्ट 2 का कापी मूल्यांकन कार्य शुरू हो रहा है। जिसमें मधेपुरा कालेज मधेपुरा के भी अधिकांश शिक्षक शामिल रहेंगे।ऐसे में 3 अक्टूबर को आयोजित की जाने वाली बैठक में सभी शिक्षकों का उपस्थित रहना संभव नहीं हो सकेगा।बैठक में कमिटी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य सहित शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

सीनियर सिटीजन्स डे पर सदर अस्पताल अररिया में वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जाँच शिविर 1 अक्तूबर को

अररिया। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में दिनांक 01.10.2023 को Senior Citizen's Day के अवसर पर सदर अस्पताल, अररिया में वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जाँच शिविर सह नेत्र जाँच शिविर एवं विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया जायेगा। विधिक जागरूकता शिविर उक्त तिथि को 11:00 बजे पूर्वाहन से सदर अस्पताल, अररिया में आयोजित होगी एवं उक्त शिविर को संबोधित करने हेतु पैनल अधिवक्ता श्री सोहन लाल ठाकुर एवं पारा विधिक स्वयं सेवक, मो० अंजर रिजवान जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया को प्रतिनियुक्त किया गया है। यह जानकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अररिया द्वारा दी गई। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जाँच शिवर सह नेत्र जाँच शिविर हेतु चिकित्सकों की टीम गठित करने का अनुरोध सिविल सर्जन अररिया से किया गया।

तीनों तिथियों पर दोनों पालियों में होगी केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) की परीक्षा

अररिया। केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) (विज्ञापन संख्या 01/2023) के अन्तर्गत बिहार पुलिस संगठन में 'सिपाही' के रिक्त पदों पर चयन/भर्ती हेतु अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा दो पालियों में दिनांक 01.10.2023 (रविवार), 07.10.2023 (शनिवार) एवं 15.10. 2023 (रविवार) को अररिया जिला के 05 परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित की गई है। तीनों तिथियों पर दोनों पालियों के लिए अलग-अलग अभ्यर्थी होंगे एवं प्रश्न-पत्र भी अलग-अलग होंगे। परीक्षा की अवधि 02 घंटे की होगी। इसी कड़ी में आज उप विकास आयोग श्री संजय कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित आत्मन सभा कक्ष में सभी केन्द्राधीक्षक, स्टेटिक दण्डाधिकारी, जोनल दण्डाधिकारी, उड़नदस्ता, पुलिस पदाधिकारी, वरीय कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अररिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अररिया एवं परीक्षा से सम्बद्ध पदाधिकारी के साथ ब्रीफिंग बैठक आहूत की गई है। बैठक में बताया गया कि परीक्षा को लेकर +2 गर्ल्स हाई स्कूल अररिया, +2 हाई स्कूल अररिया अररिया, +2 महात्मा गाँधी स्मारक हाई स्कूल आर०एस०, स्कॉटिश पब्लिक स्कूल रजोखर अररिया, मोहनी देवी मेमोरियल स्कूल अररिया आर०एस० को केंद्र बनाया गया है। परीक्षार्थी को ई-प्रवेश पत्र एवं फोटो पहचान पत्र के बिना किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। मुख्य प्रवेश द्वारा पर ही फ्रिस्किंग उपरांत वैध फोटो पहचान पत्र की जाँच करने के बाद प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। वैध फोटो पहचान पत्र न होने की स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जायेग। मोबाईल फोन/किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को परीक्षा हॉल कक्ष में ले जाना वर्जित है। बैठक में उप विकास आयोग द्वारा परीक्षा से सम्बद्ध सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान केन्द्रीय चयन परिषद के दिशा निर्देशों का अनुपालन हर हाल में सुनिश्चित करें। परीक्षा को लेकर समाहरणालय स्थित आत्मन कक्ष में जिला नियंत्रण कक्ष दूरभाष संख्या 06453-222309 पर कार्यरत रहेगा। नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, अररिया रहेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी अररिया को निर्धारित परीक्षा तिथि लिए सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेद्याज्ञा निर्गत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

मंटू पासवान हत्याकांड में महज बारह घंटे के अंदर पुलिस ने मामले का किया उद्भेदन

अररिया/प्रदीप कुमार झा। मंटू पासवान हत्याकांड में महज बारह घंटे के पुलिस ने अंदर द्वारा मामले का उद्भेदन करते हुए हत्या में प्रयुक्त हथियार व खून से सराबोर कपड़ा समेत घटना को अंजाम देने वाले दो अपराधी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में जो सबसे बड़ी बात निकल कर सामने आई है उसमें यह पता चलता है कि सीमा क्षेत्र के नौनिहाल जिन्हें जिस उम्र में पढ़ना लिखना और खेलना चाहिए वह नशे के आदी होकर अपराधी बनते जा रहे हैं। गौरतलब है कि बिहार में वर्ष 2016 से शराबबंदी है मगर सीमावर्ती क्षेत्र में इस शराबबंदी का कोई असर नहीं दिखता। क्षेत्र में जहां छोटे छोटे बच्चे सनफिक्स आदि के नशा करते दिख जा सकते हैं वही इलाके में गांजा, चरस, अफीम, स्मैक आदि नशा का प्रचलन भी दिन प्रति दिन बढ़ता ही जा रहा है। मंटू हत्याकांड को दूसरी जो सबसे बड़ी बात है वह यह है कि इसमें मृतक मंटू सहित हत्या को अंजाम देने वाले उसके दोनों दोस्त की आयु भी 18 वर्ष से कम बताई जा रही ही। मंटू जहां 15 वर्ष का था वहीं हत्या के नामजद अपराधी उसके दोनों दोस्त में एक की उम्र 17 वर्ष तो दूसरे की उम्र महज 13 वर्ष है। मामले में पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर अररिया जेल भेज दिया है। ओपी अध्यक्ष नंद किशोर नंदन ने बताया कि चूंकि दोनों की आयु अभी 18 वर्ष से कम है इसलिए न्यायालय में हाजिरी उपरांत दोनों को फिलहाल बाल सुधारगृह में रखा जाएगा। बथनाहा पुलिस द्वारा मंटू पासवान हत्याकांड का पटाक्षेप महज 12 घंटे में ही कर लिया गया। पुलिस ने मंटू की मां के बयान के उपरांत हिरासत में लेकर उसके दोनों नाबालिग दोस्त से जब पूछताछ की तो दोनों ने एक एक कर की हत्या कर दिया। हत्या की सारी परते खोल दी। मंटू का हत्यारा उसके दोनों दोस्तों ने कहा कि उसकी हत्या से पूर्व तीनों ने जमकर नशा किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार तीनो सनफिक्स नामक सुलेशन के अलावा गंजा आदि का भी नशा किया करता था। मंटू के दोस्त ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसका गांव के ही किसी लड़की के साथ प्रेम प्रसंग था। जिसकी जानकारी मंटू को लग गई और वह बार बार इस बात को लड़की के पिता को बताने की धमकी उसे दिया करता था। जिससे गुस्सा होकर नशे की हालत में उसने मंटू फटी रह गई थी। धारदार ब्लेड से की गई मंटू की हत्या में उसके दोनों नाबालिग दोस्तों ने धारदार ब्लेड का इस्तेमाल किया था। यह एक सर्जिकल ब्लेड हैं जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।

पुलिस द्वारा 6300 बोतल नेपाली शराब व 32 क्विंटल चावल लदे एक पिकअप वाहन को किया जप्त

अररिया। जिले के विभिन्न थानों में की गई के तहत पुलिस को बड़ी सफ़लता मिली। जानकारी के अनुसार नरपतगंज थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर 6300 बोतल प्रत्येक 300 एम एल नेपाली उमंग शराब के साथ एक पिकअप वाहन को जप्त किया गया वहीं फारबिसगंज थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर तस्करी के 32 क्विंटल चावल लदे एक पिकअप वाहन को जप्त किया गया। बरदाहा ओ0पी0 पुलिस द्वारा बरदाहा ओ0पी0 कांड संख्या 153/23 दिनांक 24/ 9/ 2023 धारा 379/411 भा0द0 वि0 के अभियुक्त खुर्शीद अंसारी पिता कुद्दस अंसारी साकिन कंचना थाना सिकटी जिला अररिया जो चोरी के अन्य कई कांडों का भी वाछित अभियुक्त है को गिरफ्तार किया ।

बैठक कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन नई दिल्ली के सौजन्य से मधेपुरा जिला के विभिन्न प्रखंडों में बाल विवाह को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा

बाल विवाह, मानव ट्रेफिंग, बाल श्रम समेत विभिन्न मुद्दों पर सामाजिक शैक्षणिक कल्याण संघ चौसा कार्यालय में बैठक

चौसा। सामाजिक शैक्षणिक कल्याण संघ चौसा कार्यालय में आज लोक भारती सेवा आश्रम मधेपुरा द्वारा बाल विवाह,मानव ट्रेफिंग, बाल श्रम समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर राजेश कुमार झा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए लोक भारती सेवा आश्रम के सचिव पंचम नारायण सिंह ने कहा कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन नई दिल्ली के सौजन्य से मधेपुरा जिला के विभिन्न प्रखंडों में बाल विवाह को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।जिससे बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण हो सके। उन्होंने बाल विवाह और लैंगिक भेदभाव की रोकथाम को लेकर किये जा रहे कार्यों पर न केवल प्रकाश डाला, बल्कि अभिभावकों और स्वयंसेवी संगठनों द्वारा किये जाने वाले सहयोग पर भी चर्चा की। सामाजिक शैक्षणिक कल्याण संघ के संरक्षक सत्यप्रकाश गुप्ता विदुरजी ने कहा कि बाल विवाह और लैंगिक भेदभाव कानूनन अपराध है और इस पर रोक तभी लगेगी, जब लोग जागरूक होंगे और अपनी जिम्मदारियों को सही तरीके से निभाएंगे। सरकार और कानून के भरोसे हम बाल विवाह और लैंगिक भेदभाव पर रोक नहीं लगा सकते।इसके लिए सबसे बड़ी जरूरत खुद को जागरूक करने के साथ-साथ अभिभावकों और समाज के लोगों को अपनी जिम्मेवारियों को सही तरीके से निभाना होगा।साहित्यकार संजय कुमार सुमन ने कहा कि बाल विवाह के नाम पर आज महिला वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है, वे चाह कर भी कुछ बोलने का सामर्थ्य नहीं उठा पाती है।आज का समाज पहले के मुकाबले बहुत आगे निकल चुका है। ऐसे में पुरानी प्रथा के साथ जीवन यापन करना पूरी तरह से गलत है।इस तरह की शादी से लड़कियों को जीवन भर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। भारत में कानूनी दृष्टि से 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कि कानूनी अपराध है।शिक्षक जवाहर चौधरी ने कहा कि विवाह में अधिक खर्च आता है, जिससे बचने के लिए कई परिवार वाले अपने बच्चों का बाल विवाह कर देते है।बाल विवाह के कारण शिशु मृत्यु दर में भी तेजी देखने को मिलती है, क्योंकि मां का शरीर बच्चे को जन्म देने के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हुआ रहता है।शिक्षक नेता सुबोध कुमार पासवान ने कहा कि बाल विवाह और बाल श्रम गंभीर सामाजिक बुराइयां हैं, जिन्हें दूर किए बिना सशक्त समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। इस चर्चा में लोक भारती सेवा आश्रम मधेपुरा के सचिव पंचम नारायण सिंह, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर राजा बिराट विराट ,डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर राजेश कुमार झा, संघ के संरक्षक सत्यप्रकाश गुप्ता विदुर जी,सचिव सह साहित्यकार संजय कुमार सुमन, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार,प्रोफेसर मनोज कुमार यादव, शिक्षक सुबोध कुमार पासवान, जवाहर चौधरी समेत अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

ख़ास ख़बर

ओपी पुलिस ने तीन शराबी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

सोनू आलम/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल। जिले छातापुर प्रखंड अंतर्गत ललितग्राम ओपी पुलिस ने संध्या गस्ती के दौरान मंगलवार को ओपी क्षेत्र से तीन शराबी को नशे की हालत में गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार शराबी ओपी क्षेत्र के डोडरा निवासी विजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार व राजेश कुमार बताया जा रहा है। जानकारी देते ओपी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि शराब के नशे में धुत्त तीनो युवक को गस्ती के दौरान गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि उक्त पियक्कड़ के विरुद्ध शराब उत्पाद संसोधन एक्ट 2016 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जिसे बुधवार को न्यायिक हिरासत सुपौल भेज दिया गया है।

स्वच्छता को लेकर पंचायत भवन में स्वच्छता कर्मियों के साथ की गई बैठक, दिया गया निर्देश

सोनू आलम/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल। जिले में छातापुर प्रखंड क्षेत्र के भीमपुर पंचायत में बुधवार को मुखिया रंजन कुमार भारती की अध्यक्षता में स्वच्छता कर्मी के साथ एक अहम बैठक आयोजित की गई। जिस बैठक में पंचायत के हर वार्डों में स्वच्छता को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान स्वच्छता कर्मियों को कई दिशा निर्देश भी दिए गए। साथ ही स्वच्छता पर्यवेक्षक के द्वारा पंचायत में स्वच्छता कर्मियों को साफ सफाई को लेकर हो रही परेशानियों को लेकर भी बात की गई। इस मौके पर पंचायत के मुखिया रंजन कुमार भारती ने बताया कि पंचायत में लोहिया स्वच्छता भारत अभियान को सफल बनाने को लेकर बुधवार को स्वच्छता कर्मियों के साथ एक बैठक की गई है। जिस बैठक में स्वच्छता कर्मियों को हर वार्डों में साफ सफाई में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। साथ ही पंचायत को स्वच्छ रखने में सबकी भागेदारी के अहम है। इसके लिए हर वार्ड के प्रतिनिधि एवं आम लोगों से सहयोग की अपील की गई। मौके पर धीरेंद्र राम, बालेश्वर राम, सत्येंद्र कुमार पासवान, अजय कुमार, रिंकी देवी, मंजीत सिंह, ललित नारायण सिंह के अलावे पंचायत के सभी वार्ड सदस्य मौजूद थे।

प्रखंड के पंचायत सरकार भवन में लोहिया स्वच्छ भारत मिशन फेज - 2 के तहद" स्वच्छता" सेवा पखवाड़ा

अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा, सुपौल। जिले के पिपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कटैया माहे के पंचायत सरकार भवन में लोहिया स्वच्छ भारत मिशन फेज - 2 के तहत 15 सितंबर से लेकर 02 अक्टूबर तक "स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़ा मनाया जा रहा है।इस कार्यक्रम के तहत मुखिया रेखा कुमारी की अध्यक्षता में स्वच्छता की पाठ पढ़ाया गया। मुखिया रेखा कुमारी ने पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि एवं स्वच्छता कर्मियों को गांव को संपूर्ण रूप से स्वच्छ बनाने हेतु सरकार के उद्देश्य से अवगत कराया गया और विस्तृत जानकारी दी। कहा कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के प्रथम चरण में सभी को शौचालय की सुलभता उपलब्ध कराते हुए ग्राम पंचायतों को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया था। अब लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज 2 के अंतर्गत सभी गांवों को स्वच्छ एवं समृद्ध गांव बनाना है। इस मौके पर मैं नवीन कुमार, रोजगार सेवक कृष्णभूषण कुमार, प्रखंड स्वच्छता सम्यन्यवक मनोज कुमार राय, स्वच्छता पर्यवेक्षक राहुल रंजन, उप मुखिया ब्रह्मदेव शर्मा, ललन मंडल,राजेन्द्र कुमार, बेचन मंडल,रामलोचन सुतिहार, आदि मौजूद थे।

सिमराही बजार में लहान आंखा अस्पताल का फिता काटकर शुभारंभ करते देवी पुर मुखिया रामचंद्र यादव

संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर राघोपुर, सुपौल। जिले में सिमराही बाजार के हाईस्कूल रोड में बुधवार को लहान आंखा अस्पताल का शुभारंभ देवीपुर पंचायत मुखिया रामचन्द्र यादव ने फीता कटकर किया। इस दौरान पूर्व प्रमुख महेन्द्र गुप्ता, मुख्य अतिथि डॉ उमेश कुमार डॉ राजेश कुमार,डुमरी पंचायत मुखिया डॉ. गजेन्द्र कुमार यादव, फिंगलास पंचायत मुखिया प्रकाश कुमार यादव, शाहपुर पृथ्वीपट्टी पंचायत मुखिया सतीश कुमार पांडेय, विकास कुमार टुनटुन बैजनाथ कुमार रौशन, पूर्व प्रमुख महेन्द्र गुप्ता, निशांत कुमार उर्फ नेहरू यादव शामिल हुए। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आंखों के इलाज के लिए ज्यादातर लोग नेपाल जाते हैं। अब सिमराही बाजार में यह अस्पताल खुलने से सैकड़ों लोगों को लाभ मिलेगा। कहा कि आंखों के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा यहां मरीजों का इलाज किया जाएगा। कम खर्च में लोगों का इलाज होगा। मौके पर जाप प्रदेश उपाध्यक्ष परमेश्वरी सिंह यादव भुवनेश्वर यादव, मनोज कुमार, हेम नारायण यादव, अरूण यादव, ब्रह्मदेव यादव, भुपेंद्र यादव,गजेन्द्र यादव बबलू यादव, कृष्ण कुमार, रमेश यादव, विनय कुमार सिंह, अमित कुमार, बिजेंद्र कुमार यादव, प्रमोद कुमार,आदि मौजूद थे।

बसंतपुर प्रखंड के भगवानपुर पंचायत के पंचायत सरकार भवन में जनसंवाद

अभिषेक आनन्द /दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर,सुपौल। जिले में बिरपूर अनुमंडल अंतर्गत बसंतपुर प्रखंड के भगवानपुर पंचायत के पंचायत सरकार भवन में बुधवार को जन संवाद कार्यक्रम जिला पदाधिकारी सुपौल कौशल कुमार की अध्यक्षता में आयोजन किया गया।सबसे पहले पंचायत के मुखिया और सरपंच के द्वारा जिलाधिकारी और एसपी तथा अन्य पदाधिकारी को पौधा देकर स्वागत किया।जन संवाद कार्यक्रम में सुपौल एसपी शैशव यादव,डीडीसी,एडीएम एवं सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी ने अपने-अपने विभागों से संबंधित योजनाओं की जानकारी आमजनों को दी। जिला पदाधिकारी ने कहा कि लोगों तक सरकार के सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को वास्तविक रूप से जमीन तक पहुंचाने और उनमें आ रही समस्याओं को जानने का जन संवाद एक सशक्त माध्यम है। शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, आपदा प्रबंधन, अल्पसंख्यक कल्याण, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, सहकारिता, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, सामान्य प्रशासन, ग्रामीण कार्य, उद्योग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण एवं जल संसाधन विभाग तथा सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना, बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, हर घर नल का जल सहित सभी महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में संबंधित पदाधिकारी के द्वारा लोगों को बताया गया। जिला पदाधिकारी महोदय ने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम में आमजन से प्राप्त आवेदन,शिकायत,प्रतिक्रियाओं,सुझाव का डॉक्यूमेंटेशन कराते हुए कार्रवाई हेतु कार्य योजना तैयार की जाएगी एवं उसका अनुपालन किया जाएगा। जन संवाद कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा साक्षी कुमारी,आदित्य केशरी,सुकन्या सिंह,ऋषभ वर्मा को कुशल युवा प्रोग्राम सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। वही जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि भगवानपुर पंचायत सरकार भवन जिला में सबसे अच्छा भवन है। जिसके पास इतना बड़ा ग्राउंड है। वही पंचायत सरकार भवन के अंदर में भी सारे काम अच्छे ढंग से हो रहा है।बताया कि सरकार का उद्देश्य हैं कि हर पंचायत में इसी तरह भवन बने।जिसके तहत सारे जनप्रतिनिधियां पंचायत के पदाधिकारी पंचायत सरकार भवन में बैठे और जनता को ब्लॉक में या जिला में दौड़ने की जरूरत नही पड़े।उनका सारा काम पंचायत स्तर पर ही हो जाय।इसी तरह सरकार भवन अभी हर पंचायत में बनाने की योजना है।अगले साल तक प्रत्येक पंचायत में उनका पंचायत सरकार भवन होगा।नवम्बर महीने में हमलोगो को अलॉटमेंट मिलेगा तो हम लोग हर एक पंचायत के चार वार्डो में 40 स्ट्रीट लाइट लगवा देंगे। जिला प्रशासन के द्वारा बआपके बीच सरकार की जितनी योजनाएं हैं।उसका लाभ सुगमता पूर्वक आपको मिले। इसके लिए जिला प्रशासन अगर किसी योजना के लाभ में आपको थोड़ा देरी कर रहा है। कहीं पर कोई अधिकारी नहीं मान रहा है तो सिस्टम बना हुआ है।पहले आरडीओ नहीं मानते हैं तो एसडीएम साहब के पास जाए अगर वहाँ से आपका काम मे देरी होता हैं तो मेरे पास आये।अगर हम नही करेंगे तो हमारे ऊपर कमिशन होता है।उसके ऊपर बिहार सरकार में मुख्यमंत्री साहब बैठते हैं वहां जाइए एक सिस्टम बना हुआ है।अपनी समस्या बताइए।वही किसी दलाल और बिचोलियों के बहकावे में नही आये। वही एसपी सुपौल शैशव यादव ने गृह मंत्रालय की ओर से संचालित योजनाओं की बिस्तर से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 112 नम्बर की 05 गाड़ी जिले में दौड़ रही है।जो आपके एक कॉल पर 20 मिनट के भीतर सहयोग में पहुच जायेगी। उन्होंने कहा कि हर थाने में महिला डेस्क , मैनेजर,02 , टीओपी थाना,हर थाने में अपर थाना अध्यक्ष।फेसबुक एवं ट्विटर पर सुपौल पुलिस एप्प बनाया गया है जिससे सीधे लोग जुड़ सकते है। इससे पूर संवाद कार्यक्रम में अंचल राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, बिजली, कृषि, पेंशन, खाद सुरक्षा आदि के स्टॉल लगाए गए थे।जो कार्यक्रम ख़त्म होने के तुरंत बाद चले गए। मोके पर डीडीसी मुकेश कुमार,एडीएम राशिद कलीम डांसरों, डीएओ अजित यादव,एसडीएम नीरज कुमार, एडीपीओ पंकज कुमार,, बीडीओ बसन्तपुर मनीष भारद्वाज, बीईओ अनिता कुमारी,पीओ राजेश रमन,मुखिया देवेंद्र दास आदि उपस्थित थे।

प्रखंड में दिशा जीविका महिला स्वावलंबी सहकारिता समिति लिमिटेड द्वारा जनसभा का किया गया आयोजन

अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा, सुपौल। जिले में पिपरा प्रखंड क्षेत्र स्तिथ जीविका के अन्तर्गत नई दिशा जिविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड पिपरा द्वारा जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीपीएम कन्हैया सिंह प्रबंधक अधिप्राप्ति रवि शेखर सिंह एसी रानू कुमार नई दिशा सीएल एफ की अध्यक्ष सुधा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिविका बीपीएम कन्हैया सिंह ने बताया कि सीएल एफ के तहत प्रखंड क्षेत्र के पिपरा, रामपुर,व महेशपुर पंचायत में 40 ग्राम संगठन काम कर रही है जिसमें 541 जिविका समूह के 5965 दिदिया जुरी हुई है जिसे बैंक से ऋण के रूप में 6.5 करोड़ रूपए दिए जा चुके हैं। ग्राम संगठन को आई सीएफ 2.25 करोड़ प्राकमि निधि 70 लाख दिया जा चुका है। इस श्रृण से प्राप्त ब्याज लगभग 50 लाख सीएल एफ को प्राप्त हुआ है वर्ष 2022/23 में सीएल एफ का शुद्ध लाभ 7.5 लाख हुआ है। श्री सिंह के द्वारा दिदियो को बताया गया कि अगले वर्ष में इस लाभ को दो गुना करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही इस कार्यक्रम में कैडरों को सम्मानित किया गया जिसमें रुपा कुमारी सीएम, मनोज कुमार बीके,सहिना प्रवीण सीएम, संजू देवी सीएम और अंजलि कुमारी एमबीके शामिल हैं। इसके साथ पांच ग्राम संगठन को भी सम्मिलित किया गया प्रखंड के परियोजना प्रबंधक ने धन्यवाद ज्ञापन देकर कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की। इस आयोजन को सफल बनाने हेतु जिविका के जिला कार्यालय से प्रशिक्षण अधिकारी बलवीर राज एसडी नोडल रविशंकर कुमार और जिविका पिपरा के कर्मी एसी रानू कुमार,निशा भारती,सोनी कुमारी, मंजू कुमारी, शिल्पी कुमारी, शशिरंजन, संजय चौपाल, दीपक कुमार एवं सीएल एस ओबी के सदस्य के साथ अन्य कर्मी एवं केंडर उपस्थित थे। वहीं मंच का संचालन जिविका पिपरा के सामुदायिक समन्वयक पुष्पलता भारती ने किया।

ई होम्स पूर्णियां में 29 सितम्बर से शुरू हो रही पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-6 की तैयारियां अंतिम चरण में

पूर्णियां। ई होम्स पूर्णियां में 29 सितम्बर से शुरू हो रही पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-6 की तैयारियां अंतिम चरण में है। पनोरमा परिवार द्वारा कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए कार्य को तेज कर दिया है। बालक एवं बालिका वर्ग प्रतियोगिता कार्यक्रम को लेकर 29 सितंबर से शुरू हो रही इस अयोजन को लेकर कार्य तालिका को फाइनल टच दे दिया गया है। इस कड़ी में रजिस्टर्ड स्कूल एवं क्लबों के खिलाड़ियों, प्राचार्य महोदय, महोदया, पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों का रेड कारपेट पर स्वागत व अभिनंदन अपराह्न 2:30 बजे ।आदरणीय मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अतिथियों का आगमन - अपराह्न 2:45 बजे । आदरणीय मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अतिथियों का बूके एवं पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतीक चिन्ह से स्वागत अपराह्न 3:00 बजे । विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वागत गान अपराह्न 3:10 बजे स्कॉट गाइड एवं खेल पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों के द्वारा मार्च पास्ट अपराह्न 3:20 बजे । पैनोरमा ग्रुप के प्रबंध निर्देशक श्री संजीव मिश्रा सर के द्वारा स्वागत संबोधन अपराह्न 3:30 बजे । आदरणीय अतिथि विशिष्ट अतिथि एवं आदरणीय मुख्य अतिथि के द्वारा संबोधन अपराह्न 3:45 बजे। राष्ट्रीय गान अपराह्न 4:00 बजे । पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन 6 का विधिवत उद्घाटन आदरणीय मुख्य अतिथि माननीय विशिष्ट अतिथि एवं आदरणीय अतिथियों के कर कमलों से अपराह्न 4:25 बजे एवम फोटो सेशन 4:35 बजे पनोरमा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया एवंजिला स्कूल एकलव्य खेल मैदान में निर्धारित है।

संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया की छात्रा गार्गी प्रियदर्शिनी एवम क्षेमा प्रिया को मिला प्रथम स्थान

अररिया/बेगूसराय । नवोदय विद्यालय समिति की ओर से आयोजित कला उत्सव -2023 संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया के 16 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संकुल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय, बेगूसराय में आयोजित किया गया, जिसमें जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया की छात्रा गार्गी प्रियदर्शिनी ने शास्त्रीय संगीत में प्रथम स्थान और छात्रा क्षेमा प्रिया ने एकल अभिनय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और मीता विश्वास शास्त्रीय नृत्य में, विवेक कुमार ने एकल अभिनय में और जय प्रकाश कुमार ने मूर्तिकला में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपना दबदबा बनाया। विद्यालय परिवार इनकी सफलता से बेहद खुशी जाहिर की और प्राचार्य सुशांत कुमार झा ने सभी प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। आगामी क्षेत्रीय स्तर पर इन सफल प्रतिभागियों को जवाहर नवोदय विद्यालय, समस्तीपुर में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। विद्यालय के कला शिक्षक मूर्तिकार राजेश कुमार ने बताया कि बच्चों में रचनात्मक प्रतिभा की कमी नहीं है, ऐसे अवसर पर उन्हें उचित मंच अपनी प्रतिभा आ सफल प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। संगीत शिक्षिका प्रमिला कुमारी ने बच्चों में संगीत के प्रति रूझान बढ़ाने में पूर्ण मनोयोग से अपना योगदान दिया। सभी बच्चों को मेडल और स्मृति चिन्ह प्रदान किया था।अन्य प्रतिभागियों में किरण राज, प्रियंका,गौरव कुमार,अभिनव पी कृष्णा, निष्ठा प्रियदर्शिनी,हरी नंद, विवेक कुमार, प्रियांशु राज, अशिफा, साल्वी रानी,अंजू कुमारी बादशाह, सानिया अब्बास भी अपनी कला का प्रदर्शन किया।

प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में दीपा ने लहराया परचम हर्ष

कुर्साकांटा/ प्रदीप कुमार झा। फारबिसगंज में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी लाल कुशमी देवी सरस्वती शिशु मंदिर की वर्ग अष्टम की छात्रा बहन दीपा ने ऊंची कूद में प्रांत स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त कर शिक्षकों सहित प्रखंड क्षेत्र का नाम रौशन किया है. बहन दीपा के साबित कर दिखाया है कि हम बेटी भी बेटे से कम नहीं. हमें पंख दो तो हम भी किसी भी क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं. छात्रा को सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य आलोक कुमार, वंदना झा, पूनम शर्मा, चंदन कुमार, देवेंद्र कुमार ,संजीव कुमार, ललन काश्यप, सत्येंद्र कुमार, मुकेश कुमार, धीरेंद्र शुक्ला, दिलखुश कुमारी, सुमित कुमार,राजकुमार सहित स्थानीय प्रणव गुप्ता, देवी लाल साह, दिलीप झा, बिरेंद्र झा, बुद्धिनाथ यादव सहित दर्जनों लोगों ने इस उपलब्धि को लेकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

आमसभा | पंचमुखी जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड रतनपुर प्रांगण में आयोजन

वार्षिक आमसभा 22-23 का किया गया आयोजन

अभिषेक आनंद /दैनिक शुभ भास्कर, बीरपुर, सुपौल। जिले में वीरपुर अनुमंडल के बसंतपुर प्रखंड अंतर्गत रतनपुर पंचायत अंतर्गत पंचमुखी जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड रतनपुर के सभागार में सोमवार को दिन के 11 बजे से वार्षिक आमसभा 2022-2023 का आयोजन किया गया। वही आमसभा का शुरुआत दीप प्रज्वलित करके किया गया । वही पंचमुखी जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड रतनपुर के अध्यक्ष हीरा देवी के द्वारा सभी को संबोधित करते हुए उनके द्वारा पूरे वर्ष का विवरण बताया गया । हीरा देवी ने बताई की पंचमुखी जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड रतनपुर के अंतर्गत कुल 5 पंचायत जिसमें रतनपुर, भगवानपुर, निर्मली, दीनबंदी एवं सातनपट्टी के कुल 38 गांव की दीदी जुड़ी है । इसके अंतर्गत लक्षित गरीब एवं अत्यंत गरीब परिवारों की दीदी को जोड़कर हमारी संस्था में कुल 797 समूह का निर्माण हो चुका है। जिसमें कुल 9515 सदस्यों को शामिल किया जा चुका है।कुल 797 समूह में से कुल 736 समूह का बचत खाता कल खुल चुका है तथा कुल 686 समूह को बैंक द्वारा लिंकेज करवाया जा चुका है। संकुल संघ अंतर्गत कुल 61 ग्राम संगठनों का निर्माण हो चुका है, जिसमें से कुल 55 ग्राम संगठनों को आईसीएफ 54 ग्राम संगठनों को HRF, 43 ग्राम संगठनों को एफएसएफ की राशि दी गई है। संकुल संघ अंतर्गत कुल 170 दीदी को SJY के तहत रोजगार से जोड़ा गया है, जिसके द्वारा अपना व्यवसाय प्रारंभ कर उन्नति कर रही है। दीदी SJY अंतर्गत 51 दीदीया दी गई पूंजी का डेढ़ गुना कर प्रति माह 4000 से 5000 कमा रही है, साथ ही मदद से वह अपने पैर पर खड़ी होकर अपने जीवन को संभाल रही है, संस्था द्वारा भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना NRETP OSF का क्रियान्वयन किया जा रहा है । जिसके द्वारा प्रखंड के 14 पंचायत के 151 व्यवसाय करने वाली दीदी का चयन कर विभिन्न व्यवसाययों से जोड़ा गया है। जिसके संचालन हेतु BDSP एव OSF BK लगाया गया है। इसके साथ पंचमुखी द्वारा खेती-बाड़ी एवं उन्नत कृषि उत्पादन के लिए तकनीकी सहायता हेतु चार वी आर पी कार्यरत है साथ ही CHC संयंत्रो जैसे गेहूं थ्रेसर धान थ्रेसर रीपर बाइंडर एवं रोटावेटर संयंत्र उपलब्ध है जिसे सस्ते किराए पर लगाया जाता है इसके अलावा पंचमुखी द्वारा कुल 7 दीदी का चयन प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण के तहत जोड़ा गया है। वही इस सभागार में उपस्थित आजाद कुमार IBCB सुपौल ,रितु कुमारी बीपीएम बसंतपुर, प्रवीण कुमार जैविक खेती विशेषज्ञ सुपौल, हीरा देवी अध्यक्ष, इंद्रकला देवी सचिव, बबीता देवी कोषाध्यक्ष, गीता देवी BOD, उप सचिव, उर्मिला देवी उपाध्यक्ष, विभा देवी कंचन देवी, शोभा देवी , तेतरी देवी , शकुंती देवी , हीरा देवी , कृष्णा देवी, एवं अविनाश कुमार, सीसी पवन कुमार झां,श्रवण कुमार सन्यासी, AC सुधीर कुमार हजारी, रवि रंजन , रंजीत कुमार, संजीव कुमार, सविता कुमारी, रंजीत कुमार , विजय कुमार, ज्योति कुमारी, अरविंद कुमार, रोशन कुमार ,जयनारायण मेहता अमरेंद्र कुमार, विकास कुमार बसंती कुमारी एवं हजारों की संख्या में दीदी उपस्थित थी ।

ग्राम पंचायत दुबियाही में ठोस एवं तरल अवशिष्ट प्रसंस्करण इकाई की शुरुआत

सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर,किशनपुर,सुपौल। जिले में किसनपुर प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत दुबियाही में बुधवार को लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत ठोस एवं तरल अवशिष्ट प्रबंधन इकाई की शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी राजकुमार चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर किया। इसके अलावा प्रखंड समन्वयक मो इस्लाम,पंचायत के मुखिया रामानंद यादव,पंचायत स्वेक्षता प्रवेक्षक ललन कुमार,वार्ड सदस्य हीरालाल शर्मा के आलवे अन्य ग्रामीण मोजूद थे। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड समन्वयक ने बताया की अब इलाकों में भी वार्ड एवं पंचायत स्तरीय स्वच्छता कर्मी के द्वारा प्रत्येक घर में जा जा कर सूखा कचरा एवं गीला कचरा का उठाव किया जाएगा। जिसमें सूखा कचरा यथा प्लास्टिक को प्रखंड स्तर पर बने हुए प्लास्टिक अवशिष्ट प्रसंस्करण इकाई किशनपुर भेजा जाएगा एवं गीला कचरा को पंचायत स्तर पर ही निस्तारण किया जाएगा गीला कचरा का खाद एवं अन्य उपयोग मैं लाए जाएंगे वही पंचायत स्तरीय स्वेक्षता प्रवेक्षक ललन कुमार ने बताया की मेरे पंचायत में 13 वार्ड हे जिसमे 26 वार्ड कर्मी है। चार पंचायत स्तरीय स्वेक्षता कर्मी है। यहां के ग्रामीणों से भी मेरा निवेदन है की कचरा इधर उधर ना फेंके सभी कचरा को एक जगह इकठ्ठा करके रखें और सुबह होते ही मेरे कर्मी घर घर जाएंगे और कचरा लेने का कार्य करेंगे। क्योंकि साफ सफाई ही जीवन है एक आदमी चाहकर भी सफाई नहीं रख सकते हैं इसमें सभी व्यक्ति का मदद से ही सुंदरता में निखार आएगी। वहीं मौके ग्रामीण रामावतार यादव,अनिल कुंबले यादव,पंकज पोदार,प्रदीप यादव,खट्टर सदा,भूषण राम,मनोज यादव,रामगुलाम मुखिया,संतोष यादव,सुनील पोदार, राजेश कुमार,अर्जुन यादव,रमेश यादव,संतोष ठाकुर इत्यादि लोग मौजूद थे।

ख़ास ख़बर

बिक्रमगंज में पोल एवं तार शिफ्टिंग को लेकर रात्रि 10 बजे से 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह,बिक्रमगंज/रोहतास। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, बिक्रमगंज अंतर्गत एन०एच०-120 द्वारा सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। विदित हो कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान कुछ पोल एवं तार का शिफ्टिंग भी करना अतिआवश्यक है। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि कि नासरीगंज मोड़ से तेंदुनी चौक तक रोड वाइडिंग प्रोजेक्ट चल रहा है जिसके तहत तेंदुनी चौक बिक्रमगंज के पास यूटिलिटी शिफ्टिंग की आवश्यकता है। रोड एलाइनमेंट में 33 केवी लाइन आ रही है, जिसके कारण 28 सितंबर 2023 से 03 अक्टूबर 2023 तक दिन के 10 बजे से 03:00 बजे तक 11 के०वी० एवं 33 के०वी० शटडाउन रहेगा।

जदयू पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि के असामयिक निधन से शोक की लहर

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह,बिक्रमगंज(रोहतास) । नासरीगंज प्रखंड जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि नासरीगंज निवासी मनोज कुमार गुप्ता के असामयिक निधन से पूरे प्रखंड सहित आसपास गांवों में शोक की लहर दौड़ गई है । दुःखद घटना को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि व आसपास के लोग स्वर्गीय गुप्ता के पैतृक आवास पहुंच उनके परिजनों को ढाढ़स बंधाया और इस दुख की घड़ी में एकसाथ खड़ा रहने की बातें कहीं । भाजपा नेता सह मीडिया प्रभारी सद्भावना समिति नासरीगंज के सिकंदर सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय गुप्ता बहुत ही मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व के घनी व्यक्ति थे । उनके असामयिक निधन से उक्त प्रखंड के सभी समाज के लिए अपूर्णीय क्षति हुई है ।

डॉ सुधांशु शेखर भास्करन बनाये गये अंजबीत सिंह महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह,बिक्रमगंज(रोहतास)। उच्च न्यायालय पटना के आदेश के आलोक में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा ने डॉ सुधांशु शेखर भास्करन को अंजबीत सिंह महाविद्यालय बिक्रमगंज का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया है । गौरतलब हो कि अंजबीत सिंह महाविद्यालय बिक्रमगंज के प्रभारी प्राचार्य को लेकर पिछले तीन वर्षों से विवाद चल रहा है । इस विवाद में उक्त महाविद्यालय बिक्रमगंज के जंतु विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सुधांशु शेखर भास्करन ने पटना उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की थी । दायर याचिका सीडब्लूजेसी नं. 16284 /2021 की सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय पटना ने डॉ सुधांशु शेखर भास्करन को उक्त महाविद्यालय बिक्रमगंज का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त करने का आदेश वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा को दिया । न्यायालय के आदेश के आलोक में विश्वविद्यालय ने डॉ सुधांशु शेखर भास्करन को एएस कॉलेज बिक्रमगंज का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया है ।

पिस्तौल दिखा मोटरसाइकिल, मोबाइल, रुपया सहित कागजात ले भागे लुटेरें

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह,बिक्रमगंज/रोहतास। काराकाट थाना क्षेत्र के शहरी गांव के समीप डुमरांव लाइन नहर पर मंगलवार की देर रात करीब चार की संख्या में बुलेट गाड़ी से आए हुए अपराधियों ने पिस्तौल दिखा करके मोटरसाइकिल , बैग ,एंड्राइड मोबाइल रुपय सहित आवश्यक कागज छीन लिया । लुटेरों के द्वारा बोला गया कि अगर हल्ला कीजिएगा तो गोली मार देंगे । दो-दो अपराधियों के हाथों में पिस्टल था अपराधी मुंह को बांधे हुए थे जिस कारण से पहचान में नहीं आ रहे थे । बेलवाई निवासी कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन से हम अपने घर बेलवाई जा रहे थे , बुलेट पर चार लोग मेरा पीछा करने लगे कुछ देर में वह हमसे आगे निकल गए और शहरी गांव के तरफ चले गए जब हम शहरी से आगे निकले तो अपराधियों ने पिस्तौल का भय दिखाकर तथा मुझे मारपीट कर मेरा मोटरसाइकिल मोबाइल और मेरा बैग जिसमें जरूरी कागजात साथ ही साथ 1000 नगर छीन लिया गया । कमलेश कुमार सिंह के द्वारा लूट की घटना के बारे में काराकाट थाना को लिखित आवेदन दिया गया है । लिखित आवेदन में बताया गया है कि मोटर साइकिल से अपने बड़े भाई को हम बिक्रमगंज पहुंचा करके अपने घर बेलवाई आ रहे थे कि रास्ते में पद्मनपुर पुल के बीच आए तो पहले से घात लगाकर बैठे अज्ञात चार अपराधियों ने पिस्तौल दिखा करके मेरा मोटरसाइकिल छीन लिया ।

स्वच्छता पखवारा व आयुष्मान मेला का किया शुभारंभ

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह,बिक्रमगंज(रोहतास) । बुधवार को नगर परिषद बिक्रमगंज में कैंप लगाकर पीएचसी बिक्रमगंज प्रभारी एवं नगर परिषद ईओ के द्वारा स्वच्छता पखवारा और आयुष्मान मेला का शुभारंभ किया गया । जिसका उद्घाटन पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सौरभ प्रकाश एवं नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया । उसके उपरांत मौके पर मौजूद नगर परिषद के अधिकारियों , कर्मियों एवं सफाई कर्मियों को फाइलेरिया की दवा खिलाया गया । मौके पर पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सौरभ प्रकाश , ईओ मनोज कुमार , नगर परिषद के अन्य अधिकारी एवं सफाईकर्मी लोग उपस्थित थे ।

बिक्रमगंज प्रखंड कार्यालय में कर्मियों के साथ किया गया मारपीट

प्दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह,बिक्रमगंज/रोहतास। बुधवार को स्थानीय प्रखंड मुख्यालय पर कार्यालय में घुसकर कर्मियों के साथ मारपीट किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि प्रखंड मुख्यालय पर इससे पूर्व में भी कई बार कर्मियों व अधिकारियों के साथ भी मारपीट किया गया है । विगत कुछ ही दिन पूर्व प्रखंड प्रमुख पर भी जानलेवा हमला करते हुए गोलीबारी किया गया था जिसमे प्रखंड प्रमुख बाल-बाल बचे थे। प्रखंड मुख्यालय पर लगातार घट रही घटनाओं को लेकर प्रखंड मुख्यालय सुर्खियों में है। प्रखंड मुख्यालय के सभी कर्मी दहशत में जीने को मजबूर है, और अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे है। घटना के सम्बंध

में कर्मियों के द्वारा बताया गया कि सभी कर्मी अपने-अपने टेबल पर अपने कार्यालय का कार्य कर रहे थे, इसी बीच उप मुखिया पति मंगरु सिंह के साथ चार-पांच की संख्या में आए हुए अज्ञात लोगों ने बगैर कुछ कहे व बगैर कुछ पूछे एक-एक कर्मियों के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया, जो भी कर्मी बीच-बचाव करने गए उन सभी कर्मियों के साथ भी मारपीट किया गया। इसकी सूचना प्रखंड कर्मियों ने बीडीओ अमित प्रताप सिंह को मोबाइल पर दिया। घटना की सूचना मिलते ही प्रखंड मुख्यालय पर बीडीओ अमित प्रताप सिंह स्थानीय थाना के साथ पहुंचे। जहाँ स्थानीय प्रसाशन प्रखंड कर्मियों से घटना के बारे में जानकारी लिया और बदमाशो के द्वारा नष्ट किए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का भी घूमकर जायजा लिया। प्रखंड कर्मियों का सार्वजनिक रूप से कहना है कि प्रखंड मुख्यालय पर लगातार मारपीट की घटनाएं घट रही है।

मध्य विद्यालय मोहनपुर में प्रधानाध्यापक ने पदभार किया ग्रहण

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह,बिक्रमगंज/रोहतास। बुधवार को काराकाट प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय मोहनपुर में प्रधानाध्यापक के रूप में सुधीर कुमार पांडे ने पदभार ग्रहण किया। आपको बता दे की सुधीर कुमार पांडे स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय मुंजी में लंबे अवधी तक प्रधानाध्यापक के रूप में पदस्थापित होकर शिक्षा जगत में चार चांद लगाने का कार्य किया है। इनके कुशल व्यवहार को लेकर मध्य विद्यालय मुंजी के दर्जनों शिक्षक और सैकड़ो छात्र-छात्राओ की विदाई समारोह में आंखें नम हो गई और भावुक हो गए चुकी किसी भी व्यक्ति के लिए विदाई की घड़ी बहुत ही कठिन और दुखदाई होती है। इस संबंध में मध्य विद्यालय मोहनपुर के नव पदस्थापित प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में शिक्षक की व्यवस्था सुदृढ़ करना मेरा पहली प्राथमिकता है और मेरा आर्थिक प्रयास रहेगा की अपने विद्यालय का

शिक्षा जगत में नाम आगे ले जाएं और नामांकित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया जाए। उक्त अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने नव पदस्थापित प्रधानाध्यापक का फूल माला से भव्य स्वागत किया स्वागत करने वालों में शिक्षक पूर्व प्रधानाध्यापिका गीता कुमारी, कुमार अभिषेक मणि, दीपमाला सिंह, लाल जी सिंह, सुनील सिंह, श्री राम निवास सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, शशि कुमार सिंह, सदाकत हुसैन के अलावे अन्य शिक्षक शिक्षिका के साथ पूर्व मुखिया विनोद सिंह मौजूद रहे।

कचड़ा अपशिष्ठ इकाई के निर्माण स्थल को स्थानांतरित करने की मांग ग्रामीणों ने किया

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता,नासरीगंज(रोहतास) । नासरीगंज प्रखण्ड के डिहरी पंचायत के डिहरी गांव के ग्रामीणों ने निर्माणाधीन ठोस एवं तरल अपशिष्ठ प्रबन्धन इकाई के निर्माण को ले बन रहेठोस अपशिष्ठ प्रसंस्करण इकाई स्थल चयन की गुहार एसडीएम,सीओ व बीडीओ से लगाई। ग्रामीण चितरंजन कुमार,देवानन्द प्रसाद,शशिकांत कुमार,सहिमन अंसारी समेत लगभग दो सौ से अधिक ग्रामीणों ने बताया कि उक्त इकाई का निर्माण घनी आबादी में किया जा रहा है।उक्त इकाई में पूरे पंचायत का कचड़ा एकत्रित होगा जिससे ग्रामीणों में प्रदूषण फैलेगा, स्वच्छता मिशन को सफल बनाना इसका उद्देश्य है लेकिन गांव के बीचों बीच इसका निर्माण उक्त मिशन के विरुद्ध है। ग्रामीणों ने उसकी जगह पुस्तकालय,Lmao अन्य निर्माण करने का सुझव भी दिया है।उक्त निर्माण मुखिया के पहल पर किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में आक्रोष वयाप्त है।ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पंचायत के मुखिया कृष्ण कुमार सिंह के द्वारा उक्त प्रबन्धन इकाई के आस पास 31 डिसमिल सरकारी अनाबाद भूमि पर अतिक्रमण पूर्व से ही किया जा चुका है जिसे अतिक्रमण मुक्त करने को ले 18 जुलाई को डीएम को ग्रामीणों ने आवेदन दे रखा है।

मध्य विद्यालय चिकसिल में उपस्थिति दर्ज कर बगैर सूचना विद्यालय से गायब रहते है शिक्षक

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह,बिक्रमगंज/रोहतास। रोहतास जिले के सरकारी स्कूलों शिक्षा विभाग के अवर सचिव के0 के0 पाठक के आदेशों की जमकर उड़ायी जा रही है धज्जियां। इन दिनों काराकाट प्रखंड में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मोहम्मद कलामुद्दीन अंसारी की मेहरबानी से शिक्षा ब्यवस्था दिन प्रतिदिन पूरी तरह से बदहाल होते जा रही है। बच्चों की कम उपस्थिति तो होती ही है, आज कल शिक्षक भी उपस्थिति दर्ज कर बिना किसी सूचना के विद्यालय से लगातार गायब रहते हैं, लेकिन इसका प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मोहम्मद कलामुद्दीन अंसारी पर कोई असर नही है व पूरी तरह से बेखबर है। ताजा मामला काराकाट प्रखंड क्षेत्र के चिकसिल से है जहां विद्यालय में जांच करने गए काराकाट प्रखंड के बी आर सी बीपीएम नवीन कुमार ने

विद्यालय का जांच किया, तो जांच में पाया कि विद्यालय के एक शिक्षिका एवं एक शिक्षक उपस्थिति पंजी में अपना उपस्थिति दर्ज कर विद्यालय बगैर किसी सूचना के गायब पाए गए हैं । जब काराकाट बीपीएम ने प्रधानाध्यापक मुनीर आलम से पूछा तो अजीबो गरीब जवाब पाया । प्रधानाध्यापक के मुताबिक शिक्षिका एवं शिक्षक लगभग कितने महीना से विद्यालय में उपस्थिति दर्ज कर विद्यालय से बिना बताए चले जाते हैं। प्रधानाध्यापक के मुताबिक उनको जानकारी नहीं दिया जाता है कि किस कारण दोनो जाते है उन्हे कभी इस बात से अवगत नही कराया गया। दोनो शिक्षक एवम शिक्षिका प्रति दिन विद्यालय में उपस्थित पंजी में अपना उपस्थिति दर्ज कर विद्यालय से गायब हो जाते हैं। इस संबंध में प्रधानाध्यापक ने एक लिखित आवेदन बीपीएम को दिया है जिसमें वह विवरण किया है कि शिक्षिका इशरत एवम शिक्षक हीरा साह दोनों विद्यालय के उपस्थिति पंजी में अपना हाजिरी बना करके विद्यालय से प्रतिदिन चले जाते हैं। वही इस मामले में बीपीएम नवीन कुमार ने बताया कि जांच में दोनों शिक्षक एवं शिक्षिका विद्यालय में अनुपस्थित पाए गए है। इसको लेकर काराकाट बीपीएम ने एक लेटर बना करके वरीय पदाधिकारी को घटना से अवगत करा दिया है । तथा विभागीय प्रक्रिया पूरा कर दोनों दोषियों पर नियमानुकूल कार्रवाई करने की अनुशंसा की है। अपको बता दे कि कुछ दिन पहले भी इस विद्यालय से मामला सामने आया था । जिसमे विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुनीर आलम के द्वारा मिड-डे-मील का चावल बेचने का आरोप लगा था। लेकिन अधिकारियों के द्वारा उसे टाल मटोल कर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं किया गया । जिससे आम जनमानस में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने मांग किया कि जो भी दोषी हो उन पर कानूनी कार्रवाई की जाए । बिहार सरकार के आदेश तथा बिहार सरकार के अपर मुख्य सचिव के0 के0 पाठक के आदेश के बावजूद भी अगर शिक्षक मानने को तैयार नहीं है, तो वरीय अधिकारियों को कानूनी हंटर चलाना होगा तब जाकर शिक्षा में गुणवत्ता दिखाई देगी।

प्लंबर के घर छापेमारी में मिला देशी कट्टा एवं कारतूस

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो,सासाराम (रोहतास)। पलंबर के घर की गई छापेमारी:टीम को देखकर भागने का किया प्रयास, पुलिस ने खदेड़कर पकड़ा, एक कट्टा और कारतूस बरामद रोहतास के डालमियानगर ओपी क्षेत्र के न्यू गंगौली सोन नहर के पास स्थित एक मकान से अवैध हथियार व एक कारतूस के साथ एक अपराधकर्मी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। डेहरी की एसडीपीओ विनिता कुमारी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी ।

एक चोर चार मोबाइल के साथ गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो,सासाराम (रोहतास)। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन, अपराध नियंत्रण एवं खोजी दल-गया, अपराध आसूचना शाखा- गया की संयुक्त टीम द्वारा अपराधिक गतिविधि निगरानी के क्रम में समय करीब-17.30 बजे रेलवे स्टेशन डेहरी ऑन सोन के सर्कुलेटिंग एरिया में एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में भागते हुए देखा गया जिसे ड्यूटी में तैनात संयुक्त टीम द्वारा सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित फवारा के पास पकड़ लिया गया ।पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम पता - साकिब खान उम्र 19 वर्ष पिता जाफरउद्दीन खान, ग्राम इसलामगंज वार्ड नंबर 23 ,थाना नगर डेहरी ,जिला रोहतास, बिहार, बताया उससे भागने का कारण पूछा तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिये, संदेह की पुष्टि हेतु उसकी मर्जी के अनुरूप तलाशी लिया गया तो साकिब खान के पास से चार अदद एंड्राइड मोबाइल फोन, , बरामद हुआ, जिसके संबंध में पूछने पर बताया कि सभी मोबाइल ट्रेन में यात्री का चोरी किया हूं जिसका सिम निकाल कर फेंक दिया हूं चोरी किए गए मोबाइल को बेचकर मैं जुआ आदि खेलता हूं ।

जदयू जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष का अंतिम संस्कार हुआ, लोगों ने दो मिनट का मौन रख दी श्रद्धांजलि

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता,नासरीगंज (रोहतास)। नगर के जदयू के जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व नासरीगंज प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता का अंतिम संस्कार स्थानीय नगर के मानिकचंद श्मशान घाट पर बुधवार की सुबह कर दिया गया। उनकी शव यात्रा में वरिष्ठ नेताओं समेत सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया। वहीं दाह संस्कार से पूर्व श्री गुप्ता के असामयिक निधन पर श्मशान घाट पर एक शोक सभा का आयोजन किया। जिसमें पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा, नोखा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी नागेंद्र चंद्रवंशी, प्रदेश महासचिव बबन सिंह कुशवाहा, प्रखण्ड प्रमुख योगेश कुमार, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि शहामुल हक, मोनू साह समेत काफी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता व समाजसेवी शामिल हुए।

नवनिर्मित सड़क का विधायक ने किया लोकार्पण

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह ,आरा भोजपुर। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास निधि से पीरो नगर के मिल्की मुहल्ले में निर्मित पीसीसी सड़क का विधायक सुदामा प्रसाद द्वारा मंगलवार को विधिवत लोकार्पण किया गया। कुल 13,55,590 रूपये की लागत से बनी यह सड़क मिल्की मुहल्ले को बिहियां-बिहटा स्टेट हाइवे-12 से जोड़ती है। इससे पीरो नगर के वार्ड नम्बर 17, वार्ड नंबर 23 व 24 में रहने वाली लगभग पांच हजार की आबादी लाभान्वित होगी। वर्षो पहले अस्तित्व में आई यह सड़क पूरी तरह खस्ताहाल हो गई थी । ऐसे में इस सड़क के पुनर्निर्माण की मांग स्थानीय लोगों द्वारा लम्बे समय से की जा रही थी। नवनिर्मित सड़क के लोकार्पण मौके पर मौजूद जन समूह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि हमारी प्राथमिकता क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की है। इसके लिए मैं व्यक्तिगत रूप से लगातार प्रयासरत हूं। उन्होंने कहा कि एक ओर हम हमारी सरकार आम जनता की समझाएं दूर करने में लगे हैं वहीं दूसरी ओर केंद्र की भाजपा नीत सरकार नित्य नये शगूफे छोड़कर आम लोगों की परेशानी बढा रही है। इस सरकार में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम पर है। देश के प्रधानमंत्री आम जनता की समस्या सुनने व उसके निदान की जगह केवल अपने मन की बात सुना रहे हैं। इस सरकार के पास अपनी उपलब्धि गिनाने के लिए जब कुछ नहीं होता है तो यह जनता का ध्यान भटकाने के लिए कभी मंदिर-मस्जिद तो कभी भारत-पाकिस्तान जैसे भावनात्मक मुद्दे उछाल देते हैं। चुनाव आते ही देश में साम्प्रदायिक तनाव का माहौल कायम किया जाता है ताकि धार्मिक आधार पर लोगों का ध्रुवीकरण किया जा सके। विधायक ने कहा कि देश के लोग धीरे धीरे भाजपा की असलियत से वाकिफ हो रहे हैं। अब लोगों को भाजपा वाले ज्यादा दिन बेवकूफ नहीं बना सकते हैं। लोकार्पण कार्यक्रम में पूर्व विधायक चन्द्रदीप सिंह, मनीर आलम, रबनवाज खान, नेयाज अहमद, तलहा खान सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

बैठक | बिहार सरकार का राजभाषा संग्रहण पर काफी बुरा प्रभाव पड़ रहा है

वाणिज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी भुगतान को लेकर बैठक

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो,सासाराम (रोहतास)। डीआरडीए सभागार समाहरणालय, रोहतास में जीएसटी रजिस्ट्रेशन कैंसल/सस्पेंड होने के बावजूद डीडीओएस द्वारा कार्य संवेदकों/ आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान करने के संबंध में कार्यशाला का आयोजन वाणिज्य कर कार्यालय सासाराम अंचल द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में राज्य कर संयुक्त आयुक्त (अंचल प्रभारी) सासाराम अंचल श्रीहरेन्द्र कुमार मांझी ने सभी डीडीओएस को संबोधित करते हुए कहा कि मार्च 2019 में मुख्य सचिव, बिहार सरकार द्वारा निर्गत पत्र और दिसम्बर 2021 में विकास आयुक्त द्वारा इस संबंध में निर्गत पत्र के बावजूद भी महालेखाकार बिहार, पटना के अंकेक्षण दल के द्वारा कई विभागों में कैंसल/सस्पेंड संवेदकों / आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान संबंधित डीडीओएस द्वारा अभी तक किया जा रहा है। यह बहुत ही चिंता की बात है। इस संबंध में बिहार के सभी

जिलाधिकारी को बिहार सरकार द्वारा पत्र लिखा जा चुका है और इस चिंता से अवगत कराया जा चुका है। गौरतलब है कि वाणिज्य कर मुख्यालय बिहार सरकार द्वारा विडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से इस आशय का पत्र बिहार के सभी जिलाधिकारी को लिखा जा चुका है। इससे बिहार सरकार का राजभाषा संग्रहण पर काफी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इस क्रम में पत्रांक 363, दिनांक 04.09.2023 जिला पदाधिकारी, रोहतास द्वारा एक पत्र भी निर्गत किया गया है, जिसमें यह स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि जो भी डीडीएस स्पष्ट निदेश के बावजूद भी अगर कैंसल /स्सपेंन्ड संवेदकों/ आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान करते हैं तो ऐसे डीडीओएस के विरूद्ध केन्द्रीय /बिहार माल एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के प्रावधानों के अंतर्गत सन्निहित कर की व्यक्तिगत देयता निर्धारित करते हुए संबंधित डीडीओएस के वेतन से वसूल की जाएगी। आज के कार्यशाला में राज्य कर संयुक्त आयुक्त (अंचल प्रभारी) सासाराम अंचल, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सिविल सर्जन, राज्य कर सहायक आयुक्त मनोज कुमार पाल, सन्नी, संतोष कुमार, उमेश कुमार दास ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा डीडीओएस के एक-एक प्रश्न का जवाब दिया गया। इस अवसर पर जिला रोहतास के लगभग 150 डीडीओएस मौजूद थे। अंत में अंचल प्रभारी सासाराम अंचल, श्री हरेन्द्र कुमार मांझी ने सभी डीडीओएस को कहा कि अगर आपलोगों को किसी भी तरह की दिक्कत होती है तो आपलोग मेरे फोन या ऑफिस में आकर अपनी जिज्ञासा का समाधान कर सकते हैं। उन्होने अपना मोबाईल नं० सभी डीडीओ'एस के साथ साझा किया और एकबार फिर सबसे आग्रह किया कि राजस्व हित में इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

दिनारा व भानस पुलिस ने बिजली की तार चोरी करने वाले गिरोह के 4 सदस्य को किया गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह,बबिक्रमगंज/रोहतास। बिजली विभाग के उपभोक्ताओं तथा सिंचाई के लिए बिछाए गए बिजली सप्लाई के तार को काटने वाले गिरोह के 4 सदस्यों को दबोचने में पुलिस को बहुत बड़ी सफलता मिली है। गिरोह के गिरफ्तार सदस्यों के निशानदेही पर 2 बंडल चोरी किए गए बिजली का तार जिसका वजन करीब 1 क्विंटल बरामद किया गया है। क्षेत्र में लगातार बिजली सप्लाई का तार काटे जाने की घटना को रोहतास पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने काफी गम्भीरता से लेते हुए मामले का शीघ्र उदभेदन के लिए पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया था। उक्त निर्देश के आलोक में पुलिस ने वैज्ञानिक एवं पारंपरिक ढंग से अनुसन्धान करना प्रारंभ किया। जांच के क्रम में उक्त घटना में शामिल गिरोह के 4 सदस्यों को चोरी की बिजली के तार के साथ गिरफ्तार करने सफलता मिली है। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस

पदाधिकारी शशि भूषण सिंह ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि दिनारा थाना (भानस थाना) कांड संख्या- 422/ 23 में अज्ञात चोरों द्वारा 22 पोल की बिजली तार दिनारा नहर के कुंड गांव के पास से चोरी करने के संबंध में प्राथमिक दर्ज किया गया था। दिनारा थाना कांड संख्या -443/23 में धरकंधा गांव के बधार में अज्ञात चोरों के द्वारा करीब 31 पोल के बिजली का तार काट कर चुरा ले जाने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। कोचस थाना कांड संख्या- 230 /23 में नावानगर गांव के राइस मिल के समीप से अज्ञात चोरों द्वारा बिजली का तार काट लिए जाने के संबंध मे प्राथमिक की दर्ज किया गया था। उक्त कांड के वैज्ञानिक एवं पारंपरिक ढंग से अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने विकास कुमार उम्र करीब 24 वर्ष पिता ढोढा पासवान, राजू कुमार उम्र 21 वर्ष पिता मलिक पासवान दोनों गौरा निवासी तथा रवि रंजन पासवान उम्र करीब 20 वर्ष पिता अलगू पासवान समहुती निवासी एवं सत्येंद्र पासवान उम्र करीब 41 वर्ष पिता सरदार पासवान दाहिगना दिनारा थाना के निवासी बताए जाते हैं। जिन्होंने उक्त अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। जिन्हें पुलिस ने न्ययालय मे उपस्थापन के लिए भेज दिया। चोर गिरोह के सदस्यों से पुलिस द्वारा कड़ी पूछताछ के क्रम में उसके निशानदेही पर 2 बंडल चोरी का बिजली तार जिसका वजन करीब 1 क्विंटल बरामद किया गया। कांड के उदभेदन मे देवराज राय अंचल निरीक्षक बिक्रमगंज, रौशन कुमार थानाध्यक्ष दिनारा, गुड़िया कुमारी थानाध्यक्ष भानस, जितेंद्र कुमार , मनीष कुमार, कौशल कुमार दिनारा एवं भानस थाना की पुलिस बल शामिल थे। काण्ड उदभेदन में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं बल को पुरस्कृत करने हेतु अनुशंसा भेजा गया है ।

ख़ास ख़बर

प्रखंड मुख्यालय से मोटरसाइकिल की हुई चोरी

कैमुर चांद, शुभ भास्कर। प्रखंड मुख्यालय एवं थाना से 200 मीटर दूरी पर मोटरसाइकिल चोरी की घटना से लोगों में दहशत है। प्रखंड मुख्यालय से कृषि विभाग के कर्मी की मोटरसाइकिल चोरी होने से सनसनी फ़ैल गई।हर दिन के तरह कृषि विभाग में कर्मी काम कर रहे थे। चार बजे के आसपास कृषि विभाग के ऋषि कुमार आत्मा एटीएम की मोटरसाइकिल कार्यालय के गेट पर खड़ी हुई थी। ऋषि कुमार अपने काम में जुटे हुए थे। जानकारी के अनुसार चार बजे के आसपास मोटरसाइकिल पल्सर चोरी हो चुकी थी । बताया जाता है कि बहुत खोजबीन करने के बाद पता नहीं चला तो ऋषि कुमार ने मोटरसाइकिल चोरी होने की थाना पर आवेदन दिया। इस संबंध थाना प्रभारी सचिन कुमार ने कहा बाइक चोरी होने की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। उन्होंने ने कहा पुलिस पता लगाने में जुटी हुई है।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम धनेछा के पासअज्ञात वाहन की चपेट आने से एक की मौत

दुर्गावती सदर, शुभ भास्कर। दिः 26/09/2023 को शाम समय 04:30 बजे एक आज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जिसका नाम बीरेंद्र प्रसाद साह पिता स्व केशनाथ साह ग्राम धनेछा बताया जाता है। अज्ञात वाहन से धक्का लगने बाद बिरेंदर साह को इलाज के लिए ले जाया गया जहां उनकी मृत्यु हो गई। जख्मी होने के उपरांत इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने के बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले अवस्यक कारवाई में जुट गई।

चैनपुर बौरई सिवाना के नाहर में एक अज्ञात युक्ति का शव मिलने से मचा हड़कंप

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता चैनपुर। कैमूर चैनपुर थाना अंतर्गत केवा नाहर से आगे बौरई मुंडेश्वरी मंदिर की ओर जाने वाली नाहर पर किसी अज्ञात युक्ति महिला का शव नाहर किनारे पानी में फेंका हुआ पाया गया है। जहां यह सुबह में भैंस चराने वाले चरवाह ने शव को नाहर में देखा तो सन रह गया और वहां देखते ही इसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में फैल गई देखते ही देखते लोगों की भीड़ लग गई है और लोगों में चर्चा था कि यह दूसरी घटना है यहां इससे पूर्व में भी एक शव को मार कर इसी तरह का फेंक दिया गया था जहा इसकी सूचना चैनपुर थाना अध्यक्ष रणवीर कुमार को मिली तो अध्यक्ष रणवीर कुमार ने तत्काल घटना स्तर पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर भभुआ पोस्टमार्टम करने के लिए ले जाया गया जहां पोस्टमार्टम करा कर अभी शव को 72 घंटा के लिए पुलिस के गिरफ्त में रहेगा यदि मृतक शव का पहिचन नही होने पर पुलिस को अपने ही से दाह संस्कार कर दिया जाता है खबर लिखे जाने तक शव का पहचान नहीं हुआ था इस सम्बंध में संवाददाता से चैनपुर थाना अध्यक्ष रणवीर कुमार से बात हुई लेकिन शव का पहिचान नही हुआ था लेकिन चैनपुर पुलिस इसकी छान बीन में जुटी है।

400 मिली ग्राम हीरोइन बरामदगी में 6 माह कि करवावास एवं 1000 का अर्थ दंड की सजा मिली

भभुआ कैमूर, शुभ भास्कर। दिनांक 27 ,9 ,2023 को आज भभुआ कोर्ट ए डीजे सह विशेष न्यायालय एनडीपीएस एक्ट नम्रता तिवारी की अदालत में भभुआ थाना अंतर्गत ग्राम भैरोपुर निवासी स्वर्गीय श्रीनाथ सिंह के पुत्र बैरिस्टर सिंह को हीरोइन पीने वह बेचने के आरोप में पूर्णता दोषी पाते हुए 6 माह का कारावास एवं साथ में 1000 का अर्थ दंड की सजा सुनाई गई है । एनडीपीएस एक्ट के विशेष लोक अभियोजक मिथिलेश कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि विगत 24 अप्रैल 1998 को मोहनिया थाना द्वारा मोहनिया में अन्य अभियुक्त के साथ बैठकर हीरोइन पीते वह पुलिस के द्वारा उसे उपयुक्त के पास से 400 मिलीग्राम हीरोइन की बरामदा की हुई थी ,इस मामले में आज उनको भभुआ न्यायालय से सजा एवं अर्थ दंड का फैसला सुनाया गया है।

पुलिस ने छापा मार गिरफ्तार कर शराब व्यवसाय को भेजा जेल

कैमुर, कुदरा। पुलिस प्रशासन लगातार शराब माफिया पर नकल कशती जा रही है उसी क्रम में आज कैमूर जिला के कुदरा प्रखंड के कुदरा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर स्थानीय स्टेशन रोड से 63.85 लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम दीपक कुमार बताया गया है जो कुदरा के वार्ड नंबर 8 के शंकर साह का पुत्र बताया गया है। कुदरा थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पुलिस की छापामारी में उसके पास से 8 पीएम ब्रांड के 180 एमएल के 60 पीस, रॉयल स्टैग ब्रांड के 375 एमएल के 22 पीस और ब्लू लाइम देसी शराब के 200 एमएल के 224 पीस बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति को चिकित्सकीय जांच के बाद न्यायालय में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि उसके साथ कुछ अन्य लोग भी थे जो भाग निकले। उनकी भी गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है। बताते समय की शराब के कारोबारी नए-नए हथकंडे अपना आते हैं और इस नए अंदाज में पुलिस भी शराब के कारोबारी को इस अंदाज में पड़कर हवालात में डाल देती है ताकि वह सुधरे।

केंद्रीय चयन पर्षद परीक्षा 2023 की समीक्षात्मक बैठक की गई

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर सदर (कैमूर)। भभुआं समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) आयोजित परीक्षा, 2023 से संबंधित तैयारियों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई । सिपाही भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा-2023 दिनांक- 01/10/2023, 07/10/2023 एवं 15/10/2023 को जिले के कुल-12 परीक्षा केंद्रों(भभुआ अनुमंडल में 12)पर दो पालियों में संपन्न होगी। परीक्षा के लिए केंद्रवार केन्द्राधीक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

सभी परीक्षा केंद्रों पर माइकिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगीः कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन को ध्यान में रखकर प्रत्येक परीक्षा केंद्र के अंदर - बाहर जैमर लगाने का निर्देश दिया गया है । उक्त हेतु आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। संबंधित केंद्र अधीक्षक अपने परीक्षा केंद्र के सभी परीक्षा हाल में परीक्षा की तिथि के 2 दिन पूर्व ही परीक्षार्थियों के बैठने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर सीटिंग अरेंजमेंट, बेंच, डेस्क इत्यादि उपस्करों की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे। स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी को उपांकित कार्यक्रम के अनुसार स्वच्छ कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संचालन हेतु केंद्रवार प्रतिनियुक्ति की गई है। स्वच्छ कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन हेतु सभी परीक्षा केंद्रों पर जोनल एवं उड़न दस्तादल की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा के दौरान निर्धारित परीक्षा तिथियों को सदर अस्पताल ,भभुआ एवं अनुमंडलीय अस्पताल मोहनियां में एंबुलेंस सेवा की प्रतिनियुक्ति सिविल सर्जन द्वारा की जाएगी। सिविल सर्जन द्वारा एंबुलेंस में एक चिकित्सक ,नर्स ड्रेसर एवं आकस्मिक चिकित्सा स्टाफ की प्रतिनियुक्ति सभी आवश्यक एवं जीवन रक्षक दवाओं के साथ की जाएगी। कदाचार मुक्त स्वच्छ वातावरण में परीक्षा कार्य संपन्न कराने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए सभी परीक्षा केंद्र पर निषेधाज्ञा लागू किया जाएगा। इसका उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी परीक्षा केंद्र पर घड़ी ,साफ-सफाई, शौचालय ,पेयजल एवं रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी ,जिला शिक्षा पदाधिकारी , जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी , अनुमंडल पदाधिकारी भभुआ, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, भभुआ/मोहनिया एवं परीक्षा से संबंधित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थिति में की आत्महत्या

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता संवाददाता, कैमूर। जिला के कुदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कदई ग्राम निवासी 25 वर्षीय महिला ने की संदिग्ध परिस्थिति में कीआत्महत्या। शव का अंत्य परीक्षण कराने हेतु सदर अस्पताल भभुआं पहुंचे, मृतक महिला के पिता रोहतास जिला के डेहरी ऑन सोन अन्तर्गत भूसौला धरहरा ग्राम वासी धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि हम अपने लड़की का शादी 2017 में तिलक दहेज देकर बड़े धूमधाम से किए थे फिर मृतक के पति भोला सिंह पिता हीरामन सिंह के द्वारा हमारे लड़की को बार-बार पैसे मांगने हेतु प्रताड़ित किया जाता था। साथ ही उनके द्वारा यह भी आरोप लगाया गया कि भोला सिंह का अपनी भौजाई से अवैध संबंध है, जिसको लेकर हमारे लड़की द्वारा बार-बार मना किया जाता था। मंगलवार की रात्रि लड़की के ससुर घर पर नहीं थे, मौका पाकर लड़की के पति भोला सिंह व उनके भाई भोजाई के द्वारा हमारे लड़की की गला दबाकर हत्या कर दिया गया है। संदर्भ में थाना प्रशासन द्वारा बताया गया कि मामले की जांच किया जा रहा है और मौत की सही कारण अंत्य परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद ही कहां जाएगा

विश्व पर्यटन दिवस को मां मुंडेश्वरी मंदिर परिषद भगवानपुर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम

दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता भभुआ। भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मां मुंडेश्वरी धाम परिषद में बिहार राज्य विधिक प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार कैमूर के आदेशानुसार विश्व पर्यटन दिवस दिनांक 27 9 2023 को मां मुंडेश्वरी परिषद भगवानपुर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों को नालसा स्कीम एवं लोक अदालत के अधिकार तथा उसके फायदे के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। विधिक जागरूकता शिविर को संबोधित ललन प्रसाद पैनल अधिवक्ता अरविंद श्रीवास्तव भगवान जी सिंह द्वारा संबोधित किया गया तथा विस्तृत रूप से उपस्थित लोगों को बताया गया उक्त शिविर में विनीत कुमार स्टेनो नीरज कुमार दीपक सिंह रामप्रवेश ठाकुर संध्या कुमारी के साथ भगवानपुर प्रखंड के विकास पदाधिकारी अंकित मिश्रा थाना अध्यक्ष अनिल प्रसाद बचन सिंह यादव मुखिया प्रतिनिधि रामगढ़ बहादुर राम मुखिया उपेंद्र पांडे सभी लोग उपस्थित रहे।

मोटरसाइकिल हादसे में बाप की शान 15 वर्षीय एक बच्चे की गई जान एक गंभीर रूप से घायल

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर। जिला के कुदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत खरहना पंचायत के स्थित गारा नहर गायघाट गांव के समीप मोटरसाइकिल हादसे में बाप क शान 15 वर्षीय एक बच्चे की गई जान, एक गंभीर रूप से घायल। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के खरहना पंचायत अंतर्गत बहुआरा गांव निवासी 15 वर्षीय रितेश कुमार पिता जनार्दन राम एवं 15 वर्षीय बंधु राम पिता महेंद्र राम दोनों अपने गांव से मोटरसाइकिल पर सवार होकर लहुरबारी की ओर जा रहे थे, मोटरसाइकिल 15 वर्षीय रितेश कुमार के द्वारा चलाया जा रहा था। जैसे ही अपने गांव से कुछ दूर गांव गायघाट गांव के समीप पहुंचने वाले थे, की दूसरी और से आ रही अज्ञात वाहन की वजह से मोटरसाइकिल चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया। जिसकी वजह से मोटरसाइकिल नहर में जा गिरा, जिससे कि चालक रितेश कुमार का मौके पर ही मौत हो गया। वही पीछे बैठे बंधु राम गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आसपास व परिजनों द्वारा मौके पर पहुंचकर इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया। यदि डॉक्टरों की माने तो उसके दाहिने पैर की हड्डी टूट चुकी है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे गजेंद्र कुमार द्वारा शव का पंचनामा कर अंत्य परीक्षण हेतु सदर अस्पताल भभुआं भेजा गया। अगर आज के समय में देखा जाए तो जातिवादी कानून व राजनीति के चक्कर में अपनी शान दिखाने के लिए लोग कानूनों का उल्लंघन करते हुए, अपनी शान दिखाने लगते हैं। की एक नाबालिक के हाथ में कानून के विपरीत होकर कुछ भी करने को राजी होते हैं जिससे एक नाबालिक की गई जान तो एक जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

चैनपुर चंदेश्वरी माता के दरबार में एक दिवसीय सत्यसंग का किया गाय आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता चैनपुर, कैमूर। चैनपुर के मदुरना में मां चंडेश्वरी मंदिर के परिसर में मानव उत्थान सेवा समिति शाखा मदुरना के तत्वाधान में एक दिवसीय सत्संग कार्यक्रम का आयोजन श्री सतपाल जी महाराज के शिष्यों के द्वारा किया गया। जिसमें पूज्य महात्मा अनुभूति बाई जी एवं ईश्वरी बाई जी के द्वारा प्रवचन किया गया। ईश्वरी बाई ने अपने प्रवचन में कहा कि सभी सुख के संसाधन मिलने के बाद भी लोग सुखी क्यों नहीं है,भगवान की भक्ति से साधु संत सुखी है।जिनके पास सभी संसाधन है वैसे लोग दुखी हैं।मनुष्य जीवन अनमोल है अपने आत्मा को 84 में जाने से बचाए।गुरु की वाणी पर आस्था रखते हुए ईश्वर का भजन कीर्तन से जीवन सुखमय हो जाएगा। मौके पर आयोजन समिति में श्याम लाल सिंह, फूलचंद सिंह,राम अवतार सिंह, शुक्ला प्रजापति सहित अन्य लोक शामिल थे।

काराकाट प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमौना व सिकरिया में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना का शुभारंभ

दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास| काराकाट प्रखंड में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज 2 के तहत "सक्षम बिहार स्वावलंबी बिहार" अंतर्गत सात निश्चय - 2 में लक्षित "स्वच्छ गांव - समृद्ध गांव" के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए काराकाट प्रखंड अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष - 2023 -24 में चयनित ग्राम पंचायत सिकरिया और अमौना में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन एसएलडब्ल्यूएम योजना का शुभारंभ काराकाट प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया । उसके उपरांत श्री सिंह अपने संबोधन में आमजन से इस योजना में सार्थक सहयोग हेतु अपील की और सफाई कर्मियों को पूरी तन्मयता से कार्य को करने के लिए कहा ताकि स्वच्छ, सुंदर एवं निर्मल ग्राम पंचायत का निर्माण हो और निर्धारित अवधि में ग्राम पंचायत को ओडीएफ प्लस घोषित किया जा सके । प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह व प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रेणुका कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से ई-रिक्शा एवं पैडल रिक्शा को घर-घर से अपशिष्ट संग्रहण करने हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । मौके पर प्रखंड समन्वयक मो.अशरफ अली , सिकरिया पंचायत मुखिया किरण देवी , अमौना मुखिया सुनैना देवी , प्रतिनिधि, पंचायत सचिव, सिकरिया व अमौना, पंचायत रोजगार सेवक, स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी सहित भारी संख्या में आमलोगों की उपस्थित रही ।

विश्व फर्मासिस्ट दिवस मना

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)। विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर रोहतास जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित कर फार्मासिस्ट दिवस कार्यक्रम मनाया गया ।इस अवसर पर संस्थान के छात्रों ने रैली का आयोजन किया तथा आम लोगों से दवावों का प्रयोग करने एवं अंध विश्वास से दूर रहने की अपील की। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं पोस्टर के माध्यम से भी विश्व फार्मासिस्ट दिवस से संबंधित तथ्यों को रखा गया ।इस अवसर पर छात्रों ने वाद विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया ।विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के प्रचार्य सह अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कुमार ,उपप्राचार्य भुवनेश्वर त्रिपाठी, वरीय प्रोफेसर ललितेश्वर प्रताप सिंह ,सहायक प्राध्यापक संकुल कुमार, वेदांत कुमार ,शशि रंजन, पंकज कुमार, ओम सत्यम, विकास कुमार, अतुल शुक्ला ,राजराजेश्वर ,दीपक कुमार ,विनोद कुमार ,मनीष सिंह, सुरेश तिवारी ,गरिमा त्रिपाठी एवं रानी कुमारी उपस्थित रहे तथा छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

आम सभा प्रखंड विकास अधिकारी अंकित मिश्रा द्वारा इस कंपनी में जुड़े सदस्य को उनके कार्य के लिए सराहा गया

सृजन जीविका महीला किसान प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड का दितीय आम सभा

दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता भभुआ। आज दिनांक 27 9 2023 को प्रखंड भगवानपुर में जीविका परियोजना के अंतर्गत संचालित सृजन जीविका महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का दूसरा आम सभा ब्लॉक परिसर मनरेगा भवन में किया गया। इस आम सभा का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया । इस आम सभा में उपस्थित प्रखंड विकास अधिकारी अंकित मिश्रा द्वारा इस कंपनी में जुड़े सदस्य को उनके कार्य के लिए सराहा गया और भविष्य में कार्य को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया गया । वित्तीय वर्ष 2022-23 में किए गए कार्यों का विस्तृत रूप से जानकारी कंपनी सचिव आशा देवी द्वारा दिया गया। किसान सभा में कंपनी से जुड़े हुए वीडियो को अधिक से अधिक लाभान्वित करने का प्रयास निरंतर किया जा रहा है वर्तमान समय में कल शेयर होल्डरों की संख्या 422 है जिसमें 110 दीदीया आम सभा की बैठक में उपस्थित हुई। समूह की दीरीयो से उचित मूल्य पर धान गेहूं की खरीदारी कर के बाजार में विक्रय किया जाता है आने वाले समय में दलहन और तिलहन की खरीदारी की जाएगी बिजनेस में बढ़ोतरी के लिए धान की प्रोसेसिंग यूनिट लगाने पर भी विचार किया जा रहा है। इस आम सभा में प्रखंड विकास पदाधिकारी भगवानपुर कार्यालय से दिलीप कुमार आशीष तिवारी प्रखंड परियोजना प्रबंधक कंपनी के सीईओ निकिता कुमारी सुमन कुमार सिंह एवं समस्त जीविका कर्मी उपस्थित रहे।

किसान आंदोलन नहीं करेगा तो सरकार किसानों की भूमि औने पौने दाम पर अधिग्रहण कर लेगी

कैमुर चांद। किसान आंदोलन नहीं करेगा सरकार किसानों की भूमि औने पौने दाम पर अधिग्रहण कर लेगी।यह बातें चांद बाजार में भारतीय किसान यूनियन जिला कार्यालय के उद्घाटन समारोह में कही। चांद बाजार में भारतीय किसान यूनियन जिला कार्यालय का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता प्रमुख अनिल सिंह एवं संचालन सुर्यनाथ सिंह ने किया। भारत माला परियोजना एक्सप्रेस-वे निर्माण एवं एन एच 219 बाई पास एवं चौरी करण में अधिग्रहण भूमि में कम मुआवजा को लेकर किसानों में उपजा असंतोष धीरे धीरे आंदोलन का आकार लेता दिखाई पड़ रहा है। किसान आंदोलन में राकेश टिकैत एवं सुधाकर सिंह को शामिल होने से आंदोलन तेज होने लगा है। भारतीय किसान यूनियन जिला कार्यालय चांद बाजार में खोले जाने से किसान आंदोलन को क्रमबद्ध तरीके आगे ले जाने में बहुत मदद मिलेगी। उद्घाटन समारोह में भारतीय किसान यूनियन जिला कार्यालय का फीता काट कर उद्घघाटन किसान नेता सुधाकर सिंह पुर्व कृषि मंत्री सह विधायक रामगढ़ ने किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सुधाकर सिंह ने कहा किसान सजग नहीं हुआ तो सरकार भूमि अधिग्रहण के नाम पर औने पौने दाम पर भूमि अधिग्रहण कर लेगी। उन्होंने ने कहा धीरे धीरे किसानों को मजदूर बनाया जा रहा है। उन्होंने ने कहा दिल्ली फार्म-हाउस में नकली किसान रहते हैं।असली किसान तो खेतों एवं गांवों में रहता है उन्होनें केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा केंद्र सरकार पुजीपतियों के मदद के लिए एक्सप्रेस-वे निर्माण कर रही है। उन्होंने ने कहा सरकार उद्योग पतियों के लिए काम कर रही है पुर्व कृषि मंत्री ने कहा किसानों की आवाज नहीं उठाने वाले एवं किसानों के काम नहीं करने वालों को वोट नहीं देना है। सुधाकर सिंह ने कहा देश में किसानों की आबादी 70 प्रतिशत है। उन्होंने ने कहा नेताओं एवं राजनीतिक दलों ने बड़ी चालाकी से किसानों को जाति पाति एवं धर्म के नाम पर बांट रखा हुआ है। उन्होंने ने कहा उन्हें पता है किसान एकजूट हो जाएगा तो उनकी दुकान बंद हो जाएगी। पुर्व कृषि मंत्री ने उद्घाटन समारोह में किसानों को संबोधित करते हुए नीतीश सरकार पर भी हमला बोला उन्होंने ने कहा सरकार कृषि रोड मैप के नाम पर किसानों को ठगा है। उन्होंने ने कहा 3 लाख 10 हजार करोड़ खर्च करने के बाद बिहार में कृषि उत्पादन कम हुआ है उन्होंने किसानों से आग्रह किया जात पात धर्म भूलकर एक जूट हो जाएं। सुधाकर सिंह ने कहा हम सड़क के बिरोधी नहीं है उन्होंने ने कहा सरकार सड़क निर्माण करे। सुधाकर सिंह ने कहा किसानों को 1करोड 20 प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए। उन्होंने ने कहा आवासीय एवं व्यवसायी भूमि का मुआवजा मानक के अनुसार किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने ने कहा उचित मुआवजा नहीं मिलेगा तो किसान एक्सप्रेस-वे एवं एन एच 219 का चौरी करण बाईपास का निर्माण नहीं होने देंगे। सुधाकर सिंह ने कहा किसान आन्दोलन को मजबूत करने के लिए 8 अक्टूबर को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत भभुआ में आ रहे हैं। उन्होंने ने कहा किसानों की भारी भीड़ राकेश टिकैत में जमा होने चाहिए।

ख़ास ख़बर

पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने शोभा यादव को प्रदेश कार्यकारिणी का सचिव नामित किया

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के नसीरपुर कत्थक गांव निवासी इंजीनियर शोभा यादव को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आदेश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने प्रदेश कार्यकारिणी में सचिव नामित किया। जिससे लोगों में खुशी का लहर है । समाजसेवी श्याम लाल यादव ,अनिल गुप्ता, रंगीला यादव ,निखिल यादव ,उदय यादव, रामअवध यादव लोगों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। समाजसेवी श्याम लाल यादव ने कहा कि शोभा यादव को कार्यकारिणी का सचिव नामित होने से पार्टी काफी मजबूत हुई है।

100% दिव्यांग टीवी रोगी को एक माह से अस्पतालों का काट रहा है चक्कर, नहीं मिला एमडीआर का दवा

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के हरदासपुर कला गांव निवासी अजय कुमार चौबे 100% दिव्यांग साथ ही टीवी के रोगी से ग्रसित है। जिसमें सरकार के निर्देश के बाद टीवी रोगी को निशुल्क दवा देने का हर अस्पतालों का निर्देश दिया गया लेकिन एक माह से एमडीआर की दवा न होने से रोग और बढ़ाने के कगार पर है। इस सिलसिले में दिव्यांग अजय कुमार चौबे ने उच्च अधिकारी को पत्र लिखकर बताया कि एक तरफ डिप्टी सीएम बृजेश पाठक लगातार स्वास्थ्य बेहतर करने के लिए स्वास्थ्य महकमा को निर्देश दे रहे हैं वहीं दूसरी तरफ देखा जाए तो सरकार की निशुल्क मिलने वाली टीवी एमडीआर की दवा 1 महीने से जखनिया सामुदायिक स्वास्थ्य और सदर अस्पताल का चक्कर लगा रहे हैं। चिकित्सा यही बोल रहे हैं कि उच्च अधिकारियों को आप सूचना दें तभी दवा मिल पाएगी।

कार्यक्रम का इस समय होगा इस भवन का उद्घाटन

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर। उपराज्यपाल जम्मू एवं कश्मीर मनोज सिन्हा का दो दिवसीय गृह जिला गाजीपुर भ्रमण का कार्यक्रम दिनांक 28-09-2023 को आयेगे।जिसमें दिनांक 28-09-2023 को समय 10:00 बजे प्रस्थान हाईटेक डाक बंगला और सचिवालय अलीपुर मदरा पहुंचेगे ,और आगमन के पश्चात पंचायत भवन अलीपुर मदरा एवं समय 10:45 बजे से 11:30 बजे तक पंचायत भवन का निरीक्षण एवं उद्घाटन का कार्यक्रम के पश्चात वहां से समय 11:30 बजे प्रस्थान कर माता तेतरा देवी सच्चिदानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज अलीपुर मदरा पहुंचेगे ,जहां 11:40 बजे आगमन कर माता तेतरा देवी सच्चिदानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज में समय 11:40 से 12:40 बजे तक माता तेतरा देवी की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम में प्रतिभाग के पश्चात समय करीब 12:40 बजे प्रस्थान कर ग्राम सभा जखनिया गोविंद थाना 12.50 बजे आगमन कर ग्राम सभा जखनिया गोविंद में 12.50 से 13:10 बजे तक पंचायत भवन/ ग्राम सचिवालय का उद्घाटन कार्यक्रम में प्रतिभाग के पश्चात समय करीब 1.10 बजे प्रस्थान कर ग्राम सभा बरहट थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर हेतु।समय 13:30 बजे आगमन ग्राम सभा बरहट । 1:30 बजे से 2:00 बजे तक पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा भानु प्रताप सिंह के घर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग के पश्चात राजेश राजभर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो पिछड़ा वर्ग मोर्चा के स्वर्गीय पिता जी के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

बीती रात ट्रक से कुचलकर बाइक सवार की दर्दनाक मौत

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे, गाजीपुर। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में बीती रात ट्रक से कुचलकर बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। रौजा तिराहे के पास हुए हादसे के बाद गाजीपुर से जाने वाली सड़क और मोहम्मदाबाद से आने वाली सड़क तथा मऊ की तरफ से आने वाले रोड पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। थोड़ी देर बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए आवागमन सुचारू ढंग से बहाल कराया। वही चंद कदम की दूरी पर स्थित पिकेट पर हादसे के वक्त पुलिस की मौजूदगी न होने से लोगों में आक्रोश भी देखने को मिला। जंगीपुर थाना क्षेत्र के मेहरल्लीपुरपुर निवासी चंद्रशेखर यादव (32) दवा लेने के लिए गाजीपुर आया हुआ था। कोतवाली क्षेत्र के रौजा तिराहे के पास ट्रक से कुचलकर उसकी दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सड़क के गड्ढे के चलते बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई और बाइक चला रहे चंद्रशेखर को सामने से आ रही ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

मुख्तार अंसारी के खिलाफ चल रहे गैंगेस्टर मामले में अगली तारीख 5 अक्टूबर

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, ग़ाज़ीपुर। माफिया मुख्तार अंसारी पर गैंगस्टर के मामले में आज सुनवाई होनी थी, लेकिन न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण अगली तारीख 5 अक्टूबर मुकर्रर की गई है। यह जानकारी देते हुए मुख्तार के शासकीय अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि अगली तारीख 5 अक्टूबर तय की गई है। एमपी/एमएलए कोर्ट में मुख्तार के खिलाफ गैंगस्टर का मामला चल रहा है। मुख्तार पर करंडा थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। इस केस में गैंग चार्ट में कपिल सिंह हत्याकांड और मीर हसन पर हमले का मामला शामिल है। पिछले 17 मई को मीर हसन पर हमले के मामले में मुख्तार अंसारी दोष मुक्त हो चुका है।

कांस संस्था से जुड़कर गरीब वर्ग के लोग को मिला नई मुकाम

दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर। आज दिनांक 22 सितम्बर 2023 को "कासा, लखनऊ" द्वारा "सामाजिक परिदृश्य में युवाओ की भूमिका एवं रणनीति" विषय पर एक "युवा सम्मलेन" का आयोजन किया गया | वाराणसी नगर के सिन्धौरा रोड स्थित "अंजली" सभागार में आयोजितइस युवा सम्मलेन में जनपद गाज़ीपुर, सोनभद्र, वाराणसी और जौनपुर के दलित/वंचित समुदाय के लगभग 150 युवाओ एवं सहयोगी संस्थाओ के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया |सम्मलेन का शुभारम्भ कासा प्रतिनिधि श्री मयंक कुमार द्वारा उपस्थित सभी वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के स्वागतके साथ किया गया | अपने उदबोधन में श्री मयंक जी द्वारा इस युवा सम्मेलन के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि 'इस युवा सम्मेलन का आयोजन समाज की मुख्य धारा से कटे दलित/वंचित समुदाय की युवा शक्ति को उनके अधिकारों एवं उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक कर समाज के विकास की मुख्यधारा में समायोजित करने हेतु उचित दिशा प्रदान करना है|उन्होंने कहा की युवा ही हमारे देश का भविष्य है, और आज की युवा शक्ति में ही वह ताकत है की वह सामाजिक परिवर्तन लाकर समाज में भेदभाव एवं गैरबराबरी का खात्मा कर एवं बाबा साहव अम्बेडकरके सपनों के समतामूलक समाज की स्थापना कर सकती |' युवा सम्मेलन के इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं के रूप में सामाजिक चिन्तक श्री नंदलाल मास्टर जी ने दलित, वंचित समाज की स्थिति एवं चुनौतियों परअपने विचार साझा करते हुए समाज में व्याप्त असमानता एवं उसके कारको पर प्रकाश डाला तथा चुनौतियों के समाधान पर अपने सुझाव प्रस्तुत किये | युवा विषयों के जानकार श्री मोहम्मद मूसा आज़मी ने प्रदेश की युवा नीति, देश की शिक्षा नीतिएवं वर्तमान समाज में युवा की भूमिका एवं जबाबदेही के विषय पर अपनी बात रखते हुए युवाओ के समक्ष वर्तमान युवा नीति, उसके प्रारूप एवं उसकी विशेषताओं को बखूबी प्रस्तुत किया साथ ही युवाओं की उनके समाज के प्रति किस प्रकार की भूमिका होनी चाहिए इस पर भी युवाओ का मार्गदर्शन किया |सम्मेलन के उत्तरोत्तर क्रम में मुक्य वक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्त्ता श्रीमती रंजू सिंह ने युवाओ के नैतिक मूल्य एवं चरित्र निर्माण पर अपने विचार प्रस्तुत कर युवाओ को सही मार्गदर्शन प्रदान किया |साथ ही साथ श्री मनीष कुमार एवं श्री लक्ष्मीकांत तिवारी जी ने युवाओ में स्वरोजगार की भावना जाग्रत कर दलित वंचित समाज के युवाओ को श्रमजीवी से उद्यमिता की और अग्रसर होने हेतु जागरूकता एवं जानकारी प्रदान की | जागरूकता के इसी क्रममें दोनों वक्ताओं द्वारा कौशल विकास कार्यक्रम, स्टार्ट अप इण्डिया, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, युवा उद्यमिता विकास कार्यक्रम,एम्.एस.एम्.ई. तथा एन.आर.एल.एम्. के कार्यक्रमो सहित युवाओ के रोजगार विकास हेतु अन्य उपलब्ध कार्यक्रम एवं योजनाओं पर भी चर्चा कर उनकी विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा रोजगार के क्षेत्र में किये गए विशेष प्रयासों एवं उनके सफल परिणामो के साक्ष्य के रूप में कई लघु उद्यमियों को प्रस्तुत किया, जिन्होंने मंच से अपने सफलता एवं संघर्ष की कहानियो को उपस्थित युवाओ के साथ साझा किया |कार्यक्रमके खुले सत्र में विभिन्न जनपदों से आये युवाओ ने मंच से अपनी बात रखते हुए समाज की मुख्यधारा से पिछड़े युवाओ की रूचि, उनकी आवश्यकताए,उनकी रोजगार की सम्भावनाये एवं उनके लिए उपलब्ध सीमित विकल्पों के साथ-साथ सम्मान एवं पहचान हेतु अपने संघर्ष एवं अनुभवों को सबके सामने रखा | साथ ही साथ प्रत्येक जन संगठन के युवा साथियों ने क्रमवार अपने अपने जन संगठन द्वारा युवाओ के नेतृत्व विकास एवं रोजगार विकास हेतु किये गए प्रयास एवं परिणाम भी साझा किये,और आजीविका एवं नेतृत्व विकास की राह में युवाओ के सम्मुख उपस्थित चुनौतियों एवं युवाओ के सर्वांगीण विकास हेतु जन संगठनो की आगामी रणनीति को भी साझा किया ताकि एकजुट होकर साझी रणनीति के माध्यम से सामूहिक प्रयास किये जा सके | युवाओ के उत्साह वर्धन हेतु आस पास के जनपदों से आये कई सहयोगी संस्थाओं के साथियों ने भी युवाओ की वर्तमान स्थिति एवं भविष्य की रणनीति तथा सर्वांगीण विकास के मुद्दे पर अपने अपने विचार प्रस्तुत किये | कार्यक्रम के अंतिम सत्र में श्री विजय कुमार एवं श्री मनोज कुमार द्वारा सभी युवाओ को विकास के अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु एवं अपने समाज के उत्थान की दिशा प्रसस्त करने हेतु सभी प्रतिभागी युवाओ के साथ सर्वसम्मति से आगामी रणनीति का निर्धारण किया एवं सामूहिक प्रयासों हेतु रुपरेखा तय की गयी तथा छहः माह बाद पुनः किये गए प्रयासों के विश्लेषण एवं रणनीति में आवश्यक परिवर्तन करने हेतु "युवा सम्मलेन" आयोजित करना तय कियागया तत्पश्यात कासा प्रतिनिधि श्रीमती वंदना गुप्ता द्वारा सभी वक्ताओं को, युवाओ के उत्साहवर्धन एवं मार्गदर्शन हेतु साधुवाद दिया गया एवं उपस्थित सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया | इस युवा सम्मलेन में जन ग्रामीण संसथान गाजीपुर से श्रीमती विमला मौर्या, महिला एवं बाल कल्याण उत्थान संस्थान गाजीपुर से श्री नंदलाल भाई, ग्रामीण विकास एवं जन जागरण सेवा समिति से श्री ब्रजेश कुमार, लोक हकदारी मोर्चा उत्तर प्रदेश से श्री लाल बहादुर सहित जनपद गाजीपुर, सोनभद्र, जौनपुर और वाराणसी से श्री मनोज कुमार, श्रीमति आशा जी, श्री परमानन्द सागर, श्री विजय कुमार, सुश्री कंचन,श्रीमती कुसुम, महिला मजदूर संगठन के सदस्य एवं सभी जनपदों के 150 युवा साथियों ने सक्रीय रूप से प्रतिभाग किया |

ऐतिहासिक होगा डाक बंगला और सचिवालय का उद्घाटन

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर। भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के अलीपुर मदरा गांव आप में एक पहचान रखती है गांव की आबादी 16000 के आसपास है गांव दलित बाहुल्य है। गांव में डाक बंगला पूरी तरह से हाईटेक बनाया गया है जहां पर देखा जाए तो ग्राम सचिवालय और डाक बंगला सहित 6 कार्यालय जिसमें एनम,लेखपाल, सचिव,आंगनवाड़ी,प्रधान, स्वास्थ्य कर्मी के लिए पूरी तरह से हाईटेक बनाया गया है। इसके अलावा वीआईपी को बैठने और सोने के लिए चार रूम बनाए गए हैं। एक मीटिंग हॉल सहित हर हालों में शौचालय की व्यवस्था दी गई है।इसके अलावा पार्किंग ,मंच , सुंदरीकरण,यही नहीं दीवारों पर परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद तथा वीर चक्र विजेता शहीद राम उग्रह पांडे व महान विभूतियों का चित्र बनाया गया है।प्रधान प्रतिनिधि सर्वा नंद उर्फ झुना सिंह ने कहा की जिले में एक मिशाल कायम होगी।गांव के समस्त जनता का सहयोग और आशीर्वाद का फल है कि जखनिया के अलीपुर मदरा में डाक बंगला और सचिवालय को हाईटेक बनाया गया है।आज शाम तीन बजे मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य,खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम,खंड शिक्षा अधिकारी निर्लेदु चौधरी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।28सितंबर सुबह दस बजे एलजी मनोज सिन्हा,कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर,गिरीश चंद्र यादव स्वतंत्र प्रभार,रविंद्र जायसवाल का आगमन होगा।इसके बाद जखनिया गोविंद गांव के सचिवालय का उद्घाटन एलजी मनोज सिन्हा जी करेगे।

ज़मानियाँ की बेटी को जज बनने पर अपने गाँव मे दिया सम्मान

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, ग़ाज़ीपुर। ज़मानियाँ क्षेत्र के फुली गाँव निवासी रामावतार यादव की पुत्री डॉ अंजू यादव का जज बनने पर गांव के सम्मनित लोगों ने जबरदस्त स्वागत किया। फुली के एक निजी विद्यालय दिनता स्कूल में पी सी एस जे. में चयन होने के बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गयी थी आज उसी होनहार बेटी का गाँव के लोगों ने सम्मान किया साथ मे उनके पिता जो स्वयं बरेली में थाना प्रभारी के पद पर नियुक्त है और उनके माता के साथ चाचा को सम्मानित किया गया। डॉ अंजू यादव की शिक्षा प्राथमिक से लेकर उच्च स्तर तक लखनऊ से हुई है,उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता -पिता भाई बहन और दादी को दिया उनसे महिला विधेयक के बारे में पूछने पर कहा यह बिल महिलाओं को सशक्तिकरण बनाएगा,अगर माँ बाप का बेटियों को शिक्षा में भेदभाव न करें,अच्छी शिक्षा दे तो आज बेटियों किसी से कम नही हैं। डॉ अंजु पिता के पिता ने कहा मेरी बेटी मुर में पैदा हुई,लेकिन मैंने बीटा,बेटी में कोई भेदभाव नही किया जिसका परिणाम आज आपके पास है।

अभियान | ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित किया गया

बीआरसी मरदह में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत बच्चों ने दी अपनी प्रतिभा का परिचय

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुधाकर पाण्डेय मरदह। उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने,वैज्ञानिक मनोवृति का विकास करने,प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान/गणित एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम संचालित किया जाता है। तत्क्रम में आज ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र मरदह पर आयोजित किया गया। शिक्षा क्षेत्र के समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालय से कुल 240 बच्चों ने प्रतिभाग किया।परीक्षा तीन चरणों में पूर्ण हुई । प्रश्न पत्र में कुल 20 बहुविकल्पीय प्रश्न थे।प्रथम चरण में कल 240 बच्चों के सापेक्ष 34 बच्चों का चयन किया गया। द्वितीय चरण में बहुविकल्पीय तथा लघुउत्तरीय प्रश्न सामिल थे।जो बच्चे प्रथम चरण में क्वालिफाइड हुए वह द्वितीय चरण में प्रतिभाग किया तथा तीसरे चरण में क्विज के माध्यम से कुल 6 बच्चों का जिला स्तर पर प्रतिभागिता के लिए चयन किया गया। जिसमें कंपोजिट विद्यालय मरदह से रीत तमन्ना राव, सौरभ कुमार, कृष्णा कुमार, मधु कुमारी, उच्च प्राथमिक विद्यालय अविसहन से हरिओम मौर्य तथा कंपोजिट विद्यालय गाई से सिद्धि सिंह का चयन जिला स्तर के लिए हुआ है।राष्ट्रीय आविष्कार अभियान परीक्षा में खण्ड शिक्षा अधिकारी मरदह श्री राजीव यादव जी के निर्देशन में सुचिता पूर्वक सुचारु रूप से संपन्न हुई। डायट मेंटर श्री मंजर कमाल जी भी परीक्षा में शामिल थे। परीक्षा की व्यवस्था आभियान के नोडल, विज्ञान एआरपी श्री अश्विनी कुमार गुप्ता जी तथा कंपोजिट विद्यालय मरदह के सहायक अध्यापक श्री रविंद्र मौर्य जी के द्वारा सकुशल कराया गया।

पुलिस अभियान मे स्कूल, कॉलेजों के आसपास घूम रहे युवकों की क्लास लगाई

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानियां। स्कूल-कॉलेजों के बाहर होने वाली छेड़खानी और छींटाकशी की घटनाओं को लेकर पुलिस बुधवार को अभियान चला कर स्कूल, कॉलेजों के आसपास घूम रहे युवकों की क्लास लगाई गई और चेतावनी देकर छोड़ा दिया। जिसे कॉलेज के पास अफरा तफरी मची रही। कोतवाली पुलिस ने दोपहर करीब 1 बजे विकासखंड तिराहे के पास स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के पास घूम रहे युवकों को पकड़कर पूछताछ की। कॉलेज के सामने चाय, पान आदि की दुकानों के बाहर खड़े युवकों को खदेड़ा। दुकानों पर मिले युवकों का वेरीफिकेशन कर छोड़ा गया। गली में घूमते मिले चार युवकों को पकड़कर पूछताछ की गई। वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। जिस पर पुलिस ने उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। इस दौरान दो पहिया वाहनों को रोककर चेकिंग किया गया। वाहन चेकिंग को देख अन्य वाहन चालक मौके से वाहन सहित फरार हो गए। एक मोटरसाइकिल पर तीन सवारी जा रहे वाहन का चालान भी किया गया। वही ऑटो चालको को हिदायत दी कि कोई भी गाने नहीं बजाएगा न ही ऑटो में टेप लगायेगा। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह ने बताया कि शोहदों पर लगाम लगाने के लिए कोचिंग संस्थानों, स्कूलों और कॉलेजों के बाहर क्लास शुरू होने और समाप्त होने के समय पुलिस लगातार नजर बनाए रहती है। इसी क्रम में आज चेकिंग की गई थी। जिसमें कई लोग बिना काम कॉलेज के बाहर पाये गये। जिन्हे चेतावनी दे कर छोड़ दिया गया है। बताया कि पुलिस के कर्मचारी साधे ड्रेस में इन कॉलेज स्कूलों के बाहर मौजूद रहते है ताकि शोहदों पर नजर रखी जा सके। इस मौके पर उपनिरीक्षक रमेश कुमार मौर्य, अरुण कुमार यादव, मोहम्मद शाहिद, कुंदन कुमार गोंड, महिला कांस्टेबल बिंदु, सपना सिंह के साथ आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

छापेमारी से मचा हड़कंप

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के आदेश पर आर0सी0 पाण्डेय सहायक आयुक्त (खाद्य)-प्प् गाजीपुर के निर्देशन में अभियान चलाकर गाजीपुर नगर पालिका परिषद क्षेत्र से कुल 02 नमूना संग्रहित किया गया, जिसका विस्तृत विवरण निम्नवत है- मालगोदाम रोड रोडवेज बस स्टैण्ड, न0पा0प0 गाजीपुर स्थित फर्म मेसर्स ए0एस0 इण्टरप्राईजेज श्री अमित कुमार वर्मा के प्रतिष्ठान से दही शुद्ध ब्राण्ड का 01 नमूना, मिश्रबाजार तिराहा, न0पा0प0 गाजीपुर स्थित श्री संजय गुप्ता के प्रतिष्ठान से पनीर का 01 नमूना, संग्रहित नमूनें खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला, उ0प्र0 प्रेषित किये जा रहें है, जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी। नमूना संग्रह की कार्यवाही आर0पी0 सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी गाजीपुर के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों अवधेश कुमार एवं गोपाल चन्द, की टीम द्वारा की गयी।

जमानियां विधानसभा के निरहु के पूरा से देवल मार्ग गड्ढों में हुआ तब्दील

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मनोज कुमार जमानियां। विधानसभा के निरहु के पूरा सड़क पर जल जमाव से राह चलना हुआ मुश्किल दिलदारनगर देवल मार्ग पर जल जमाव से मौत का राह बन गया है रास्ता ख़राब होने के वजह से हमेशा सड़कों पर पानी भरा रहता है अधिकरियों को कोई फर्क नही पड़ता मुख्यमंत्री का मुक्त प्रदेश अभियान आज वह धरातल पर आते ही दम तोड देती है अगर कोई व्यक्ति दिलदारनगर से देवल होकर जाता है तो इस पानी में से होकर जाना पड़ता है अगर कोई घटना हो जाएं तो कौन जिम्मेदार होगा जबकि ये रास्ता देवल मार्ग से होकर भदौरा तक रास्ता जाता है मुख्य मार्ग पिछले एक दशक से अपनी बदहाली पर आंसु बहा रहे हैं

कंपोजिट विद्यालय गाई के प्राध्यापक में अल्प दृष्टि दिव्यांग बच्ची को ई लार्ज प्रिंट बुक किया वितरित

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुधाकर पाण्डेय मरदह। समेकित शिक्षा के अंतर्गत प्रत्येक परिषदीय विद्यालय में दिव्यांग बच्चों को पढ़ने के लिए राज्य परियोजना के द्वारा दिव्यांग बच्चों को हर तरह के लाभ दिए जाते हैं इसी के क्रम में लो विजन के बच्चे को पढ़ने के लिए ई लार्ज प्रिंट बुक दिया जाता है, जिससे वह बच्चा आसानी से पढ़ सके और लिख सके इसी के क्रम में मरदह ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय गई में विशेष शिक्षक संजय कुमार प्रजापति व नोडल शिक्षक प्रधानाध्यापक श्री वेद प्रकाश पाण्डेय जी के द्वारा कक्षा 3 में अध्यनरत लो विजन के बच्चे नितिन कुमार को ई लार्ज प्रिंट बुक वितरित किया गया। जिससे बच्चा खुश हुआ प्रधानाध्यापक श्री पांडे जी के द्वारा विद्यालय में हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है और अच्छी शिक्षा और अच्छे कार्यक्रमों में अपना योगदान करते हैं ।

प्रधान प्रतिनिधि सर्वानंद सिंह का छात्र जीवन से था राजनीति और समाजसेवा से लगाव

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर। भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के अलीपुर मदरा गांव में खंड विकास अधिकारी से सेवा निवृत रहे सच्चिदानंद सिंह के चार पुत्रों अखिलानंद , सर्वा नंद उर्फ झुना,अटल ,अनुराग में सर्वा नंद उर्फ झुन्ना सिंह ने इंटर भुडकुडा से पास करने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातक के साथ ही सपा एम एल सी अरविंद सिंह के साथ राजनीति में दिलचस्पी दिखाई।उसके बाद प्रयागराज विश्वविद्यालय से पीजी के साथ मंत्री उपेंद्र तिवारी के सानिध्य में रहकर जमकर राजनीति में रुचि रखे।उसके बाद 2015में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सर्वा नंद सिंह की पत्नी वन्दना सिंह को प्रधान पद के लिए आम जनता ने दायित्व सौंपा।जिसमे प्रधान ने गांव में विकास की गंगा बहाई।इसी का नतीजा रहा है कि 2020/21 में पिछड़ा सीट होने से चुनाव नही लड़ने का फैसला लिए लेकिन गांव के सात सौ लोगो ने सर्वा नंद सिंह के घर पर आकर चुनाव किसी को लड़ाने के जिक्र किया जिसमे गांव के सामराजी देवी को प्रधान पद के लिए चुनावी मैदान में उतारे जिसमे ग्रामीणों ने बड़ी फैसला देते हुए भारी मतों से प्रधान बनाया जिसमे सर्वा नंद सिंह प्रधान प्रतिनिधि बनकर गांव समाज का सेवा करते रहे।जिसका परिणाम यह है कि गांव में डाक बंगला और सचिवालय सहित एक से बढ़कर एक ऐतिहासिक धरोहरों से गांव सुसज्जित है।

एक किलो गांजे के साथ शातिर हुआ गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा 1 शातिर अपराधी को 1 किलो 250 ग्राम नाजायज गाँजा के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार जनपद गाजीपुर में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक आज बुधवार को उ0नि0 श्री कृष्ण प्रताप सिंह मय हमराहीगण द्वारा परसा तिराहे पर से साम को मुखबीर की सुचना पर समय एक शातिर अपराधी को 1 किलो 250 ग्राम नाजायज गाँजा के साथ गिरफ्तार किया । पकड़े गए अभियुक्त की पहचान जावेद उर्फ पप्पू पुत्र शमशुल कुरैशी नि0 वार्ड नं0 4 जफरपुरा कस्बा व थाना मु0बाद जनपद गाजीपुर के रूप में हुआ।

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, एयरपोर्ट पर हुआ जोरदार स्वागत

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। पूर्व सांसद और जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा बुधवार को दो द्विवसीय यात्रा के दौरान जम्मू- कश्मीर से अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा वाराणसी पहुंचे, जहां भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुनिल सिंह के नेतृत्व में एयरपोर्ट से बाहर निकलने पर हर हर महादेव के नारे के साथ स्वागत किया गया। मनोज सिन्हा चिर परिचित अंदाज में सबसे कुशल क्षेम पूछते हुए गाजीपुर के लिए चल दिए। गाजीपुर शहर के स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में कालेज एवं भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में बदलते सामाजिक परिवेश के बीच कृषक समाज, स्वामी सहजानंद के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित द्वि-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शामिल हुए।

ख़ास ख़बर

07 नफर वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संवाददाता मो0 अबूबकर,रुदौली अयोध्या । मवई थाना पुलिस ने न्यायालय में ससमय हाजिर न होने पर गिरफ्तारी वारंट जारी करने के बाद सात वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना मवई पुलिस वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चला रही थी तभी उपनिरीक्षक विकास कुमार हेड कांस्टेबल मो0 फारूख खान,हैदर अली,का0रामाश्रय यादव,सन्तोष सरोज,रत्नेश कुमार,अनूप चौधरी, म0का0 उजाला,के साथ मौके पर पहुँच समय से पेशी पर न जाने वाले सात वारंटियों विश्राम पुत्र बाबूराम लोध निवासी द्वारिकापुर ,रजिन्दर पुत्र बाबूलाल निवासी खदरा मजरे कुंडरा ,गौस मोहम्मद पुत्र फकई निवासी पकड़िया गांव,कमलेश पुत्र परशुराम निवासी नेवरा,रामू पुत्र रामप्रताप निवासी तकिया मजरे कुशहरी,असीर पुत्र स्व0 टिल्लू निवासी मवई,निशात खाँ उर्फ गुड्डू पुत्र जब्बाद खाँ निवासी संडवा को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तगणों को जेल भेज दिया गया है ।

75 ग्राम मारफीन के साथ टॉप टेन अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता मो0 अबूबकर,रुदौली अयोध्या । पटरंगा थाने के उपनिरीक्षक रामकरन प्रसाद व अश्वनी सिंह ने मय पुलिस बल क्षेत्र भ्रमण के दौरान बुधवार को मुखविर की सूचना पर शैलेन्द्र मिश्रा पुत्र रामप्रकाश मिश्र निवासी कटघरा मजरे जखौली को अधावन नगर मोड़ पर पकड़ा। पुलिस को तलाशी में इसके पास से नाजायज मारफीन मिला। पुलिस ने शैलेंद्र मिश्र को 75 ग्राम मारफीन के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए शैलेन्द्र मिश्र के खिलाफ थाना मवई, कोतवाली रुदौली, थाना पटरंगा व बाराबंकी जिले के रामसनेही घाट कोतवाली में लूट व चोरी के कई अपराधिक मामले पहले से ही दर्ज हैं। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि मारफीन के साथ पकड़े गए शैलेंद्र मिश्र के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेजा गया है। पुलिस टीम में कांस्टेबल अंकुल कुमार व संजय कुमार भी शामिल रहे।

अवध केसरी सेना के धरने का 14वां दिन भी अनशन रहा जारी

जिला ब्यूरो गोंण्डा शुभ भास्कर,गोण्डा । जिला अधिकारी महोदया को तीन दिन हो गया ज्ञापन दिये हुये अभी भी कुछ जानकारी नहीं है कितना दिन से यहां अवध केसरी सैनिक धरना दे रहे हैं 14 दिनों से अनशन हो रहा है लेकिन जिला अधिकारी महोदया को लगता अभी तक कोई सज्ञान नहीं ली है ऐसी जिला अधिकारी इससे पहले शायद कोई आया हो इनकी मानसिकता इतनी दूषित है की गोंडा जनपद जल रहा है विश्वविद्यालय आंदोलन की आग में लेकिन मैडम को कुछ पता ही नहीं है शायद हो सकता है मृतक आश्रित से प्रमोशन होकर आयी हो अगर उनके अंदर जरा भी मानवता और इंसानियत है और अपने पद पर न्याय करने की क्षमता है तो यहां 14 दिन से अवध केसरी सैनिक गांधी पार्क में धरना दे रहे हैं तीन दिनों से अनशन हो रहा है कम से कम एक डॉक्टर की टीम भेज कर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के सेहत की जानकारी प्राप्त करें। वरना इस्तीफा दे दे कोई जरूरत नहीं है ऐसे जिलाधिकारी का आज के कार्यक्रम में धरना में कई नाम चीन हस्तियां शामिल हुई। जिसमें गोंडा के पूर्व न प अध्यक्ष निर्मल श्रीवास्तव जी ,अखंड सिंह,धोबहा राय, यू एन सिंह जी, सागर चांदीपुर ,फौजी शिव बचन यादव जी,आदि भाइयों का एवम समाज सेबियो का आगमन हुआ।

पुलिस अधीक्षक गोण्डा ने पुलिस लाइन के सभागार कक्ष मे व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ की गोष्ठी

ब्यूरो गोंण्डा शुभ भास्कर , गोंण्डा । पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने आज दिनांक 14.06.2023 को पुलिस लाईन सभागार कक्ष में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमे सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक ने सभी से परिचय प्राप्त कर उनकी समस्याओं के बारे में जाना। जिसमें कुछ पदाधिकारियों द्वारा शहर क्षेत्र के अंदर कुछ स्थानों पर जाम की स्थिति से निपटने के लिए ट्रैफिक व्यवस्था को और सुदृढ़ करने हेतु सुझाव दिया। सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में पुलिस अधीक्षक ने समस्त पदाधिकारियों को सलाह दी कि समस्त दुकानदार अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जिससे किसी भी आपराधिक गतिविधि पर नजर रखी जा सके। पुलिस अधीक्षक ने गोष्ठी के दौरान पदाधिकारियों द्वारा बताई गई समस्याओं का उचित निदान करने का आश्वासन दिया। गोष्ठी में जनपद क्षेत्र के व्यापार मंडल के पदाधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

शुभांकर सोसायटी ने विद्यालय में चलाया जागरूकता अभियान

संवाददाता मो0 अबूबकर,रुदौली अयोध्या । शुभांकर वेल्फेयर सोसायटी एवं मद्य निषेध विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मुमताज़ एजूकेशनल एकेडमी पूरे मलिक रुदौली में नशा उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया।विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता,पोस्टर प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिला मद्य निषेध अधिकारी सन्जना सिंह ने बच्चो को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। सोसायटी के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव ने कहा कि नशा परिवार के साथ- साथ समाज को भी दूषित करता है नशा परिवार एवं समाज के विकास के लिए बाधा बन कर खड़ा रहता है नशा करने वाले परिवार में लोग मानसिक भय से ग्रसित रहते है। आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साहिस्ता कक्षा11,द्वितीय स्थान अनुष्का कक्षा 11,तृतीय स्थान साबरीन खान कक्षा 8,चतुर्थ स्थान जयदीप कक्षा 7, चार्ट प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान उत्कर्ष सिंह कक्षा 12, द्वितीय स्थान अलीजा कक्षा 6,तृतीय स्थानअर्पित कक्षा 7,चतुर्थ स्थान सृष्टि कक्षा 10,भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अम्रतांश मिश्र कक्षा 7,द्वितीय स्थान आंशिक मिश्रा कक्षा 9,तृतीय स्थान प्रीति कक्षा 6,चतुर्थ स्थान अमित कक्षा 7 ने प्राप्त किया।विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद शारिक ने कहा कि शुभांकर वेल्फेयर सोसायटी नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया है वह बहुत ही काबिले तारीफ़ है इसके साथ सोसाइटी पर्यावरण संरक्षण,एवं शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं।इस अवसर पर सोसायटी प्रबंधक रमेश कुमार यादव एवं कोषाध्यक्ष उमा कान्त वर्मा अनुभव वर्मा,उपेन्द्र कुमार विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय श्रीवास्तव, अध्यापक -लियाकतअली,राम प्रसाद, सत्यानाम ,नीतू ,अनीता व तानिया बानो सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के उपलक्ष में मनाई जा रहे सेवा पखवाड़े के निमित्त अनुसूचित बस्ती संपर्क एवं चौपाल कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

जिला ब्यूरो दैनिक शुभ भास्कर, गोण्डा । यह कार्यक्रम आज से 1 अक्टूबर तक भाजपा द्वारा चलाया जाएगा। आज मेहनौन विधानसभा में भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप द्वारा इस अभियान का शुभारंभ किया गया। उनके द्वारा बहलोलपुर मंडल अंतर्गत रुद्रपुर दिखलौल एवं बेनीपुर ग्राम सभा कि अनुचित बस्ती में चौपाल लगाई गई। चौपाल कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप एवं ग्राम वासियों के साथ संवाद स्थापित हुआ। जिला अध्यक्ष द्वारा केंद्र एवं राज्य की सरकारों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी चौपाल के माध्यम से लोगों को दी गई। आज चौपाल कार्यक्रम में जिला मंत्री विनय शर्मा जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा मंडल अध्यक्ष बहलोलपुर रवि प्रकाश तिवारी प्रधान दिखलाउल काशीराम चौधरी रामचल गौतम प्रदीप गौतम अनिल कुमार ननके भारती महेंद्र गौतम धर्मराज देवी दिन गुरु प्रसाद रामू चौधरी नानू प्रसाद ठाकुर प्रसाद आसाराम इत्यादि बीजेपी कार्यकर्ता सहित ग्रामवासी चौपाल में उपस्थित रहे ।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गोण्डा में मनाया गया साइबर जागरूकता दिवस

ब्यूरो गोंण्डा शुभ भास्कर ,गोंण्डा । पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के आदेश में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप आम जनमानस में साइबर अपराध से बचाव हेतु ''साइबर जागरूकता दिवस'' पर जनपद गोण्डा में थानों के साइबर नोडल उ0नि0 एवं प्रशिक्षित कर्मियों के सहयोग से जनपद के समस्त थाना क्षेत्र में स्थित शिक्षण संस्थानों में cyber Awareness का सेमीनार आयोजित कर cyber Awareness से सम्बन्धित पम्पलेट, पोस्टर का प्रयोग कर आम जनमानस में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल एवं टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर 1930 के बारे अवगत कराते हुए साइबर जागरूकता दिवस मनाया गया। इबर अपराध जैसे इन्टरनेट बैंकिंग, एटीएम कार्ड/डेविड कार्ड/क्रेडित, ओलेक्स फ्राड, वालेट/यूपीआई सम्बन्धित धोखाधड़ी में सावधानियां, व्हाट्एप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइड से होने वाले फ्राड के सम्बन्ध में सावधानियां, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हास्टएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप होने के सम्बन्ध में बचाव के तरीके एवं साइबर अपराध घटित होने पर थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क/हेल्पलाइन नम्बर/ वेबसाइड पर शिकायत दर्ज के सम्बन्ध में व अपराध होने पर पुलिस किस प्रकार उनकी मदद कर सकती है।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा, पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को धूमधाम से मनाया गया

जिला ब्यूरो शुभ भास्कर , गोंडा । जनपद गोंडा के भाजपाइयों ने अपने सभी 452 शक्ति केन्द्रो पर कार्यक्रम आयोजित किया। सभी कार्यक्रमों में जिला पदाधिकारी प्रदेश पदाधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों ने शिरकत किया। भाजपा जिला कार्यालय पर दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें याद कर पुष्प अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर वक्ताओं द्वारा उनके जीवन वित्त पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों का अनुसरण करने की अपील की गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद करते हुए जिला अध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप ने कहा कि उनका जीवन सदैव समाज सेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की चिंता की। पूर्व मंत्री विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा जिले के नगला चंद्रभान नामक गांव में हुआ था हम सभी उनके जन्मदिन को अंतोदय दिवस के रूप में मनाते हैं। प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्टर पुष्कर मिश्रा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का कहना था कि अवसरवाद की राजनीति के प्रति लोगों का विश्वास खत्म होता जा रहा है। अपने राष्ट्र की पहचान को भूलना भारत की प्रमुख समस्याओं का मूलभूत कारण है। बिना राष्ट्रीय पहचान के स्वतंत्रता की कल्पना व्यर्थ है। विधायक प्रभात वर्मा ने बताया कि पंडित जी का विचार और सिद्धांत दोनों ही राष्ट्र को समर्पित थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अनुसार नैतिकता सिद्धांत किसी व्यक्ति द्वारा नहीं बनाए जाते बल्कि खोजे जाते हैं। उनकी इस विचारधारा का आज के दौर में अनुसरण करना होगा यही पंडित दीनदयाल उपाध्याय के लिए हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती अभियान के संयोजक एवं जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा पट्टू ने बताया कि तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडे करनैलगंज विधायक अजय कुमार सिंह मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी मुन्ना भैया भाजपा महामंत्री राकेश तिवारी आशीष त्रिपाठी जसवंत लाल सोनकर जिला उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल अनुपम प्रकाश मिश्रा संदीप पांडे सहित तमाम पदाधिकारी द्वारा आज गरीबों एवं दलितों की आवाज राष्ट्रवादी नेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 160वीं जयंती पर विभिन्न शक्ति केन्द्रो पर जाना हुआ। सभी शक्ति केन्द्रो पर कार्यकर्ता पदाधिकारी द्वारा उनके चित्र के समक्ष पुष्पर्चन कर उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि प्रदान की गई।

बलवा कर जानलेवा हमला करने का आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार

जिला ब्यूरो दैनिक शुभ भास्कर ,गोंण्डा । पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षो को दिए थे।उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कटराबाजार पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर बलवा कर जानलेवा हमला करने का आरोपी अभियुक्त सत्यप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया गया है उक्त अभियुक्त ने वादी के भाई को अपने सहयोगियों के साथ एक राय होकर जान मारने की नियत से गोली फायर कर दिया था। जिससे वादी के भाई घायल होकर गिर गिया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कटराबाजार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

गोण्डा में गांधी जयंती को लेकर डीएम ने की बैठक

जिला ब्यूरो दैनिक शुभ भास्कर ,गोण्डा । में दो अक्टूबर को गांधी जयन्ती को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराये जाने को लेकर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। जिसको लेकर डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम नेहा शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। बताया कि 2 अक्टूबर गांधी जयन्ती समारोह को सादगी एवं सम्मानपूर्वक आयोजित किया जायेगा। एक अक्टूबर को सभी सरकारी भवनों, चौराहों पर लगे मूर्तियों एवं स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के स्तम्भों की साफ-सफाई कराये जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा विशेष अभियान चलाकर नगर पालिका/नगर पंचायत/ग्राम पंचायत में सफाई कराया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की गांधी जयंती के अवसर पर भी कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर वृक्षारोपण, फल वितरण, मलिन बस्तियों में साफ सफाई, चरखा प्रदर्शनी आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। डीएम ने बताया कि दो अक्टूबर को कार्यालयों, विद्यालयों तथा अन्य संस्थानों के हाल में विभागाध्यक्ष द्वारा महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया जायेगा। उनके जीवन से सम्बन्धित जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के सम्बन्ध में जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कहा सभी सरकारी कार्यालयों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई रखी जाये। गांधी जी के स्वच्छता के संदेश को सभी कार्यालयों में लागू किया जाये। समस्त उपजिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी एंव समस्त जिला स्तरीय अधिकारी गण अपने-अपने कार्यालयों के साफ-सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करायेंगे। सभी अधिकारी और कर्मचारी लेंगे स्वच्छ भारत की शपथ जिलाधिकारी ने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर सभी कार्यालयों में अधिकारी और कर्मचारी स्वच्छ भारत की शपथ लें। सभी कर्मचारी कार्यालय के साथ साथ जिले को स्वच्छ बनायेंगे। स्वच्छ भारत बनाने में अपना सहयोग करेंगे। बैठक के दौरान जिला स्वच्छता समिति के द्वारा स्वच्छ भारत की शपथ ली गयी।

डीएम ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर दिये आवश्यक निर्देश

जिला ब्यूरो गोंण्डा शुभ भास्कर, गोंण्डा । बुधवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ समिति की बैठक की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे सभी कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में बचे हुये आशाओं के रिक्त पदों पर आवेदन प्राप्त करके भर्ती प्रक्रिया पूरी कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को कार्यक्रमों के लिए आने वाले बजट को समय से खर्च करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा है कि यदि किसी कार्यक्रम हेतु आवंटित बजट को खर्च नहीं किया गया तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। बैठक में जिला अस्पताल व अन्य सभी अस्पतालों से बायोमेडिकल वेस्ट रिसीव करने वाली संस्था को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यों में सुधार लाये जाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही सीएचओ के द्वारा किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर कार्यों / फीडिंग में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि स्वास्थ्य विभाग में संचालित सभी योजनाओं में अच्छी प्रगति लाने के निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एम.अरुन्मोली, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीएमएस जिला अस्पताल, सीएमएस जिला महिला अस्पताल, परियोजना निदेशक डीआरडीए, एसीएमओ, डीएसओ, डीपीआरओ, डॉक्टर आरपी सिंह, डॉक्टर शेषनाथ सिंह यूनिसेफ, सहायक शोध अधिकारी, समस्त सीएचसी अधीक्षक, डीपीएम अमरनाथ सहित सभी विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

रैली युवा पर्यटन क्लब की स्थापना का उद्देश्य भारतीय पर्यटन के प्रति युवा प्रतिनिधियों का विकास करना है

विश्व पर्यावरण दिवस पर सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा रैली व बस को किया रवाना

ब्यूरो गोंण्डा दैनिक शुभ भास्कर ,गोंण्डा ।बुधवार को विश्व पर्यटन दिवस" के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एम. अरुन्मोली ने कलेक्ट्रेट परिसर से यात्रा रैली व बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद गोण्डा द्वारा जनपद में राजकीय कालेजों में गठित" युवा पर्यटन क्लब " के सदस्यों को धार्मिक पर्यटन स्थल स्वामी नारायण मंदिर छपिया का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। युवा पर्यटन क्लब की स्थापना का उद्देश्य भारतीय पर्यटन के प्रति युवा प्रतिनिधियों का विकास करना है जिनके द्वारा विचार शब्द और कार्य के माध्यम से भारत की संस्कृति की विरासत को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जो सतत विकास के अनुरूप हो।उन्होंने बताया है कि पर्यटन क्लब देश में जिम्मेदार और सतत पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य कल के नागरिकों को बुनियादी स्तर पर शिक्षित करना है, पर्यटन आर्थिक सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों से संबंधित विषयों को विकसित करने में मदद करता है,। इस प्रकार नकारात्मक प्रभाव को कम करने के लिए महत्वपूर्ण है। आने वाले भविष्य में यह सभी छात्र पर्यटन क्षेत्र के उत्थान व विकास में भागीदार होंगे जनपद में पर्यटन की संभावनाओं से परिपूर्ण अनेक स्थल हैं, स्वामीनारायण छपिया धार्मिक केंद्र की संभावनाओं से परिपूर्ण जनपद का महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है। इस भ्रमण कार्यक्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं राजकीय इंटर कॉलेज तथा एलबीएस डिग्री कॉलेज गोंडा के 30 छात्र–छात्राओं एवं प्रति विद्यालय दो नोडल शिक्षक एवं दो सहायकों का चयन किया गया है। युवा पर्यटन क्लब के छात्र–छात्राओं ने स्वामी नारायन मंदिर छपिया का दर्शन किया। उपस्थित शिक्षकों द्वारा प्रसिद्ध मंदिर से संबंधित जानकारी प्रदान की गई इस अवसर पर प्राचार्य लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय गोंडा रविंद्र कुमार पांडेय, सहायक पर्यटन अधिकारी वंदना पांडेय, क्लब नोडल रेखा शर्मा सहित सभी लोग उपस्थित रहे।

जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर गिरी गाज, 6 अधिकारियों को नोटिस जारी

ब्यूरो गोंण्डा दैनिक शुभ भास्कर ,गोंण्डा । जिलाधिकारी नेहा शर्मा के सख्त निर्देशों के बाद भी जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही छह अधिकारियों को भारी पड़ गई। नाराज जिलाधिकारी ने सभी छह अधिकारियों को नोटिस थमा दिया है। इनमें, जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधीक्षण अभियन्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी शामिल हैं। जिलाधिकारी ने सभी को सख्त चेतावनी देते हुए ग्राम चौपाल में प्राप्त जन शिकायतों के निस्तारण के संबंध में आख्या मांगी है। तीन दिन का समय दिया गया है। निर्धारित समयसीमा के भीतर आख्या उपलब्ध न कराए जाने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने कहा है कि जनशिकायतों पर चलताऊ टिप्पणी या रिपोर्ट मंगाने की प्रवृत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही,

अधिकारी का नाम	लम्बित शिकायतें
1.जिला पंचायत राज अधिकारी	14
2.अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, गोण्डा	28
3.जिला विद्यालय निरीक्षक	05
4.मुख्य चिकित्सा अधिकारी	10
5.जिला कार्यक्रम अधिकारी	08
6.जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी	06

शिकायतकर्ताओं का पूरा विवरण भी दर्ज किया जाए, जिससे जरूरत पड़ने पर उनका फीडबैक लिया जा सके। उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इसमें, किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। यह सभी के लिए यह अन्तिम चेतावनी है। इसके बाद भी निस्तारण सुनिश्चित न होने पर वेतन रोकने के साथ-साथ शासकीय दायित्व के निर्वाहन में लापरवाही व निर्देशों की अनदेखी के दृष्टिगत संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही हेतु शासन को संस्तुति प्रेषित की जाएगी। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बीती 12 जून को गोण्डा जिले की कमान संभाली थी। उनके द्वारा 20 जून को ग्राम चौपाल की शुरुआत की गई। अगस्त तक सभी 16 विकासखण्डों के 96 ग्रामों में ग्राम चौपाल आयोजित की गई। प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और शुक्रवार को चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं ग्रामों में पहुंचकर शिकायतों की सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए। एक-एक शिकायत पर है डीएम की नजर ग्राम चौपाल में प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी स्वयं एक-एक शिकायत पर नजर रखे हुए हैं। प्रतिदिन इनकी समीक्षा की जा रही है। इस दौरान कई बार कहने के बावजूद कुछ अधिकारियों के स्तर पर शिकायतों के निस्तारण के संबंध में आख्या नहीं उपलब्ध कराई जा रही है। बता दें, पूर्व में भी जिलाधिकारी के स्तर पर ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, लोक निर्माण विभाग और बिजली विभाग को विशेष रुप से नोटिस भी जारी किया गया था।

खास ख़बर

सड़क दुर्घटना दो लोग हुए घायल

नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा। क्षेत्र के चौखड़िया गाँव के पास ढेमवा हाइवे मार्ग पर सुबह 11 बजे ई रिक्शा व बाइक की टक्कर से 2 लोग घायल हो गए. स्थानीय लोगो की मदृत से उन्हें सीएचसी नवाबगंज पहुँचाया गया. बुधवार को ग्राम दत्तनगर निवासी अजय सिंह व निखिल एक ही मोटर साईकिल से नवाबगंज से घर की तरफ जा रहे थे. चौखड़िया गाँव के मजरे मुरावन पुरवा के पास ढेमवा मार्ग पर आगे जा रहे ई रिक्शा चालक ने रिक्शा दाहिनी तड़फ मोड़ दिया. मोटर साईकिल सवार ई रिक्शा से टकरा गए. और गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगो ने उन्हें समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया. जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया. वही परिजनों ने बताया की अजय सिंह हालत ठीक नहीं है नाक से खून आ रहा है. उन्हें इलाज के लिए अयोध्या ले जाया जा रहा है.

बच्चों को दिलाई गई शपथ

दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला /जामताड़ा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभागीय निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान 2023 के तहत दिनांक 15 सितंबर से 02 अक्तूबर 2023 जल सहिया अपने अपने ग्रामों में स्वच्छता कार्यक्रम, आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन, मंदिर, मस्जिद, माझीथान एवं गिरजा घर आदि में साफ सफाई तथा स्कूली बच्चों का स्वच्छता रैली निकालकर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम करने का तथा डेंगू विमारी से बचाव एवं सचेत रहने का निर्देश दिया गया। इसी संदर्भ में विभिन्न विद्यालयों तथा संस्थाओं में स्वच्छता एवं शपथ पाठ कार्यक्रम किया गया। पर जलसहिया के द्वारा बच्चों को स्वच्छता शपथ पाठ कराया गया। इस क्रम में राज्यकीय मध्य विद्यालय कुलडंगाल में शिक्षकों के सहयोग से सभी छात्र एवं छात्रा को जल सहिया, प्रखंड समन्वयक कृष्ण दे की उपस्थिति में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता शपथ पाठ कराया गया।इस अवसर पर IAS गौरब कुमार झा, जल सहिया बंसती भारती, ब्यूटी मंडल , आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

अनवर अंसारी बने जिला अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। जामताड़ा के युवा नेता सह पियालसोला पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अनवर अंसारी को जामताड़ा के नए कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी है। अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी एवं प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने जामताड़ा जिला अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष के रूप में अनवर अंसारी को नियुक्त किया है। इसके लिए अनवर अंसारी ने सोनिया गांधी,राहुल गांधी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी अल्पसंख्यक के मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी के प्रति आभार प्रकट किया है। नवनियुक्त अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष जिला अध्यक्ष अनवर अंसारी ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है,उसे पूरी ईमानदारी व मेहनत से निभाने का पूरा प्रयास रहेगा।

पकुड़िया में जिप अध्यक्ष तथा जिप सदस्य ने संयुक्त रूप से पीसीसी पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला /जामताड़ा। पकुड़िया पंचायत के पकुड़िया गांव में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास जिला परिषद अध्यक्ष राधारानी सोरेन तथा जिला परिषद सदस्य सुनम सोरेन ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काटकर तथा शीलापट का अनावरण कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गांव के लोग उक्त सड़क के निर्माण का मांग काफी लंबे समय से कर रहे थे। इस पीसीसी के निर्माण से ग्रामिणों को काफी सुविधा होगी।

देश की तरक्की के लिए अमन शांति भाईचारगी ही सबसे बड़ी दौलत है

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर। हजरत इजहार हुसैन चिश्ती उत्तर प्रदेश कानपुर से पहुंचे मधुपुर जहां इसे स्वागत के लिए दर्जनों लोग मधुपुर स्टेशन में जमा थे ! इस मौके पर हजरत इजहार हुसैन चिश्ती ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा हमारा देश कई धर्मो का एक हसीन संगम है यह देश हमेशा एक सेकुलर देश रहा है और रहेगा कुछ वर्षों से हमारा देश में सेक्युलरिज्म को बदनाम करने में कुछ ऐसे तत्व लगे हैं।मगर वह कभी कामयाब नहीं होंगे क्योंकि ऐसे लोगों की मनसा कभी कामयाब नही होगी। उन्होंने कहा हमारी हमेशा भगवान से यही प्रार्थना रहता है कि हमारा देश अमन शांति और भाईचारगी का संगम बना रहे और तमाम धर्म के मानने वाले लोग एक होकर मोहब्बत के साथ रहे। हम तभी इस मुल्क की तरक्की का ख्वाब देख सकते हैं।क्योंकि किसी मुल्क की तरक्की के लिए अमन शांति और भाईचारगी सबसे बड़ी दौलत होती है। इसे बरकरार रखें। यही हमारी सभी धर्म के लोगों से अपील और प्रार्थना है। मौके पर मुरिद छोटे जानी बाबू ललकार, अब्दुल गफ्फार, मोहम्मद इशा भाई डॉक्टर निसार अंसारी मोहम्मद अहमद अंसारी असनसोल इत्यादि उपस्थित थे।

छूटे हुए पीवीटीजी परिवारों को ग्राम सभा के माध्यम से पीवीटीजी डाकिया योजना से जोड़ें

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। बुधवार को उपायुक्त शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में जिला आपूर्ति विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक आहूत किया गया।जिसमें एनएफएसए योजना के तहत राशन कार्ड पीएचएच एवं एएवाई, पीवीटीजी डाकिया योजना, जेएसएफएसएस योजना के तहत ग्रीन राशन कार्ड, धान अधिप्राप्ति, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना एवं पेट्रोल सब्सिडी योजना की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि राशन वितरण में किसी प्रकार शिथिलता नहीं बरतें। जिले में डीलरों के द्वारा लाभुकों को सही मात्रा में समय पर खाद्यान्न मिले, इसे सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने पीवीटीजी परिवारों के राशन वितरण की समीक्षा कर छूटे हुए पीवीटीजी परिवारों को ग्राम सभा के माध्यम से जोड़ने का निर्देश दिया, साथ ही सभी परिवारों को पुनः सत्यापन भी कर लें। इसके अलावा उन्होंने सभी परिवारों को घर घर जाकर नियमानुसार खाद्यान्न वितरण करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि एएफएसए के तहत जिले में कुल लक्षित 7 लाख 13 हजार 247 लाभुकों के बीच माह सितंबर 2023 तक 90.05% लाभुकों के बीच

खाद्यान्न वितरण कर दिया गया है। वहीं पीवीटीजी डाकिया योजना के तहत कुल 1166 लाभुकों को माह सितंबर 2023 का 73.50% लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण कर दिया गया है। उपायुक्त ने राशन वितरण हेतु एनएफएसए, पीवीटीजी डाकिया के शत प्रतिशत लाभुकों को उचित मात्रा में एवं ससमय खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं बताया गया कि जेएसएफएसएस ग्रीन कार्ड योजना के तहत माह फरवरी तक में 76.38 प्रतिशत लाभुकों को खाद्यान्न वितरण किया गया है। धान अधिप्राप्ति योजना के तहत खरीफ विपणन मौसम वित्तीय वर्ष 2022-23 में निर्धारित लक्ष्य 100000 क्विंटल के विरुद्ध 9512.54 क्विंटल धान की अधिप्राप्ति हुई। जिसमें पंजीकृत कुल 4529 किसानों में से 355 किसानों के द्वारा विक्रय किया गया। जिसमें सभी किसानों के प्रथम एवं द्वितीय किस्त का भुगतान कर दिया गया है। सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022- 23 के प्रथम छमाही कुल 166729 लाभुक परिवार के बीच में 286074 वस्त्र (साड़ी,धोती एवं लूंगी) का वितरण किया गया है। जिसके समतुल्य सभी प्रखंडवार राजकोष में जमा किए गए राशि की समीक्षा की गई। बताया गया कि नारायणपुर प्रखंड को छोड़कर सभी प्रखंडों में कुछ राशि जमा किए गए हैं। नारायणपुर में तकनीकी समस्या के कारण राशि अब तक जमा नहीं किया गया है।उपायुक्त ने सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं सभी एमओ को निर्देश देते हुए कहा कि वितरित किए गए वस्त्रों के समतुल्य राशि को अविलंब राजकोष में जमा करवाते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। इसके अलावा द्वितीय छमाही के लिए वस्त्र प्राप्त हो चुके हैं, वस्त्रों के नमूना जांच हेतु विभाग को उपलब्ध कराया गया है, आदेश प्राप्त होते ही वितरण कर दिया जायेगा। इसके अलावा समीक्षा के दौरान बताया गया कि मुख्यमंत्री पेट्रोल सब्सिडी योजना के तहत माह मई 2023 तक प्रति लाभुकों को 250 रुपए के दर से राशि का भुगतान किया गया। वहीं उपायुक्त ने आकस्मिक खाद्यान्न कोष के समीक्षा क्रम में बताया कि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति के निपटारा हेतु आकस्मिक खाद्यान्न कोष के तहत जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों के प्रत्येक पंचायतों एवं नगर परिषद अंतर्गत प्रत्येक वार्डों को 10 हजार की राशि उपलब्ध कराई गई है। उपायुक्त ने परिस्थिति के अनुसार राशि का व्यय करने एवं राशि की अधियाचना करने का निर्देश दिया।मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री प्रधान माझी,जिला सहकारिता पदाधिकारी चंद्रजीत खलको, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह एमओ नारायणपुर प्रभाकर मिर्धा,फतेहपुर मुकेश कुमार, जामताड़ा जहीर आलम, कुंडहित श्रीमान मरांडी सहित अन्य संबंधित पदाधिकरी कर्मी उपस्थित थे।

कुंडहित बिजली ग्रिड का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। कुंडहित में बिजली ग्रिड का निर्माण कार्य द्रुत गति से चल रहा है। उम्मीद है कि इसी वित्तीय वर्ष में कुंडहित ग्रिड का चार्ज किया जाएगा। अपने लक्ष्य को लेकर कोलकाता के एबीएन कंपनी के द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य जारी रखा गया है। रोजाना सैकड़ों की संख्या में मजदूर व मिस्त्री कार्य कर रहे है। अभी कंट्रोल रूम और स्टोर शेड का निर्माण कार्य लगभग फाइनल स्टेज पर है। साथ ही पदाधिकारियों के लिए तीन मंजिला भवन टू बीएचके व थ्री बीएचके का कार्य भी जोर शोर से चल रहा है। स्विच यार्ड का निर्माण कार्य भी प्रगति पर चल रहा है। अपने लक्ष्य को लेकर कंपनी द्वारा रात दिन कार्य किया जा रहा है। बता दें कि कोलकाता के एबीएन कंपनी द्वारा कुंडहित बिजली ग्रिड को बनाया जा रहा है। कंपनी

को दिसंबर 2023 तक ग्रिड को पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया है। साथ ही बड़े बड़े टावर का कार्य भी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। अभी नाला के श्रीपुर गांव तक टावर निर्माण का कार्य गया है। इस बाबत जे ई सुजीत कुमार ने कहा कि बिजली ग्रिड का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। कंपनी को दिसंबर 2023 तक ग्रिड को चार्ज करने का लक्ष्य है। लक्ष्य को ध्यान में रख कर ही रात दिन कार्य हो रहा है। इधर टावर भी नाला का श्रीपुर तक पहुंच चुका है। स्टोर रूम व कंट्रोल रूम का कार्य लगभग फाइनल स्टेज में है।

बारघरिया में "ड्रिप से जोड़ो कार्यक्रम" के तहत किसान गोष्ठी आयोजित

दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला / जामताड़ा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को सालुका पंचायत के बारघरिया में ड्रिप से जोड़ो अभियान कार्यक्रम के तहत किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया । अवसर पर बीटीएम सुजीत कुमार सिंह ने विभिन्न जानकारी दी। उन्होंने मुख्य रूप से सरकार द्वारा 90% अनुदान पर स्प्रिंकलर का लाभ लेने हेतु आवेदन सृजन करने के लिए किसानो को जागरूक किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सुजीत कुमार सिंह ने बताया कि किसान भाई सरकार द्वारा आरकेवी योजना अंतर्गत ड्रिप से जोड़ो अभियान के तहत वर्तमान समय में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है ,उसका लाभ अवश्य लें। ड्रिप की खेती की विशेषता को बताते हुए बीटीएम सुजीत कुमार

सिंह ने बताया की इसका प्रयोग करने से 50 से 80% तक जल का बचत किया जा सकता है। साथ ही फसल पैदावार में वृद्धि होगी, खरपतवार का नियंत्रण होगा, उर्वरक पौधों के जड़ तक पहुंचेंगे, पौधों में कम कीट एवं रोग का प्रकोप कम होगा एवं मजदूरी लागत भी कम होगी ।उन्होंने बताया कि वैसे किसान जिनके पास कम से कम 50 डेसिमल सिंचित भूमि एक जगह पर है एवं सिंचाई का स्रोत एवं सिंचाई का साधन हो वह यथाशीघ्र इस योजना के लाभ लेने हेतु प्रखंड कृषि पदाधिकारी या प्रखंड तकनीकी प्रबंधन तक या अपने गांव में स्थित किसान मित्र के माध्यम से जिला कृषि कार्यालय में आवेदन दे सकते हैं।

जीएम एपी द्विवेदी ने मधुपुर स्टेशन समेत सर्कुलेटिंग एरिया का किया निरीक्षण

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर। मधुपुर ईस्टर्न रेलवे हावड़ा के जीएम एपी द्विवेदी ने बुधवार को मधुपुर स्टेशन का जायजा लिया । इससे पूर्व उन्होंने जसीडीह से स्पेशल सैलून से मधुपुर पहुंचे। उन्होंने मधुपुर में सर्कुलेटिंग एरिया का निरीक्षण के दौरान रेल सुविधा और सुरक्षा की जानकारी लिया। और कई समस्याओं से अवगत हुए और निदान करने का भरोसा दिया । मौके पर जीएम ने पत्रकारों से बताया कि यात्री सुरक्षा की सुनिश्चित करने को लेकर वे निरीक्षण करने आए हैं । उन्होंने कहा कि रेलवे ट्रैक फुटओवर ब्रिज यात्री सुरक्षा महत्वपूर्ण है । कहा कि सुरक्षा को लेकर चौकन्ना रहने की जरूरत है । उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान जो कमी पाई गई है उसे दूर करने को लेकर रेल कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया

गया है। सुरक्षा में किसी प्रकार की कमी हो उसे पुरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मधुपुर में हमारे बहुत से रेल कर्मी रहते हैं और स्काउट एंड गाइड का टीम भी बहुत स्ट्रॉन्ग है मधुपुर में जो भी इन लोगों को मदद लगेगा वह भर्षक कोशिश की जाएगी और अभी स्वच्छता अभियान जोर-जोर से चल रहा है। उसी क्रम में 1 अक्टूबर को मेगा सफाई अभियान सुबह 10 से 11बजे तक पूरा देश में हर डिवीजन में तीन चार सौ डीवीजन में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा जिसमें आम जनता एवं रेल कर्मचारी इसमें भाग लेंगे और स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक करेंगे। वही स्काउट एंड गाइड के बच्चों के द्वारा स्वच्छता को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित की गई और लोगों को स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर डीआरएम आसनसोल चेतनानंद सिंह आरपीएफ कमांडेंट राहुल राज सीनियर डीसीएम शांतनु चक्रवर्ती सीनियर डीईईए अजय कुमार सीनियर डीएमई अविनाश कुमार एईएन मधुपुर चंपक ज्योति आरपीएफ इंस्पेक्टर आसनसोल एचके सिहं स्टेशन प्रबंधक एसके पाठक, अमरदीप कुमार स्वास्थ्य निरीक्षक कुमार अभिमन्यु, रेल थाना प्रभारी बृज नंदन ठाकुर आरपीएफ सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद टीआई यू चौधरी सीआईटी,रेल चिकित्सक आरपीएफ पदाधिकारी समेत अन्य रेल कर्मी मौजूद थे।

आठ सूत्री मांगों को लेकर जीएम हावड़ा को ज्ञापन सोंपा

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर। मधुपुर बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा प्रभारी जिया उल हक उर्फ टार्जन ने महाप्रबंधक पूर्व रेलवे हावड़ा एपी द्विवेदी को यात्रीयों की सुविधा हेतु आठ सुत्री मांग को लेकर ज्ञापन सोंपा, जिसमें श्री हक ने आठ मांगो में मधुपुर में(१)बंदे भारत ट्रेन का ठहराव (२)धनबाद देवघर के लिए ईएमयू सवारी गाड़ी सुबह 7:00 के बाद संचालित किया जाए,(३) जसीडीह अथवा गिरिडीह से एक ईएमयू ट्रेन का परिचालन वर्धवान तक किया जाए,(४) सुबह 6:00 से 11:00 तक मधुपुर से कोई ट्रेन पटना की ओर नहीं जाती है एक एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जाए,(५) मधुपुर रेलवे स्टेशन के दक्षिण में चल रहे हैं टिकट घर को बंद कर दिया गया है जिसे यात्रियों को परेशानी हो रही है उसे अभिलंब प्रारंभ किया जाए, पाटलिपुत्र एक्सप्रेस में दो एसी तथा सामान्य अतिरिक्त डब्बा दिया जाए, हावड़ा कोलकाता के रास्ते चलने वाले बंद ट्रेनों में बरौनी, तूफान, बनारस,एवं जनता एक्सप्रेस आदि ट्रेनों का पुनः परिचालन आरंभ किया जाए,जसीडीह कोलकाता फर्स्ट पैसेंजर ट्रेन का जो कॉरोना काल से बंद है उस का परिचालन पुनः प्रारंभ किया जाए।

जिला गुणवत्ता यकीनन समिति एवं डिस्ट्रिक्ट इंडेमनिटी सब कमिटी की बैठक संपन्न

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। बुधवार को उपायुक्त शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में जिला गुणवत्ता यकीनन समिति एवं डिस्ट्रिक्ट इंडेमनिटी सब कमिटी की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला गुणवत्ता यकीनन समिति, डिस्ट्रिक्ट इंडेमनिटी सब कमिटी एवं जिला गुणवत्ता टीम, सदर अस्पताल का संशोधन एवं पुनर्गठन हेतु उपलब्ध कराए गए प्रस्ताव पर विमर्श किया गया। बैठक के दौरान डिस्ट्रिक फैमिली प्लानिंग सब कमिटी, क्वालिटी एशुरेंस कमिटी, जिला अंतर्गत सरकारी संस्थानों में पुरुष नसबंदी, महिला बंध्याकरण एवं मूर्च्छक हेतु चिकित्सा पदाधिकारियों को नए सिरे से सूचीबद्ध हेतु प्रस्ताव, निजी मान्यता प्राप्त क्लिनिक में पुरुष नसबंदी एवं महिला बंध्याकरण ऑपरेशन हेतु चिकित्सक नामित करने हेतु प्राप्त प्रस्ताव पर विमर्श किया गया। बैठक में पूर्व में मूर्च्छक के कमी के मद्देनजर नए मूर्च्छक की उपलब्धता तक जिस संस्थान में महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी ऑपरेशन करने हेतु वहां के उपाधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से मूर्च्छक का कार्य लिए जाने के पारित आदेश को वर्तमान में यथावत रखने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया गया।मौके पर सिविल सर्जन डॉ एस के मिश्र के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

राजबहादुर यादव के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा ले : देवनारायण पांडेय

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, पूरा बाजार अयोध्या। प्रखर वक्ता समाजवादी चिंतक राजबली स्मारक पब्लिक इंटर कॉलेज मडना के संस्थापक व प्रबंध निदेशक राज बहादुर यादव के व्यक्तित्व एवं क्रिकेट से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए उक्त रोजगार राजबली पब्लिक इंटर कॉलेज प्रांगण में राजबहादुर यादव की पांचवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में मुख्य अतिथि तेजनारायण पांडे ने व्यक्त किया। विधायक अभय सिंह ने कहा कि राजबहादुर यादव ने ग्रामीण अंचल में कॉलेज खोलकर ग्रामीण प्रतिभाओं को निखरने का मौका दिया है क्योंकि अधिकतर अभिभावक धनाभाव के कारण अपने बच्चों को शहर के महंगे स्कूलों में शिक्षा नहीं दिला पाते हैं इस अवसर पर फिरोज खान गब्बर सूर्यकांत पांडे तरजीत गौड शंभू नाथ सिंह दीपू ओम प्रकाश यादव राम रंग यादव लड्डू लाल यादव ललित यादव रवींद्र वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग सिफ्सा और क्यू क्लब के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ समाज कार्य विभाग के समन्वयक तथा नोडल अधिकारी डॉ0 दिनेश कुमार सिंह व जिला अस्पताल अयोध्या के काउंसलर तथा मनोपरामर्शदाता डॉ0 आलोक मनदर्शन द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। कार्यशाला में मनोपरामर्शदाता डॉ0 आलोक मनदर्शन ने 50 से अधिक प्रतिभागियों को लैंगिक असमानता, बाल विवाह, नशीले पदार्थ के सेवन से होने वाले नुकसान, व्यक्तिगत स्वच्छता, किशोरी स्वास्थ्य, एच.आई.वी. एड्स सहित अन्य विषयों पर प्रशिक्षण देकर जागरूक किया। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ0 दिनेश कुमार सिंह ने पौष्टिक आहार और एनीमिया रोग के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस कार्यशाला में खेल के माध्यम से भी स्वयं सेवकों को प्रशिक्षित किया गया। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक मुद्दों को लेकर लघुफिल्मों के माध्यम से जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन पल्लव पाण्डेय द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन स्वतंत्र त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ0 प्रज्ञा पाण्डेय, डॉ0 प्रभात सिंह, सीमा मिश्रा, अभिषेक वर्मा, राजेश मौर्या, संजय मिश्रा, साक्षी माथुर, समृद्धि सिंह, वात्सल्य कुमार, श्रीकांत मंगलम, प्रिया पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

संगोष्ठी — विद्यार्थियों को पर्यटन के प्रति जुझारू बनना होगाः तूलिका रानी

अवध विवि में विश्व पर्यटन दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में बुधवार को व्यवसाय प्रबन्ध उद्यमिता विभाग द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर टूरिज्म एंड ग्रीन इन्वेस्टमेंट विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एस्क्वार्डन लीडर एवं जी-20 की उत्तर प्रदेश हायर एजुकेशन की ब्रांड एम्बेसडर तूलिका रानी, विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र प्रसाद, रिटायर्ड जॉइन्ट डायरेक्टर यूपी टूरिज्म, यूपी टूरिज्म अयोध्या के उप निदेशक आर पी यादव व व्यवसाय प्रबन्ध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह द्वारा शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।संगोष्ठी में छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि तूलिका रानी ने कहा कि पर्यटन के प्रति जूझारू बनना होगा। इसके लिए सबसे पहले अपने देश को जानना होगा तभी पर्यटन को बढ़ावा दे सकते

हैं। उन्होंने कहा कि आज अधिकतर संख्या में लोग अपने देश के इतिहास के बारे में नही जानते, जो चिन्ता का विषय है। भारत महानताओं का देश है। इस देश को ही 42 हेरिटेज साइट होने की उपलब्धि है। जब यहां घूमना शुरू करेंगें तो सामाजिक एवं आर्थिक विकास होगा। उन्होंने अपने अनुभवों का साझा करते हुए बताया कि पर्यटन से बहुत कुछ सीखने को मिला। संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि आर पी यादव ने अयोध्या में होने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि अयोध्या का स्वरूप अब बदल रहा है। आने वाले समय में लाखों पर्यटक अयोध्या आएंगे। यदि पर्यटन बढेगा तो रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि आज अयोध्या को पूरा विश्व देख रहा है। इसलिये यहां के सभी नागरिकों को जिम्मेदार बनना होगा। विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र प्रसाद ने भारत की संस्कृति के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि भारत की संस्कृति वैज्ञानिक रूप से काफी सुदृढ़ है। उत्तर प्रदेश अपने आप में उत्तम प्रदेश है। यहां पर पर्यटन के बहुत अवसर है, जिसे लोगों को बताना होगा। इसके साथ ही उन्होंने बुंदेलखंड के पर्यटन के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला।कार्यक्रम में व्यवसाय प्रबन्ध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोगों को पर्यटन के प्रति जागरूक बनाना है। उन्होंने कहा कि आज के इस भागदौड़ के युग में पर्यटन एक आवश्यकता बन गई है। लोग अब धार्मिक पर्यटन के प्रति आकर्षित हो रहे हैं। जनवरी 2024 के बाद अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में काफी इजाफा होने वाला है। इसी के साथ सबकी जिम्मेदारी भी बढ़ेगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 आशीष पटेल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ0 राना रोहित सिंह, डॉ0 निमिष मिश्रा, डॉ0 आशुतोष पाण्डेय, डॉ0 अंशुमान पाठक, डॉ0 राकेश कुमार, डॉ0 रविन्द्र भारद्वाज, डॉ0 कपिल देव, डॉ0 प्रवीण राय, डॉ0 श्रीष अस्थाना, डॉ0 अनुराग तिवारी, डॉ0 सूरज सिंह, डॉ0 रामजी सिंह, डॉ0 विवेक उपाध्याय, डॉ0 दीपा सिंह, डॉ0 प्रियंका सिंह, डॉ0 संजीत पांडेय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

खेत में लगी फ़सल चराने को रोका तो लाठी डंडे से पीटा

नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल। मिश्रा क्षेत्र के व्योन्दा उपरहर के मजरे तोधकपुर नगरीया में धान की फ़सल चरा रहे युवक को मना करना एक लड़की को भारी पड़ गया. नवाबगंज थाना क्षेत्र के व्योन्दा उपरहर निवासी भगौती यादव ने थाने पर दी गयीं तहरीर में बताया की मंगलवार की शाम 6:30 बजे उनके धान के खेत को विपक्षी चराने लगे. जिसका विरोध उनकी बेटी रूपा ने किया तो सुमन,रामतीरथ व माया लाठी डंडे से उनकी बेटी को मारने लगे. जिससे लड़की को शरीर में काफ़ी चोटे आयी हैं.प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया की तहरीर के आधार पर एनसीआर दर्ज कर लिया गया है. जाँच कर कार्यवाही की जाएगी.जबकि चोटिल रूपा ने बताया की उसके सर व हाथ में गंभीर चोटे आयी हैं. मारने पीटने में 2 लोग और भी शामिल थे किन्तु पुलिस द्वारा उनका नाम नहीं लिखा गया है.

डीएम की अध्यक्षता जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति एवं ग्लोब इन्वेस्टर्स समिट की बैठक सम्पन्न

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर के नवीन सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति एवं ग्लोब इन्वेस्टर्स समिट की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उद्यमियों की व्यक्तिगत समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता के साथ सुनकर उनके त्वरित समाधान हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही उद्योग के विकास में आ रही समस्याओं का प्राथमिकता पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने जनपद में उद्यमियों को इन्वेस्ट की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने, उद्यमियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।इस दौरान अजय सिन्हा अध्यक्ष लघु उद्योग भारती द्वारा एनएच-28 से अख्तियारपुर होते हुये शुजागंज तक 6 किमी0 सड़क व नाली खराब होने की समस्या से अवगत कराया गया जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियन्ता पीडब्लूडी सीडी-4 को स्थलीय निरीक्षण कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने उद्यमियों को अयोध्या में चल रही तथा प्रस्तावित विभिन्न परियोजनाओं की भी जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने बताया कि व्यापारी बंधु व उद्यमी जनपद अयोध्या में लखनऊ अयोध्या मार्ग एन.एच.-27 के किलोमीटर 8.000 से 137.970 के मध्य दोनों तरफ आई.आर.सी. के अनुसार सड़क के मध्य से 40 मी. (Building line) छोड़कर होटल, रेस्टोरेंट या अन्य किसी भी प्रकार के कमर्शियल बिल्डिंग का निर्माण की अनुमति दी जा सकती है। साथ ही उन्होंने यह भी

बताया कि आवेदक द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग से सीधे पहुंच मार्ग/रास्ता हेतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की दिशा निर्देश संख्या RW-NH-33032/01/2017-S&R(R) दिनांक 26.6.2020 एवं 21.8.2023 के अनुसार अनुमति लेने हेतु आवेदन किया जाना आवश्यक है। बैठक में जिलाधिकारी ने होटल व्यवसाइयों की विभिन्न विभागों से सम्बंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आगामी 3 अक्टूबर 2023 को आयोजित होने वाले "HUNDDRED HOTAL HUNDRED DAY CONCLAVE" के सम्बंध में भी जानकारी दी तथा सभी सम्बंधित विभागों यथा-पर्यटन, आवास विकास, अयोध्या विकास प्राधिकरण, विद्युत आदि को पूर्ण तैयारी के साथ कॉन्क्लेव में उपस्थित होकर अपने-अपने विभाग से सम्बंधित योजनाओं एवं सुविधाओं का प्रजेण्टेशन करने के निर्देश दिये।बैठक में उपायुक्त उद्योग, मुख्य अग्निशमन अधिकारी सहित आवास विकास, पर्यटन, वन, यूपी सीडा सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी तथा उद्यमीगण उपस्थित रहे।

ख़ास ख़बर

पुलिस कार्यालय में शिकायती प्रार्थना-पत्र लेकर आये आम-जनों की समस्याएं सुनी गई

सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर। आज दिनांक- 27.09.2023 को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा जनसुनवाई के दौरान शहरी व ग्रामींण क्षेत्रों से शिकायतें/समस्याएं लेकर आये हुए शिकायत कर्ताओं/आम-जनों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का अवलोकन कर गुणवत्तापूर्ण अविलम्ब निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

महिला पुलिस चौकी उतरौला द्वारा परिवारिक विवाद का सफल निस्तारण

बलरामपुर जिला संवाददाता। आवेदिका रेहाना पत्नी पीर अली निवासी मधपुर थाना कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर द्वारा एक प्रार्थना पत्र लेकर महिला रिपोर्टिंग चौकी उतरौला में आई जिसमे अपनी बेटी हिना पत्नी समीउल्ला वा विपक्षी समीउल्ला निवासी ईमलिया बक्सारिया थाना कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर द्वारा प्रार्थीनी की बेटी हिना को मारने पीटने की धमकी देते हुए घर में न रहने देने का विवाद था चौकी प्रभारी के संज्ञान में लाया गया। चौकी प्रभारी द्वारा दोनों पक्ष को बुलाकर समझाने बुझाने के पश्चात दोनों पक्ष आपस में अपनी मर्जी से सुलह समझौता कर एक साथ राजी खुशी से रहने को तैयार हो गए हैं। दोनो पक्ष चौकी प्रभारी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

जंगली सागौन दो बोटा लकडी बाइक पर ले जा रहे वन माफिया को पुलिस ने पकडा

बलरामपुर जिला संवाददाता। थाना प्रभारी निरीक्षक हर्रैया दुर्विजय ने बताया कि सुहेलवा वन जीव प्रभाग वरहवा रेंज मे चोरी से काटकर बाइक पर लादकर बेशकीमती जंगली सागौन दो बोटा लकडी ले जा रहे थे कि मुख्यबिर की सूचना पर जोखू पासवान 32 वर्ष पुत्र स्व शम्भू निवासी सांईपुरवा तेंदुआनगर को बुधवार भोर पुलिस टीम उप निरीक्षक सुनील कुमार पाल,कांस्टेबल सुनील कुमार, उमेश कुमार ने गुगौली कला गांव के पास से पकड़कर बाइक पर लदे दो बोटा जंगली सागौन सहित थाने पर लाकर विधिक कार्यवाई कर जेल भेजा।

वारंटी की गिरफ्तारी की गई

सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर। सराहनीय कार्य थाना तुलसीपुर बलरामपुर मा0सं0 3209/23/88 धारा 323/504/506 भादवि0 थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर से संबंधित 01 नफर वारण्टी गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में *अपर पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर श्री राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्र0नि0 महोदय थाना तुलसीपुर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 27.09.23 को उ0नि0 कृष्णानन्द पाण्डेय, हे0का0 शिवकांत तिवारी द्वारा ACJM/FTC महोदय द्वारा जारी NBW आदेश के क्रम में **मा0सं0 3209/23/88 धारा 323/504/506 भादवि0 थाना तुलसीपुर से संबंधित वारन्टी अवधराम पुत्र प्रसादे नि0 पिपरहवा विशुनपुर थाना तुलसीपुर बलरामपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

दृष्टिगत काननू एवं शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए मजिस्ट्रेटों एवं पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप सौंपी गयी जिम्मेदारी-जिला मजिस्ट्रेट महोदय

सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर। स्थानीय चन्द्र दर्शन के अनुसार 28 सितम्बर, 2023 को बारावफात (ईद-ए-मिलाद) मनाया जायेगा। जनपद बलरामपुर में त्यौहार की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुये काननू एवं शान्ति व्यवस्था कायम रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट श्री अरविन्द सिंह द्वारा मजिस्ट्रेटों एवं पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप जिम्मेदारी सौंपी गयी है। उन्होंने बताया कि जनपद बलरामपुर अन्तर्गत कानून एवं शान्ति व्यवस्था का पालन किये जाने हेतु मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी को संयुक्त रूप से थानों/क्षेत्रों में ड्यूटी लगायी गयी है, जिसमें सम्बन्धित थानों/चैकी के प्रभारी निरीक्षकों/उप निरीक्षकों के साथ ही साथ 17 मजिस्ट्रेट व 03 रिजर्व मजिस्ट्रेट तथा सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी व उप जिला मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गयी है। उन्होंने निर्देशित किया है कि सभी उप जिला मजिस्ट्रेट एवं क्षेत्राधिकारी अपने-अपने सब डिवीजन में शान्ति एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगें तथा किसी भी प्रकार की घटना की सूचना तत्काल उपलब्ध करायेंगें। उन्होंने अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) श्री प्रदीप कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव संयुक्त रूप से प्रभारी अधिकारी नामित करते हुये अपने कुशल निर्देशन में त्यौहार को शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया है।

सिकंदरपुर में सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन, वातावरण भक्तिमय

सिकंदरपुर (बलिया)। सिकंदरपुर के चतुर्भुज नाथ मंदिर पर बुधवार को पहली बार सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन श्वेतांबरी स्मृति ट्रस्ट के तत्वाधान में आकाश तिवारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष संजय यादव व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय जयसवाल के साथ 101 जोड़ो ने सामूहिक रुद्राभिषेक किया। सिकंदरपुर पूरी तरह से बुधवार को भक्तिमय हो गया था। 101 जोड़ो से भी अधिक शिवभक्तों ने प्राचीन शिवाले चतुर्भुज नाथ मंदिर के विशाल प्रांगण में सामूहिक रुद्राभिषेक कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आचार्य रेवती रमण तिवारी के नेतृत्व में काशी से चल कर आए 51 विद्वान ब्राह्मणों ने महारुद्राभिषेक सम्पन्न कराया। यहां विधि-विधान से जल, दधि, दुग्ध, शर्करा, मधु, घृत, विजया आदि से अभिषेक करते हुए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यजमानों ने भगवान शिव को यज्ञोपवीत कर वस्त्र, मिष्ठान, फल, फूल, अमीर, गुलाल, चंदन, मेवा, दूर्बा, इत्र, गुलाब जल, केवड़ा, कुमकुम, सिंदूर आदि से श्रृगार कर औढरदानी देवाधिदेव भगवान शंकर को प्रसन्न करने के विधान किए।

चतुर्भुज नाथ मंदिर पर प्रातःकाल से ही बम-बम भोले व हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिर में भगवान शिव का पूजन-अर्चन करने भारी भीड़ उमड़ी। रुद्राभिषेक के बाद भक्तों ने सामूहिक रूप से हवन पूजन कर भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया।

गंगा आरती देखने के लिए उमरे भक्तः महारुद्राभिषेक के कार्यक्रम के बाद शाम 7 बजे से गंगा आरती का कार्यक्रम काशी से चल कर आए डमरू के साथ विद्वान ब्राह्मणों द्वारा हजारों श्रद्धालुओं के बीच किया गया। गंगा आरती जिस समय हो रही थी काशी का दृश्य सिकंदरपुर में लोगों को याद आ रही थी। इस तरह की ऐतिहासिक कार्यक्रम सिकंदरपुर में पहली बार होने पर लोगों ने जमकर सहारना भी की।

श्वेतांबरी स्मृति ट्रस्ट के संस्थापक आकाश तिवारी व अध्यक्ष श्वेता शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया था। कोशिश रहेगी कि यह कार्यक्रम इस साल की भांति हर साल कराया जाएगा। इसमें नगर के संभ्रांत लोगों द्वारा जमकर सहयोग की गई। आकाश तिवारी ने बताया की यह कार्यक्रम पूरी तरह से निशुल्क था। सिकंदरपुर के पूर्व विधायक व भाजपा के जिलाध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि सिकंदरपुर में इस तरह का कार्यक्रम करने के लिए श्वेतांबरी स्मृति ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य के साथ अध्यक्ष ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी एव सदस्य को बधाई देता हूं। सिकंदरपुर की सामूहिक कल्याण के लिए जो महारुद्राभिषेक का कार्यक्रम कराया गया वह बहुत ही सहरनीय रहा। काशी से आए विद्वान ब्राह्मणों में सर्वेश तिवारी उदयभान अवनींद्रनाथ तिवारी कृष्णकांत उपाध्याय श्याम सुंदर सहित 51 विद्वान पंडित मौजूद थे। कार्यक्रम में आकाश तिवारी धनु पांडे सौरभ तिवारी अनुज ओझा आकाश पांडे आदि का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम में दो दर्जन से अधिक यजमान सपत्नीक बैठे हुए थे जिसमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय जयसवाल अंजनी यादव राजेश पांडे अशोक पांडे ए प्रमोद गुप्ता संतोष पांडे अजय तिवारी मोहन चौरसिया आदि थे।

जायसवाल महासभा सिकंदरपुर की बैठक संपन्न

सिकंदरपुर (बलिया)। मंगलवार की शाम दिनेश जायसवाल के आवास पर जायसवाल महासभा सिकंदरपुर के अध्यक्ष अशोक जायसवाल के नेतृत्व में कार्यकारणी के गठन के लिए एक आवश्यक बैठक की गई। जिसमे उपस्थित जायसवाल समाज के लोगो द्वारा जायसवाल समाज की उत्थान के लिये एक एक कर अपनी अपनी बात रखी। इस बैठक में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को कैसे लाभ पहुंचे कैसे समाज के लोग कंधा से कंधा मिलाकर चले इस पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। उसके बाद उपस्थित लोगो द्वारा सर्वसम्मति से कार्यकारणी का गठन किया गया जो निम्न है। जायसवाल समाज के संरक्षक के रूप में सिकंदरपुर के चेयरमैन प्रतिनिधि संजय जायसवाल व विजय प्रताप जायसवाल को चुना गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में राजीव कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, संतोष जायसवाल महामंत्री सुनील कुमार जायसवाल, मंत्री के रूप में सतीश जायसवाल, राजेश जायसवाल(राजू), राकेश कुमार जायसवाल, मनोज जायसवाल, कोषाध्यक्ष अनूप कुमार जायसवाल, सह कोषाध्यक्ष विकास कुमार जायसवाल, सूचना मंत्री संदीप जायसवाल, धन्नू जायसवाल, गोविंद जायसवाल, बबलू जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, संगठन मंत्री दीपक जायसवाल (डब्बू), दिलू जायसवाल, विजय कुमार जायसवाल, गुप्तेश्वर जायसवाल, पारस जायसवाल, मीडिया प्रभारी रमेश कुमार जायसवाल, मोहनीश प्रताप जायसवाल, कार्यकारणी के विशेष सदस्य के रूप में पवन जायसवाल, रमेश जायसवाल, राजेश जायसवाल, गुलाब जायसवाल, प्रभात जायसवाल, सुभाष जायसवाल, बबलू जायसवाल, पिंटू जायसवाल, राकेश जायसवाल, ईश्वर चंद जायसवाल, दिलीप जायसवाल, सुनील जायसवाल, द्वारिका प्रसाद जायसवाल, दीपू जायसवाल, का चुनाव किया गया। इनके अलावा उपस्थित रहे। कार्यक्रम अध्यक्षता पवन जायसवाल व संचालन रमेश कुमार जायसवाल ने किया।

रिपोर्टिंग महिला पुलिस चौकी उतरौला द्वारा परिवारिक विवाद का सफल निस्तारण

सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर। आवेदिका रेहाना पत्नी पीर अली निवासी मधपुर थाना कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर द्वारा एक प्रार्थना पत्र लेकर महिला रिपोर्टिंग चौकी उतरौला जनपद बलरामपुर में आई । जिसमे अपनी बेटी हिना पत्नी समीउल्ला वा विपक्षी समीउल्ला निवासी ईमलिया बक्सारिया थाना कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर द्वारा प्रार्थीनी की बेटी हिना को मारने पीटने की धमकी देते हुए घर में न रहने देने का विवाद था। विवाद चौकी प्रभारी महोदया के संज्ञान में लाया गया। चौकी प्रभारी महोदया द्वारा दोनों पक्ष को बुलाकर समझाने बुझाने के पश्चात दोनों पक्ष आपस में अपनी मर्जी से सुलह समझौता एक साथ राजी खुशी से रहने को तैयार हो गए हैं। दोनो पक्ष चौकी प्रभारी महोदया को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए चौकी से रवाना हुए।

जागरुकता अभियान के क्रम में नारी सुरक्षा दल द्वारा किया जा रहा है महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक

सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार के निर्देशानुसार एंटी रोमियो स्क्वाड दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी, नारी सुरक्षा दल द्वारा समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो/गॉवों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं/बालिकाओं आदि को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 व साइबर अपराधों जैसे- OTP शेयरिंग,लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल,बैंकिंग फ्रॉड आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ यह भी बताया गया की यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने-जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। महिलाओं को उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी गई तथा पंपलेट का वितरण किया गया। इस दौरान सभी को साइबर अपराध से बचाव के बारे मे भी जानकारी दी गई।

एआरटीओ ने 4 कामर्शियल वाहनों को किया सीज, 11 का चालान

बलिया। समय से टैक्स जमा नहीं करने वाले कामर्शियल वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग में सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरुण कुमार राय ने इसके लिए तेजी से अभियान चलाया है, जिसके तहत मंगलवार को थाना कोतवाली और दुबहर क्षेत्र में चार वाहनों को सीज किया गया। वहीं 11 वाहनों का चालान किया गया। एआरटीओ श्री राय ने कमर्शियल वाहन स्वामियों से स्पष्ट रूप से कहा है कि जिनके वाहन का टैक्स बताया है तत्काल जमा कर दें, ताकि वाहन चालान और चीज की कार्रवाई से बच सकें। उन्होंने बताया कि समय से टैक्स जमा नहीं करने की वजह से परिवहन विभाग को काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है। इसलिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा और टैक्स जमा नहीं करने वालों की विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

थाना सादुल्लानगर पुलिस द्वारा शांति भंग में कुल 5 गिरफ्तार

सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर। आज दिनांक 27/09/2023 को थाना सादुल्लाह नगर बलरामपुर में शांति भंग के मामले में 01 व्यक्ति , 04 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर धारा- 151/107/116 सीआरपीसी की कार्यवाही कर मा0 न्यायालय उतरौला भेजा गया।

विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक संपन्न

सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर। मा० प्रभारी मंत्री/माननीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग श्री नितिन अग्रवाल जी की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी महोदय श्री अरविंद सिंह, माननीय विधायक बलरामपुर सदर पलटूराम, माननीय विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला, माननीय विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा उपस्थित रहे। विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने नगर पालिका में साफ सफाई की व्यवस्था, किसान सम्मान निधि, मोटे अनाज के प्रति जागरूकता अभियान, विद्युत आपूर्ति, गड्ढा मुक्ति, आयुष्मान भारत, जिला मुख्यालय को 02 लाइन से 04 लेन पर जोड़ जाना, आयुष्मान भारत, दवाओ की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपलब्धता, निराश्रित गोवंश, आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, मनरेगा, एनआरएलएम,प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, पर्यटन विकास की संभावनाओं की तलाश, मिशन कायाकल्प, सामूहिक विवाह, कन्या सुमंगला योजना,कर करेत्तर, ग्राम चौपाल आदि की समीक्षा की गई। उन्होंने पराली लाओ खाद ले जाओ की योजना का व्यापक प्रचार प्रसार विकासखंड स्तर पर किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाए जाने,निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल का नियमित निरीक्षण किए जाने का निर्देश दिया।

थाना हर्रैया क्षेत्र से दो बोटा जंगली सागौन की चोरी की लकडी के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी ललिया श्री राधारमण सिंह के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष थाना हरैया श्री दुर्बिजय के कुशल नेतृत्व मे वांछित/वारंटिओं की गिरफ्तारी व अपराध व अपराधियों के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में- आज दिनांक 27.09.23 को उ0नि0 सुनील कुमार पाल मय हमराही कां0 सुनील कुमार हे0कां0 संतोष कुमार , कां0 उमेश कुमार के देखभाल क्षेत्र शान्ति व्यवस्था ड्यूटी एवं रोकथाम जुर्म जरायम मे रवाना थे , मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम गुगौली कला के पास एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 02 बोटा जंगली सागौन की चोरी की लकड़ी जो कि मोटर साईकिल नं0 UP 47B9714 लदी है को बरामद किया गया । फर्द बरादमगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-171/23 धारा 379/411 IPC व धारा 26 F Act व धारा 27/29/31/51 WLP ACT का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय रवाना किया गया ।

समीक्षा गन्ना से सम्बन्धित सभी सड़कों की मरम्मत पेराई सत्र चालू होने से पहले कराकर अवगत कराने के निर्देश लोक निर्माण विभाग अधिकारियों को निर्देश दिए

जिलाधिकारी ने गन्ना मूल्य भुगतान एवं नये पेराई सत्र की तैयारियों की समीक्षा में दिये सख्त निर्देश

बलरामपुर जिला संवाददाता के बी गुप्ता। जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने बकाया गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर सख्त रूख अपनाया है। उन्होंने पेराई सत्र 2022-23 में बकाया गना मूल्य का भुगतान जल्द से जल्द करने के लिए चीनी मिलों के महाप्रबंधकों को सख्त निर्देश दिये हैं, साथ ही गन्ना से सम्बन्धित सभी सड़कों की मरम्मत पेराई सत्र चालू होने से पहले कराकर अवगत कराने के निर्देश लोक निर्माण विभाग अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में गन्ना मूल्य भुगतान एवं नये पेराई सत्र की तैयारियों की समीक्षा की जिसमें ज्ञात हुआ कि पेराई सत्र 2022-23 में जनपद की चीनी मिल बलरामपुर व तुलसीपुर द्वारा गन्ना किसानों को शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है परन्तु चीनी मिल इटईमैदा द्वारा मात्र 38.36 प्रतिशत ही भुगतान किया गया है। इस पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने चीनी मिल महाप्रबंधक संजीव शर्मा को सख्त निर्देश दिये कि बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान जल्द से जल्द करायें अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। चीनी युनिट हेड द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि पेराई सत्र 2022-23 में उत्पादित चीनी, शीरा एवं अन्य सह उत्पादों की बिक्री से निर्धारित टैगिंग के अनुसार गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा रहा है।सीसीएल स्वीकृत कराये जाने की समीक्षा में चीनी मिल बलरामपुर एवं तुलसीपुर के यूनिट हेड द्वारा अवगत कराया गया कि पेराई सत्र 2023-24 के लिए क्रमशः अंकन 270 करोड़ व 160 करोड़ रूपए के सीसीएल का आवेदन किया गया है जबकि इटईमेदा चीनी मिल द्वारा सीसीएल के लिए आवेदन नहीं किया गया है। चीनी मिलों की रिपेयरिंग एवं मेन्टीमेन्स में ज्ञात हुआ कि चीनी मिल बलरामपुर 75 प्रतिशत, तुलसीपुर में 71.75 प्रतिशत तथा इटईमैदा में 65 प्रतिशत रिपेयर एवं मेन्टीनेन्स का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी सभी चीनी मिलों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि रिपेयर एवं मेन्टीनेन्स का कार्य समय से पूर्ण कराकर चीनी मिलों का संचालन ससमय कराना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर उपजिलाधिकारी संतोष ओझा, जिला गन्ना अधिकारी रणजीत कुशवाहा सहित चीनी मिलों के महाप्रबंधक उपस्थित रहे।

ख़ास ख़बर

राजकार्य में बाधा डालने के मामले में फरार एक आरोपी को किया गिरफ्तार

रवि कुमार सैनी शाहपुरा (जयपुर)। मनोहरपुर (शाहपुरा) मनोहरपुर थाना पुलिस ने राजकार्य में बाधा डालकर अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि 14 अगस्त को अमरसर पुलिस ने धर्मेन्द्र गोरा उर्फ धन्नाराम जाट के खिलाफ 26.1 किग्रा डोडा- पोस्त के छिलके व चूरा तथा इसे पीसने व पैकिंग के उपकरण पाए जाने पर कार्रवाई की थी। इस दौरान आरोपी धर्मेन्द्र गोरा उर्फ धन्नाराम को उसकी पत्नी व पड़ोसियों द्वारा राजकार्य में बाधा उत्पन्न कर जबरन पुलिस कब्जे से छुड़ाकर भगा ले जाने पर पुलिस थाना अमरसर ने मामला दर्ज किया था। मामले की जांच के बाद मनोहरपुर पुलिस ने दबिश देकर मुख्य आरोपी धर्मेन्द्र जाट को गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी को न्यायालय ने जेल भेज दिया गया।

शाहपुरा के उप जिला अस्पताल में विधायक ने किया CBC मशीन का शुभारंभ

रवि कुमार सैनी शाहपुरा (जयपुर)। भामाशाहो के सहयोग से करीब 7 लाख की 5 पार्ट की CBC मशीन का किया शुभारंभ एक साथ हो सकेंगी 60 से 100 मरीजों की जाँच शाहपुरा विधायक आलोक बेनीवाल व चेयरमैन बंशीधर सैनी ने किया शुभारंभ भामाशाह रामवतार ताखर व डॉ ओमप्रकाश भदाला की ओर से दी गई मशीन इधर उप जिला चिकित्सालय प्रभारी डॉ हरीश मोहन मुदगल ने बताया 15 से 20 दिन बाद जाँच करवाने के बाद घर बैठे अपने फोन में देख सकेंगे रिपोर्ट, उसकी भी सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही हैं वहीं विधायक बेनीवाल ने चिकित्सकों के ओपीड़ी रूम व प्रसूति वॉर्ड का भी किया निरीक्षण साफ-सफाई रखने के दिये निर्देश कार्यक्रम के दौरान विधायक बेनीवाल ने भामाशाहो का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया।कार्यक्रम में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी,नगरपालिका उपाध्यक्ष,पार्षदगण,आमजन व चिकित्सालय स्टाफ रहा मौजूद रहे।

चार दिवसीय शिविर का आयोजन आज से

दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चितौड़गढ़ जिले की रावतभाटा तहसील के दूधिया तलाई गांव स्थित सबरी माता आश्रम में श्री क्षत्रिय युवक संघ का चार दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर का 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक आयोजन किया जा रहा है। छठी कक्षा में अध्यनरत या 10 वर्ष की आयु से ऊपर किसी भी उम्र तक अर्थात किशोर आयु से सीनियर सिटिजन तक भाग ले सकते है। शिविर का मुख्य उद्देश्य सभी को सामूहिक संस्कारमयी कर्म प्रणाली के तहत प्रशिक्षित करना है। शिविर में पूरे दिन के निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार प्रार्थना, खेल, बौद्धिक चर्चा, यज्ञ आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिविर में युवाओं को अनुशासनपूर्ण जीवन जीने के लिए, स्वयं को व्यक्तित्व निर्माण के लिए अभ्यस्त किया जायेगा शिविर में युवाओं को क्षत्रियोचित संस्कारों का शिक्षण दिया जायेगा,जिससे राष्ट्र व समाज निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर सकें। शिविर क्षत्रिय धर्म के पालन सहित श्री क्षत्रिय युवक संघ की कार्यप्रणाली और संघ से प्राथमिक परिचय करवाया जाएगा।

वरिष्ठ अध्यापिका को हटाने की मांग

दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चित्तौड़गढ़। रावतभाटा तहसील की ग्राम पंचायत टोलु का लुहारिया स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय लुहारिया में अध्यापन कार्यरत वरिष्ठ अध्यापिका रोशन मीणा को हटाने के लिए ग्रामीणों एवं छात्र - छात्राओं ने विधायक बिधूड़ी को ज्ञापन सौंपा। छात्र छात्राओं का आरोप है की अध्यापिका विद्यालय में हमेशा विलंब से आती है तथा विद्यालय में किसी भी प्रकार की शैक्षिक गतिविधियां में सहयोग नही करती है। तथा हमेशा ही बच्चों एवं भामाशाहों, जनप्रतिनिधियों को एससी एसटी एक्ट और महिला आयोग की कार्यवाही में फसाने की धमकियां देती है। छात्राओं का आरोप है की अध्यापिका रोशन मीणा के पास सेंट्री नेपकिन का प्रभार है जो यह समय पर वितरित नही करती है। तथा समय पर कालांश लेकर अध्यापन कार्य भी नही करवाती है। इन आरोपों के साथ विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी से वरिष्ठ अध्यापिका को हटाने की मांग की।

आम आदमी पार्टी के नेता की शाही शादी में करोड़ों का खर्च

दैनिक शुभ भास्कर/ जसवंत सेन/ राजस्थान /उदयपुर। लोग खामखां राघव चड्ढा और परिणीति चौपड़ा की शादी में खर्च हुए करोड़ों लोगों को मुद्दा बना रहे हैं। राघव आम आदमी पार्टी के सांसद हैं,खुद आम आदमी नहीं है। लंदन स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स से पढ़ने वाला और फिल्म अभिनेत्री से शादी करने वाला कोई आदमी आम कैसे हो सकता है। वो तो खास ही होगा। 2022 में राज्यसभा चुनाव में राघव ने अपनी सम्पत्ति 37 लाख बताई थी। इसी संपत्ति को मुद्दा बनाकर सवाल उठाए जा रहे हैं कि आखिर इतना पैसा चड्ढा ने शादी में खर्च कैसे किया? अरे भाई,उसकी पत्नी परिणीति के पास तो 60- 70 करोड रुपए की दौलत है। परिणीति क्या अपनी शादी में पैसे खर्च नहीं कर सकती। यह तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला सशक्तिकरण का सबसे मजबूत उदाहरण है कि एक महिला अपनी शादी के लिए खुद पैसे खर्च कर रही है। भारतीय संस्कृति में भी शादी में वधु पक्ष ही खातिरदारी पर ज्यादा खर्च करता है। यहां तो वधु खुद ही बड़ी आसामी है। राघव चड्ढा आप के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सच्चे समर्थक हैं। जिस तरह केजरीवाल की कथनी और करनी में जमीन -आसमान का फर्क है। ठीक वैसे ही राघव चड्ढा की बातों और आचरण में है। कभी खुद को सड़क का आदमी और गरीब बताने वाले राघव ने अपनी बारात में सड़क का इस्तेमाल तक नहीं किया और उनकी बारात पिछोला झील में नावों में निकली।

सरोज हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर का अवैध संचालन

सुनील कुमार मिश्रा /दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान / उदयपुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर शंकर एच बामनिया ने बताया कि विश्वस्त सूत्रों से सूचना प्राप्त होने पर भुवाना उदयपुर स्थित सरोज हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर पर कार्यालय से टीम गठित कर निरीक्षण करने हेतु भेजा गया । टीम में डॉक्टर अशोक आदित्य डी आर सी एच ओ ,डॉक्टर राकेश गुप्ता एस एम ओ , श्री राजेंद्र सोलंकी ,सहायक प्रशासनिक अधिकारी और श्री शरद पाटीदार , कोऑर्डिनेटर चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना सम्मिलित थे । श्रीमती केसर देवी ने अपने परिवार जनों के साथ सीएमएचओ डॉ बामनिया को लिखित में शिकायत दी कि सरोज हास्पिटल में कार्यरत डॉ सुरज्ञान जो राजकीय सेवा में है द्वारा एम्बुलेंस चालकों से कमिशन पर सीधे ही मरीजों को सरोज हास्पिटल लेकर

आने के लिए बोल रखा है जिससे अनजान मरीज इनके झांसे में फस जाता है। हमारे साथ भी ऐसा ही किया गया। बिजली से जल जाने पर भरत निनामा को हम उदयपुर के राजकीय चिकित्सालय में ला रहे थे लेकिन धोखे से हमें सरोज हास्पिटल में लाया गया। आपरेशन के नाम पर 10 लाख से अधिक रकम वसूल कर ली गई और 3लाख और मांगे जा रहे हैं।भरत के स्वास्थ्य में कोई संतोषजनक सुधार नहीं हो रहा है। इससे इनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।टीम ने वहां जाकर निरीक्षण एवं पूछताछ की और उसके संचालन से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा जिसमें चिकित्सा संचालन संबंधी क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट का रजिस्ट्रेशन ,वर्तमान में कार्यरत चिकित्सकों की सूची ,पैरामेडिकल स्टाफ की सूची, बायोमेडिकल वेस्ट संबंधी प्रमाण पत्र ,पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड संबंधी प्रमाण पत्र मांगे गए जिन में से कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए । चिकित्सालय के मालिक ललित चोरडिया ने संचालन प्रक्रिया संबंधी कोई कार्यवाही नहीं की थी एवं प्रमाण पत्र नहीं ले रखे थे इससे ज्ञात होता है कि अवैध रूप से हॉस्पिटल का संचालन किया जा रहा था । वहां कार्यरत उपस्थित डॉ नितिन का राजस्थान में प्रेक्टिस करने हेतु आरएमसी नंबर भी नहीं था । वह भी अवैध रूप से प्रैक्टिस कर रहे थे । इस प्रकार से अन्य मरीजों के साथ भी धोखा किया जा रहा है और किसी प्रकार का रजिस्ट्रेशन नहीं होने से आम जनता के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। इसकी सूचना खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा पुलिस को दी गई है और उचित कार्यवाही के लिए कहा गया है।

सहायक एवं संविदा कर्मचारी का धरना प्रदर्शन जारी

विधि भट्ट/ दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान /उदयपुर। महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय के मुख्यमंत्री निशुल्क दवा वितरण योजना के सहायक कर्मचारियों का धरना सार्वजनिक क्षेत्र ठेका संविदा कर्मचारी संघ इंटक के बैनर तले राहुल शर्मा के नेतृत्व में आज नौवे दिन भी जारी रहा आज दिनांक तक प्रशासन या सरकार के किसी भी नुमाइंदे द्वारा इस विषय पर कोई बात नही की गई जिससे कर्मचारी वर्ग में काफी रोष है साथ अधीक्षक महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय के अधीक्षक द्वारा इनकी जायज मांग के संदर्भ में न बात करके उल्टा दो लेबर को दवा वितरण केंद्रों पर साफ सफ़ाई व दवा सप्लाई हेतु लगाया जिस पर कर्मचारी वर्ग में काफी रोष है साथ ही उन्होंने आरोप लगाए की अधीक्षक द्वारा या तो ठेकेदारों से मिलीभगत होने की संभावना लगती है तभी उनके द्वारा ठेका शर्तों के मुताबिक राज्य सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी व पी.एफ., ई.एस.आई के नियमो का पालन करने की शर्त है बावजूद इसके ठेकेदारों द्वारा गड़बड़ करने पर भी इनके द्वारा क्यू जांच नही की जा रही है साथ ही ठेका प्रथा से लड़ रहे कर्मचारी के लिए नई निविदा निकाली गई जिसमे 1 शर्त को बदल कर यह कर दिया की किसी भी फर्म पर अगर एफआईआर होती है तो भी कोई नी बस आरोप सिद्ध नही होने चाहिए या सजा नही होनी चाहिए अस्पताल प्रशासन की इस प्रकार के कार्यों से समस्त कर्मचारी वर्ग में काफी रोष है।

पं.धीरेन्द्र शास्त्री 6 से 8 अक्टू.अलवर में, तैयारियां पूरी-सीए श्रीकिशन

पप्पन सेन अलवर, अलवर। बागेश्वर हनुमान भक्त धीरेन्द्र शास्त्री 6 अक्टूबर को अलवर हनुमान कथा का आयोजन करने आएगे उनके कार्यक्रम की सभी तैयारियों को अमली जामा पहना दिया गया है इस कार्यक्रम में करीब 5 लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था आयोजक कमेटी ने की है भक्तों की भारी भीड एवं शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने पूरी कमर कस रखी है आयोजक कमेटी के सीए किशन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पण्डित धीरेन्द्र शास्त्री 6 अक्टूबर को अलवर के केन्द्रीय विधायल के प्रांगण में बने हैलीपेड पर उतरेगे वहा से उन्हें कुछ समय आराम के लिए ले जाया जाएगा इसके बाद उनका अभिनन्दन करने के लिए खुली जीप में बैठा कर शहर के प्रमुख मार्गो से कार्यक्रम स्थल पर ले जाया जाएगा जहां शाम 4 बजे से आठ बजे तक प.धीरेन्द्र शास्त्री कथा का आयोजन करेगें।

सोशल मीडिया पर उगते दावेदार

जसवंत सेन राजस्थान। विधानसभा चुनाव में कोटपूतलीशहर की सीटों सहित जिले की सीटों पर इतने दावेदार हैं नहीं,जितने इन दिनों सोशल मीडिया पर बताए या दिखाए जा रहे हैं।दरअसल,यूट्यूब पर इंटरव्यू दिखाकर या ब्लॉग लिखकर उम्मीदवार लगातार बढ़ाए जा रहे हैं। जबकि हकीकत में इनमें से कई तो ऐसे हैं कि उन्हें उनके क्षेत्र के लोग भी नहीं जानते या फिर अगर उन्हें पार्षद का चुनाव लड़ा दिया जाए,तो वह जीतने की हैसियत नहीं रखते। सोशल मीडिया की दौड़ से पहले चुनावों में दावेदारों के नाम अखबारों में ही छपा करते थे और खबरनवीस गंभीर और मजबूत दावेदारों के नाम पुख्ता जानकारी के बाद ही अपनी खबरों में शामिल किया करते थे। हालांकि तब भी कई नेताओं का अपने परिचित रिपोर्टरों से आग्रह होता था कि वह उनका नाम भी दावेदारों में चला दें,ताकि लोग जानने लग जाए और इसी बहाने उनकी भी थोड़ी बहुत नेतागिरी की दुकान चल निकले। फिर जब कांग्रेस और भाजपा ने दावेदारों से आवेदन लेने शुरू किए,तो ऐरे-गैरे औय छुटभैये नेता भी आवेदन देने लगे और दावेदारों में शुमार होने लगे। अब सोशल मीडिया के युग में यू ट्यूब चैनल और ब्लॉग लेखन बढ़ने से हर कोई स्वयंभू पत्रकार बन गया है। ऐसे से अपने पक्ष में ब्लॉग लिखवाकर या इंटरव्यू देकर ऐसे दावेदार प्रचार पाने के प्रयास में लगे हैं। जबकि असलियत ये है कि ऐसे दर्जनों नाम महज आवेदन देने तक ही सीमित हैं। ना तो ये ऐसे राजनीतिक हैं कि चुनाव लड़ सके और ना ही पार्टी इन्हें गंभीरता से लेती है। लेकिन ऐसे दावेदारों के कारण माहौल ऐसा बन जाता है,मानो दोनों ही पार्टियों में टिकटों की मारामारी है। ऐसे दावेदार खुद को ऐसे भी प्रदर्शित कराते हैं जैसे उनकी जाति में उनके अलावा कोई दूसरा दम रखता ही नहीं है। अपन कोटपूतली में आज भी ऐसे कई नेताओं को जानते हैं, जो पिछले 25-30 साल से टिकट के लिए दावेदारी कर रहे हैं। लेकिन आज तक उनकी पार्टी ने उनको इस लायक नहीं माना। यानी जवानी से बुढ़ापा आ गया, लेकिन टिकट मांगने का मोह नहीं छूटा। इनमें से कई तो इतने बेशर्म हैं कि पार्षद से लेकर लोकसभा चुनाव तक के टिकट की दावेदारी कर देते हैं। खुद पार्टियों ने भी टिकट वितरण को तमाशा बना दिया है। ये हर कोई जानता है कि पार्टिया अपने स्तर पर कई चरण में आंतरिक सर्वे करने के बाद टिकट देती है। लेकिन इसके पहले पर्यवेक्षक भेजकर और आवेदन लेने की नौटंकी के कारण कई दावेदार पैदा कर दिए जाते हैं। कांग्रेस में ये नौटंकी ज्यादा होती है,इसलिए वहां हर सीट पर दावेदारों की भीड़ नजर आती है,लेकिन मुकाबले लायक दो-तीन भी नहीं होते। भाजपा इस नौटंकी पर ज्यादा समय बर्बाद नहीं करती,लेकिन इस बार राजस्थान में सत्ता में वापसी की उम्मीद में वहां भी टिकटार्थी बढ़े हैं। लेकिन वहां भी हवाई दावेदार ज्यादा और जमीनी कम है। सोशल मीडिया के ये उम्मीदवार कोटपूतलीही नहीं पूरे राजस्थान में उग और उगाए जा रहे हैं। मन में ये भी जानते हैं कि टिकट मिलना नामुमकिन है,लेकिन प्रचार पाने में क्या हर्ज है। लगे रहिए, आगे लोकसभा चुनाव में भी ऐसे ही दावेदारी कीजिए।

श्याम सोमवंशी अलवर राजस्थान केबीनेट मंत्री के खिलाफ प्रधानों ने खोला मोर्चा

अलवर। नारी हितों का अलाप रागने वाली कांग्रेस पार्टी का असली मुखौटा तब सामने आया जब मालाखेडा प्रधान श्रीमती वीरमती व उमरेण प्रधान दोलत राम जाटव ने कांग्रेस के नेताओं पर आरोप लगाया कि हमारा बायोडाटा पार्टी नेताओं ने भेजा ही नही है कांग्रेस पार्टी का फीडबैक जानने के लिए दिल्ली से आई प्रवक्ता अमृता धवन और किरण चौधरी की आने की सूचना सभी उन सभी प्रत्याशियों मिल गई लेकिन मालाखेडा प्रधान और उमरैण प्रधान को इसकी कोई जानकारी नही मिली उन्हें कही से सूचना मिली तो वो भी सर्किट हाउस पहुचे जहां उन्हें पता चला कि इन पदाधिकारियों के सामने सिर्फ दस विधानसभा के प्रत्याशियों के नाम दिए गए है उनमें ग्रामीण विधानसभा का कही कोई नाम नही है । मालाखेडा प्रधान वीरमती जाटव और उमरेण प्रधान दौलत राम जाटव ने सर्किट हाउस में पत्रकारों के सामने आरोप लगाया कि कि उन्होंने अपना वायोडाटा पार्टी के ब्लाक अध्यक्ष के पास जमा करवाया था लेकिन पार्टी ने उनके नाम को लिस्ट तक में नही डाला क्योंकि पार्टी नही चाहती कि मंत्री के खिलाफ कोई दूसरा उम्मीदवार खडा हो या टिकट मांगे प्रधान दौलत राम जाटव ने कहा कि इस बार मंत्री का फीड बैक इतना खराब है कि वे किसी भी सूरत में नही जीत सकते उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में काम नही किए और हम करना चाहते थे वे भी रोक दिए सरपंचों के काम भी नही हुए जिससे ग्रामीण क्षेत्र के सभी लोग मंत्री के खिलाफ है लगातार जनता प्रदर्शन कर रही है यह जानकारी पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियो को है लेकिन वे भी एक सीट का बलिदान करने की ठान बैठे है प्रधान वीरमती ने कहा कि इस बार क्षेत्रवासी क्षेत्र के ही दावेदार की मांग कर रहे है चाहे कांग्रेस हो या भाजपा दोनो ही पार्टियों में इस बार मांग उठी हुई है केबीनेट मंत्री वैसे भी दूसरी विधानसभा के है जो ग्रामीणों की कसौटी पर खरे नही उतर रहे है।

जूली के निजी कार्यक्रम में सीएम सहित अनेकों नेता आएगें

अलवर। राजस्थान प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली की माताजी विमला देवी एवं पिता स्वर्गीय लेखराम की प्रतिमा अनावरण समारोह में कल उनके पैतृक गांव काठुवास में पहुंचेंगे। जूली इंटरनेशनल औद्योगिक इकाई परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जहां सीएम गहलोत होंगे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह करेंगे। कार्यक्रम में अलवर जिले सहित राजस्थान से लोग शामिल होंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की जनसभा को सफल बनाने का आवाहन करते हुए अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के उमरेन ब्लॉक अध्यक्ष जफरु खान एवं मालाखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सावित्री मीणा के नेतृत्व में ग्रामीणों को पीले चावल बाटकर कार्यक्रम में आने का न्योता दिया गया। कार्यक्रम से एक दिन पूर्व जिला कलेक्टर बहरोड कोटपूतली शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने सभा स्थल व हेलीपैड का निरीक्षण किया।इस अवसर पर लालाराम सैनी, हिम्मत चौधरी, बाबूलाल बैरवा,अशोक शर्मा, सदा राम बेरवा, अनिल नरूका, हिम्मत सिंह पटेल सहित कांग्रेस के पूर्व सांसद, वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य पंचायत समिति सदस्य सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहेंगे।

बारावफात पर्व के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने रखने हेतु कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

अलवर। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री पुखराज सेन ने बारावफात (चांद से) पर्व के अवसर पर क्षेत्रा में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं साम्प्रदायिक सौहार्द कायम रखने हेतु कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए है।जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने अपर जिला मजिस्ट्रेट (शहर) को ओवर ऑल मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। उपखंड मुख्यालयों पर संबंधित उपखंड मजिस्ट्रेट को कार्यपालक मजिस्ट्रेट एवं तहसील क्षेत्रों के लिए संबंधित तहसीलदार को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। संबंधित मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रों में साम्प्रदायिक सौहार्द, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने-अपने क्षेत्रा के समकक्ष पुलिस अधिकारियों के साथ निरंतर भ्रमण करते हुए निगरानी रखेंगे साथ ही असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर विशेष अंकुश लगाने हेतु उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।

सरपंच, उप सरपंच एवं वार्ड पंच के पदों हेतु उप चुनाव कार्यक्रम घोषित

अलवर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं में सरपंच, उप सरपंच एवं वार्ड पंच के रिक्त पदों के लिए उप चुनाव कार्यक्रम घोषित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी पुखराज सेन ने बताया कि उप चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता के प्रावधान प्रभावी हो गए हैं जो निर्वाचन प्रक्रिया समाप्ति तक प्रभावी रहेंगे। उन्होंने संबंधित उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता की सख्ती से पालना कराए। उन्होंने बताया कि सरपंच एवं पंच पद के 16 अक्टूबर 2023 को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा लोक सूचना जारी की जाएगी। 30 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक नाम निर्देशन पत्रा प्रस्तुत किए जाएंगे, 31 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी एवं इसी दिन अपराह्न 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे तथा 31 अक्टूबर को ही नाम वापसी के समय के तुरन्त पश्चात चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लडने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन होगा। 5 नवम्बर को प्रातः 8 बजे से सांय 5 बजे तक मतदान होगा। मतदान समाप्ति के तुरंत पश्चात संबंधित पंचायत मुख्यालय पर मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि उप सरपंच का चुनाव 6 नवम्बर को होगा। उप सरपंच के चुनाव के लिए प्रातः 9 बजे से पूर्व ही बैठक नोटिस जारी किया जाएगा। प्रातः 10 बजे बैठक प्रारम्भ होगी। प्रातः 11 बजे नाम निर्देशन पत्रा/प्रस्तावों के प्रस्तुतीकरण किया जा सकेगा। प्रातः 11:30 बजे नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा होगी तथा इसके तुरन्त पश्चात दोपहर 12 बजे तक चुनाव लडने वाले अभ्यर्थी की सूची तैयार की जाएगी एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा । इसी दिन दोपहर 12 बजे से दोपहर 1 बजे तक मतदान होगा। मतदान के तुरन्त पश्चात मतगणना एवं परिणाम की घोषणा की जाएगी।

पंडित दीनदयाल का जीवन राष्ट्रसेवा और समर्पण का प्रतीक

दैनिक शुभ भास्कर/राकेश जैन/ राजस्थान /उदयपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर 1916 को मथुरा जिले के "नगला चन्द्रभान" ग्राम में हुआ था। पंडित दीनदयाल का व्यक्तित्व हमेशा प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा' उक्त विचार पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107वीं जयंती पर जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के प्रताप नगर परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का राष्ट्र व मानव निर्माण में योगदान"* विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में कुलपति प्रोफेसर कर्नल शिव सिंह सारंगदेवोत ने कहे। कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा जिले के नगला चंद्रभान गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय और माता का नाम रामप्यारी था। उनके पिता रेलवे में सहायक स्टेशन मास्टर थे और माता धार्मिक प्रवृत्ति की थीं। दीनदयाल 3 वर्ष के भी नहीं हुए थे, कि उनके पिता का देहांत हो गया और उनके 7 वर्ष की उम्र में मां रामप्यारी का भी निधन हो गया था। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आएं, आजीवन संघ के प्रचारक रहे। 21 अक्टूबर 1951 को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में 'भारतीय जनसंघ' की स्थापना हुई। 1952 में इसका प्रथम अधिवेशन कानपुर में हुआ और दीनदयाल उपाध्याय जी इस दल के महामंत्री बने तथा 1967 तक वे भारतीय जनसंघ के महामंत्री रहे। अंत्योदय का नारा देने वाले दीनदयाल उपाध्याय का कहना था कि अगर हम एकता चाहते हैं, तो हमें भारतीय राष्ट्रवाद को समझना होगा, जो हिंदू राष्ट्रवाद है और भारतीय संस्कृति हिन्दू संस्कृति है। उनका कहना था कि भारत की जड़ों से जुड़ी राजनीति, अर्थनीति और समाज नीति ही देश के भाग्य को बदलने का सामर्थ्य रखती है। कोई भी देश अपनी जड़ों से कटकर विकास नहीं कर सका है। प्रो सारंगदेवोत ने कहा कि मां भारती की सेवा में जीवनपर्यंत समर्पित रहे अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का व्यक्तित्व और कृतित्व देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।मोदी सरकार ने 25 सितंबर, 2014 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 98 वीं जयंती के अवसर पर ये घोषणा की थी कि उनकी जयंती को 'अंत्योदय दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल का जीवन राष्ट्रसेवा और समर्पण का प्रतीक है।

बैठक | नेहा शर्मा आईएएस (डीएम गोण्डा) के नाम से वाट्सएप चैनल की शुरुआत की गई

डीएम गोण्डा का वाट्सएप चैनल जारी, सीधे जुड़ सकेंगे जनपदवासी

जिला ब्यूरो गोंण्डा शुभ भास्कर। जिलाधिकारी गोण्डा नेहा शर्मा के कार्यालय का एक वॉट्सऐप चैनल लॉन्च किया गया है। Neha Sharma IAS (DM Gonda) के नाम से तैयार इस व्हाट्सएप चैनल के जरिए जनपदवासियों को जनपद से संबंधित हर जानकारी सीधे-सीधे मिलेगी। वह सीधे जिलाधिकारी नेहा शर्मा से संवाद स्थापित कर सकेंगे। जिलाधिकारी गोण्डा के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स पर बुधवार को इसके संबंध में सूचना जारी की गई। इस पोस्ट में एक लिंक भी दिया गया है। जिसपर क्लिक करके आप इस वाट्सएप चैनल पर सीधे जुड़ सकते हैं।

सीएम की राह पर डीएमः प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ आम नागरिकों से संवाद के लिए बीते दिनों अपने व्हाट्सएप चैनल की शुरुआत की थी। वह ऐसा करने वाले देश के पहले मुख्यमंत्री थे। वहीं, मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन पर इस दिशा में पहल करने वाले पहली जिलाधिकारी नेहा शर्मा हैं। बता दें,

मेटा (Meta) ने व्हाट्सएप पर नया फीचर WhatsApp Channel जोड़ है। कुछ ही दिनों पहले शुरू हुआ यह फीचर तेजी से जनता के बीच लोकप्रिय हो रहा है। धीरे-धीरे सिलेब्रटीज यहां पहुंच रहे हैं।

डीएम कार्यालय की हर जानकारी आपके फोन परः डीएम गोण्डा द्वारा तैयार किए गए इस वाट्सएप चैनल की खास बात यह है कि इससे कोई भी जुड़ सकता है। जिलाधिकारी कार्यालय से सीधे और त्वरित अपडेट प्राप्त करने के लिए इस व्हाट्सएप चैनल से लोग आसानी से जुड़ सकते हैं। डीएम की इस अनोखी पहल से आम लोगों को बहुत फायदा मिलेगा। अब हर किसी को प्रदेश की हर योजना और डीएम कार्यालय की हर जानकारी फोन पर मिलेगी।

कलश यात्रा निमंत्रण व टोकन व्यवस्था का शुभारंभ

लक्ष्मणगढ़। यहां के रामलीला मैदान में 16 से 22 अक्टूबर तक होने जा रही ऐतिहासिक, भव्य व विशाल श्रीमद भागवत कथा की व्यवस्थाओं को लेकर आयोजन समिति के पदाधिकारी सदस्य अनवरत संपर्क मे जुटे हुए है तथा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति के मंत्री पुरुषोत्तम मिश्रा ने बताया कि कथा स्थल रामलीला मैदान में टेंट व्यवस्था के लिए बुधवार को प्रातः भूमि पूजन किया गया । उन्होंने बताया कि आचार्य पंडित विकास मिश्रा के आचार्यत्व में आयोजन समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल सैनी ने सपत्नीक पूजा अर्चना की । तथा समिति के अध्यक्ष गिरधारी लाल सैनी के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारी सदस्यों द्वारा घर घर जाकर कथा में आने व परम पूज्य गोवत्स राधाकृष्ण जी महाराज की कथा सुनने के लिए निमंत्रण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर के सभी वार्डों, मौहल्लों व बाजार में कथा सुनने के लिए निमंत्रण के जरिए विशेष आग्रह किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कथा ऐतिहासिक, भव्य व विशाल हो तथा नगर के सभी लोग कथा सुनें इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। महिला समिति की मंत्री डॉ अर्चना पुरोहित ने बताया कि ऐतिहासिक भागवत कथा के लिए कलश यात्रा व शोभा यात्रा में ज्यादा से ज्यादा महिलाएं शामिल हो इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं तथा पालिका क्षेत्र के सभी वार्डों में वार्ड प्रभारी नियुक्त कर कलश यात्रा में शामिल होने वाली महिलाओं की सूची तैयार कर टोकन की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा के लिए ड्रेस कोड भी निर्धारित किया गया है तथा प्रत्येक वार्ड में महिला कलश यात्रा की सूची तैयार करने के बाद टोकन वितरण की व्यवस्था की गई है। डॉ पुरोहित ने बताया टोकन वितरण का शुभारंभ मंगलवार को वार्ड 22 की प्रभारी के नेतृत्व में आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ टोकन वितरण शुरू कर दिया गया है।

ख़ास ख़बर

तुषार सिंगला बने किशनगंज के नए डीएम, श्रीकांत शास्त्री का औरंगाबाद के डीएम पद पर हुआ तबादला

किशनगंज (अली रेजा सिद्दिकी) । किशनगंज के डीएम श्रीकांत शास्त्री का औरंगाबाद डीएम के पद पर तबादला हो गया है। वहीं किशनगंज जिला के नये डीएम तुषार सिंगला बनाये गए हैं। ज्ञातव्य हो कि बिहार सरकार ने लगभग आधा दर्जन आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। ईस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने मंगलवार शाम को अधिसूचना जारी किया है। जहां नये जिलाधिकारियों की तैनाती के अलावा भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अन्य अधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी गई है।.मिली जानकारी के अनुसार किशनगंज के डीएम श्रीकांत शास्त्री को औरंगाबाद का डीएम बनाया गया है। और वित्त विभाग के संयुक्त सचिव तुषार सिंगला को किशनगंज का नया डीएम बनाया गया है। बताते चलें कि किशनगंज के नये डीएम तुषार सिंगला साल 2014 में आईएएस अधिकारी बने थे। आईएएस अधिकारी बनने के लिए यूपीएससी की परिक्षा में उनका दुसरा प्रयास था और दुसरे प्रयास में उन्होंने शानदार सफलता प्राप्त किया था। बताया जाता है कि वह दिल्ली में ईलेक्टिकल इंजीनियर थे लेकिन आईएएस अफसर बनने के सपने को उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से पूरा किया। इनके किशनगंज के नये डीएम बनने से किशनगंज जिला वासियों में खूशी की लहर है और लोगों को उम्मीद है कि किशनगंज जिला के विकास में वह महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

नरकटियागंज के भभटा में आयोजित जन संवाद मे आमजन को दी गयी जानकारी

चंपारण ब्यूरो अशोक वर्मा, नरकटियागंज पश्चिमी चंपारण । नरकटियागंज प्रखण्ड के भभटा पंचायत में बुधवार को जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने दीप प्रज्वलित कर किया । संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा आधारभूत संरचना के निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं, समाज सुधार के कार्यक्रमों के साथ-साथ कई लोक कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं का लाभ आम जनों को ससमय एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध हो यह सरकार की प्राथमिकता रही है। जिला प्रशासन द्वारा इस दिशा में तत्परतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजनों को प्रदान करने तथा उनके सुझाव एवं प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए आज इस जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजना/कार्यक्रम शत-प्रतिशत धरातल पर उतर रहा है अथवा नहीं इसकी पूरी जानकारी उपलब्ध करना। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बेतिया डि० अमरकेश, उप विकास आयुक्त अनिल कुमार, अपर समाहर्त्ता राजीव कुमार,जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल राय, एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता, बीडीओ सतीश कुमार, सीओ राहुल कुमार समेत अन्य विभागों के जिलास्तरीय, अनुमंडल स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी व जनप्रतिनिधिओ के साथ साथ स्थानीय लोगो की उपस्थिति रही ।

कटकमदाग के पत्रकारों की हुई बैठक, सीओ से की शिष्टाचार मुलाकात

दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हज़ारीबाग । कटकमदाग प्रखंड के पत्रकारों की बैठक बुधवार को बानादाग पहाड़ी स्थित वरिष्ठ पत्रकार के.के. सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक के बाद कटकमदाग अंचल में नव पदस्थापित अंचल अधिकारी प्रशांत कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की गई। सीओ ने सभी पत्रकारों से परिचय प्राप्त की। उन्होंने पत्रकारों से पूर्व में पदस्थापित स्थलों, कार्यो व अनुभवों को साझा किया। कहा कि राजस्व का कार्य थोड़ी जटिल होती है। पर जनता के जो भी सही कार्य होगा उसे तत्काल निष्पादन करने का प्रयास करूंगा। विवादित मामलों के निष्पादन व लायन ऑर्डर दुरुस्त रखने में पत्रकारों से सहयोग की अपेक्षा जताई। पत्रकारों की बैठक में प्रेस भवन का निर्माण कराने, संघ का पुनर्गठन करने, प्रत्येक माह बैठक कर कोष संग्रह करने व समाचार संकलन के लिए समन्वय स्थापित करने पर चर्चा की गई।

झामुमो ने मनाई टेकलाल महतो की 12वीं पुण्य तिथि

दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हज़ारीबाग । झामुमो कार्यालय डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक हजारीबाग में स्वर्गीय टेकलाल महतो की 12वीं पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर झामुमो नेताओं व कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय टेकलाल महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया और झारखंड अलग राज्य के निर्माण में उनके संघर्षों को याद किया गया। इस अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला संयोजक मंडली सदस्य नीलकंठ महतो, नगर संयोजक मंडली सदस्य सादाब हाशमी, इचाक संयोजक मंडली सदस्य मनोहर राम, मो. कुर्बान अंसारी, बालकुमार महतो, एवं सक्रिय सदस्यों में कमरूल अंसारी, इमरान खान सहित दर्जनों नेता व कार्यकर्ता शामिल थे।

हज़ारीबाग औलिया मस्जिद कमेटी की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने को ले चला बुलडोजर

दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग,हजारीबाग। नवाबगंज स्थित औलिया मस्जिद कमेटी के दखल की जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने को लेकर न्यायालय के आदेश पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए बुधवार को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस अवसर पर प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों के अवैध निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त करते हुए अतिक्रमण मुक्त कराया। इस बाबत मस्जिद कमेटी के सचिव गुलाम खान ने बताया कि केस नंबर 829/ 65 के तहत मामला दर्ज कराया गया था। मस्जिद कमेटी की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर जामा मस्जिद के तत्कालीन इमाम अब्दुल वाहिद ने केस दर्ज कराया था जिस पर कार्रवाई चल रही थी मगर इस कार्रवाई को पुनर्जीवित करने को लेकर सन 1998 में इस केस की अगुवाई कर रहे स्वर्गीय रफीक अंसारी, हाजी गुलाम मोईनुद्दीन, स्वर्गीय एच एच रहमान, अलाउद्दीन हवारी, गुलाम खान के द्वारा केस को जारी रखा जिस पर न्यायालय न्यायिक कार्यवाही करते हुए मस्जिद कमेटी की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश जारी किया। जिस पर बुधवार को मजिस्ट्रेट और पुलिस बल के साथ अतिक्रमण स्थल को मुक्त करने की कार्रवाई की गई। मस्जिद कमेटी के सचिव अलाउद्दीन हवारी ने बताया कि यह न्यायालय के द्वारा न्याय संगत कार्रवाई की गई है और अतिक्रमण किए गए लोगों पर करवाई किया जाना मस्जिद कमेटी की जीत है। अब मस्जिद कमेटी के द्वारा मस्जिद परिसर को विस्तारित करते हुए नए सिरे से निर्माण कार्य कराए जाएंगे इस दरमियान अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों और मस्जिद कमेटी के लोगों का अतिक्रमण किए गए लोगों के द्वारा पुरजोर विरोध किया गया।

पीरामल फाउंडेशन ने आयोजित की संयुक्त संगठन एक दिवसीय कार्यशाला

दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी, हज़ारीबाग । जिला प्रशासन एवम स्थानीय एनजीओ के आपसी सहयोग से अभिसरण को बढ़ावा देने के लिए 27 सितंबर को होटल कनेरी इन में नीति आयोग की सहयोगी संस्था पीरामल फाउंडेशन के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे कुल 32 एनजीओ के प्रतिनिधि ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य हजारीबाग जिला में स्थानीय एनजीओ के आपसी सहयोग से नीति आयोग के सूचकांकों को बेहतर बनाने के लिए तथा इसके द्वारा सतत विकास के गोल को पूरा किया जा सके ,तथा जिला प्रशासन और स्थानीय एनजीओ के बीच बेहतर संवाद कैसे किया जाए जिससे चुनौतियों को साझा किया जा सके । इसके साथ ही लोकल एनजीओ कैसे अपने संस्थाओं का संचालन कर सके जिससे की वह अपने संस्थाओं की भूमिका जिला के विकास में दे सके । कार्यशाला में जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी के द्वारा जिला के विकास में एनजीओ की भूमिका , शिक्षा, स्वास्थ्य , पोषण , लिवलीहुड आदि क्षेत्रों में और कार्य किए जाने की जरूरतों को बताया इसके साथ ही जिला प्रशासन के तरह से आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया गया। पीरामल फाउंडेशन के झारखंड कार्यक्रम निदेशक के द्वारा पीरामल फाउंडेशन तथा आकांक्षी जिला/ ब्लॉक कार्यक्रम क्या है तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, फेलोशिप के द्वारा कैसे समाज में बदलाव लाया जा रहा है विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यशाला को जिला लीड बिंधवासिनी राय के द्वारा हजारीबाग जिला में शिक्षा स्वस्थ , पोषण, ग्राम पंचायत में किए जा रहे कार्यों के बारें में विस्तृत चर्चा किए।

एसीबी ने दो को दबोचा

चतरा । भ्रष्टाचार के विरुद्ध चतरा में ऐसीबी की बड़ी कार्रवाई। घूस लेते पंचायत सचिव और प्रखंड समन्वय को रंगे हाथ किया गिरफ्तार। गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में जाल बिछाकर की कार्रवाई। डीएसपी विमलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में पहुंची हजारीबाग एसीबी की टीम को मिली कामयाबी। पंचायत सचिव कमलेश वर्मा को 05 हजार और प्रखंड समन्वयक सीताराम रजक को 02 हजार घूस लेते रंगेहाथ किया गया गिरफ्तार। गिरफ्तारी के बाद दोनों को अपने साथ हजारीबाग ले गई एसीबी की टीम। मनरेगा के 15वें वित्त आयोग की योजना के तहत निर्मित योजनाओं के नाम पर ले रहा था घुस। पहरा गांव निवासी सूरज साव से ले रहा था पैसा।

सांसद जयंत सिन्हा करवा रहे हैं निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

हजारीबाग । सांसद हज़ारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा हज़ारीबाग लोकसभा में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत वे हज़ारीबाग लोकसभा की पांचों विधानसभाओं में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करवा रहे हैं। अभी तक बरही व सदर विधानसभा में इन शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इसी क्रम में 27 सितम्बर को मांडू विधानसभा के विष्णुगढ़ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने शिविर का लाभ लिया। इस शिविर में आंख, शुगर, ब्लड प्रेशर, डेंगू, मलेरिया व टाइफाइड समेत अन्य महत्वपूर्ण जांचें निशुल्क की गयीं। यहाँ जनरल फिजिशियन भी उपस्थित थे। जनता ने इस शिविर की काफी सराहना की और इसके लिए जयंत सिन्हा को धन्यवाद दिया। तीन विधानसभाओं में आयोजित किए गए स्वास्थ्य शिविरों में अभी तक 600 से अधिक लोग लाभ ले चुके हैं। 28 सितंबर को बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में यह शिविर आयोजित किया जायेगा। जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे हैं। क्षेत्र की हर विधानसभा में यह आयोजन हो रहा है। मुझे यह देखकर बेहद ख़ुशी हो रही है कि बड़ी संख्या में लोग इन शिविरों में आकर लाभ ले रहे हैं। सबका साथ और सबका विकास के मूलमंत्र के साथ हम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएँ पहुंचाने के लिए कार्यरत हैं। जयंत सिन्हा का प्रयास हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। वे बड़े स्तर पर इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। हर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक सुविधा पहुंचाई जा रही है। यह सेवा पखवाड़ा के तहत लगाए जा रहे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर इसका हिस्सा हैं। वे हजारीबाग को झारखंड में शिक्षा व धार्मिक समेत स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्रबिंदु बनाना चाहते हैं। हर क्षेत्रवासी को बेहतर स्वास्थ्य सेवा दिलवाने का काम जारी है। जयंत सिन्हा जनता को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने के लिए संकल्पबद्ध रहते हैं। उन्हें सदर अस्पताल में लगी लिफ्ट में से बारिश का पानी गिरने की जानकारी मिली, जिससे मरीज़ों को काफी असुविधा हो रही थी। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उन्होंने उपायुक्त महोदया से अधिकारीयों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश देने का आग्रह किया। साथ ही अपने प्रतिनिधियों को सदर अस्पताल भेजकर इस समस्या का समाधान करवाने के निर्देश दिए। इसके उपरान्त इस समस्या का निवारण हुआ और मरीज़ों की असुविधा दूर हुई। इस कार्य के लिए लोगों ने जयंत सिन्हा का आभार व्यक्त किया।

क्षेत्राधिकारी लाइन/ललिया श्री राधारमण सिंह द्वारा बुधवार की परेड का किया गया निरीक्षण

सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर । आज दिनांक-27.09.2023 को क्षेत्राधिकारी लाइन/ ललिया श्री राधारमण सिंह द्वारा द्वारा पुलिस लाइन में बुधवार की परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए कराई गई दौड़। निरीक्षण के पश्चात , क्षेत्राधिकारी महोदय द्वारा परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई गयी । इस दौरान विभिन्न प्रकार के शस्त्राभ्यास कराए गए । बाद परेड, क्षेत्राधिकारी महोदय द्वारा पुलिस लाइन का भ्रमण किया गया, इस दौरान पुलिस लाईन परिसर, जीडी कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, आदर्श आरक्षी बैरक तथा पुलिस भोजनालय का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता परख कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक श्री किशन लाल गौतम एवं अन्य अधिकारी/ कर्मचारी गण मौजूद रहे।

थाना के पुरानी नरेंद्र कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा विधिवत रूप से इश्तिहार को चिपका कर तामिला किया गया

लोहसिंघना । थाना कांड संख्या 32/18 धारा-302/120बी/34 भादवि के अप्राथमिक अभियुक्त 1. अयाज खान पिता मोहम्मद शमी 2. अजहर खान पिता कामरान खान उर्फ इवरार खान दोनों ग्राम बिउर थाना चैनपुर जिला कैमूर (भभुआ) बिहार के घर पर लोसिंगाना थाना के पुरानी नरेंद्र कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा विधिवत रूप से इश्तिहार को चिपका कर तामिला किया गया।उल्लेखनीय है कि यह दोनों अभियुक्त काफी दिनों से फिरार चल रहे थे।

हजारीबाग सदर का प्रयास लाया रंग, बगोदर- हजारीबाग पथ के गड्ढों से जल्द मिलेगा राहत

बगोदर । हजारीबाग पथ जो पूर्व में राष्ट्रीय उच्च पथ (एन.एच.) संख्या- 100 हुआ करता था अब राष्ट्रीय उच्च पथ (एन.एच.) संख्या-522 हो गया है। इस पथ पर बगोदर से लेकर सिंघानी फोरलेन स्थित गोलंबर चौक सड़क की जर्जर और गड्ढे में तब्दील होने के बाद सदर विधानसभा क्षेत्र के दारू और सदर प्रखंड वासियों के परेशानी और इस पथ में हो रहें लगातार सड़क दुर्घटना को देखते हुए हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने इसे गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों को इससे अवगत कराया और अब उनके अथक प्रयासों के बाद राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, हजारीबाग द्वारा इस पथ के जर्जर हालत को तत्काल सुधारते हुए साधारण मरम्मती हेतु टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जल्द ही संभवतः सोमवार से ही इस पथ पर साधारण मरम्मती का कार्य आरंभ हो जायेगा । हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, हजारीबाग द्वारा कुल 8 भागों में इस पथ के साधारण मरम्मती कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 से टेंडर किया गया है। जिसके तहत बगोदर से लेकर सदर विधानसभा क्षेत्र के दारु -झुमरा- मेरू - सिलवार होते हुए सिंघानी गोलम्बर चौक तक कुल 34 किमी जर्जर पथों का साधारण मरम्मती कार्य कुल 3 करोड़ 17 लाख रुपए की राशि से किया जायेगा। विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की इस पथ का फोरलेन निर्माण कार्य में समय लगेगा उससे पहले तत्काल साधारण मरम्मती कार्य हो जाने से क्षेत्र के लोगों की कठिनाई दूर होगी। उन्होंने यह भी कहा की हम प्रयासरत हैं की इस पथ का पूर्ण व्यापक मरम्मती कार्य भी जल्द हो । पथ का साधारण मरम्मती कार्य राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-522 के 0.00(पी)- 5.00(पी) किमी तक, 8.00(पी)-17.00(पी) किमी तक, 21.00(पी)-26.00(पी) किमी तक, 28.00(पी)-30 किमी तक, 31.00(पी)-34.00(पी) किमी तक, 35.00(पी)-37.00(पी) किमी तक, 39.00(पी)-43.00(पी) किमी तक और 44.00(पी)-48.00(पी) किमी तक पथ का साधारण मरम्मती कार्य निर्धारित समय आगामी 2 महीने से पूर्व पूर्ण कर लिया जाएगा ।

बैठक | आत्मनिर्भर बनाने हेतु किसानों का उत्साहवर्धन, सहयोग किया जा रहा है

जिले के सक्रिय एनजीओ समूह ने अनुभव साझा बैठक की

जिला ब्यूरो चीफ अशोक वर्मा, मोतिहारी । कार्यक्रम का शुभारंभ ,रेड क्रॉस के विभूति नारायण सिंह, कैरिटस इंडिया के रत्नेश कुमार ,नगीना देवी, कयामुद्दीन, दिग्विजय कुमार और अमर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विषय प्रवेश करते हुए अमित कुमार ने कहा कि बेतिया डायसिस के सहयोग से भारत ग्लोबल प्रोजेक्ट ने पूर्वी चंपारण जिला के नवादा अरेराज माली सुगौली चटिया जैसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन की चुनौतियों से मुकाबला करने हेतु ग्रामीणों का क्षमता वर्धन जीवित जीविकोपार्जन और आत्मनिर्भर बनाने हेतु किसानों का उत्साहवर्धन और सहयोग किया जा रहा है इसके बहुत अच्छे परिणाम आने लगे हैं विगत वर्षों में किए गए कार्यों से बहुत सारे अनुभव और अपनी कमियों को दूर करने का अनुभव प्राप्त हुआ है भविष्य में हम और भी बेहतर हस्तक्षेप करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे इस अवसर पर रेड क्रॉस की ओर से विभूति नारायण ने कहा कि हमें आपदाओं के साथ-साथ मानव जीवन को बचाने के लिए रक्तदान के महत्व पर भी विचार करना चाहिए। अभी तो इसके लिए यहां उपस्थित सभी संस्थाओं से आग्रह है कि अपने क्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन करें रेड क्रॉस आपकी सहायता के लिए वहां तक पर रहेगी फर्स्ट एड की ट्रेनिंग भी हम हम आयोजित करते हैं हमारा निवेदन होगा कि आप अपने-अपने क्षेत्र के चुने हुए साथियों का प्रशिक्षण कराकर पीड़ित मानवता की सेवा के लिए फर्स्ट एड की ट्रेनिंग दिलाने की दिशा में पहल करें। जलवायु परिवर्तन की बढ़ती जा रही चुनौतियों से मुकाबला के लिए हम सभी को तत्पर होना होगा उपरोक्त विचार व्यक्त करते हुए अमर ने कहा कि आपदा का विस्तार और उसके घातक परिणाम जिस रूप में सामने आ रहे हैं वह काफी डरावना है भादो में वैशाख का अनुभव जो इलाका कभी बाढ़ से लबालब रहता था आज पानी के लिए तरस रहा है ।आज सभी सुखे के शिकार है। इस वर्ष पानी का लेयर 10 फीट नीचे चला गया है इसके लिए समय रहते सभी को सजग प्रयास करना होगा। कार्यक्रम को अजहर हुसैन अंसारी, समीर दुग्गल, नगीना देवी और कया मुद्दीन अंसारी सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया कार्यक्रम में विजय कुमार शर्मा प्रयास, विजय उपाध्याय, मनकेश्वर पांडे, ए युगांतर ,सुरेश कुमार, हैप्पी , प्रेम स्टीफन ,शिव बालक राय, रामसेवक राम, त्रिलोकी मुखिया, अमर साहनी ,धीरेंद्र मोहन ठाकुर, अतिंद्र नारायण पांडे, सुमित ठाकुर सहित अनेक समाजसेवी इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

30 सितंबर को होने वाले विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा एवं पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रशासनिक तैयारी हेतु बैठक

अशोक वर्मा, मोतिहारी । जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, मोतिहारी की संयुक्त अध्यक्षता में ऑडिटोरियम ,मोतिहारी में बिहार लोक सेवा आयोग ,पटना के द्वारा आयोजित 69 वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा एवं केंद्रीय चयन पर्षद(सिपाही भर्ती) के अंतर्गत बिहार पुलिस संगठन में "सिपाही" के पद पर नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा के सफल संचालन तथा परीक्षा केंद्रों पर विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु संबंधित पदाधिकारियों/ सभी केंद्राधीक्षकों / सभी वीक्षकों/स्टैटिक दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग किया गया।विदित हो कि बिहार लोक सेवा आयोग पटना द्वारा 69 वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक 30 सितंबर 2023 को पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत 12 बजे मध्याह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक 25 परीक्षा केंद्रों पर कुल 14652 परीक्षार्थी उपस्थित होंगे । केंद्रीय चयन पर्षद द्वारा बिहार पुलिस संगठन में सिपाही के पद पर नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 1 अक्टूबर 2023 को 17 परीक्षा केंद्रों पर प्रथम पाली पूर्वाह्न 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक परीक्षार्थियों की संख्या 11395 एवं द्वितीय पाली अपराह्न 3:00 बजे से 5:00 बजे अपराह्न तक 11395 परीक्षार्थी शामिल होंगे। दिव्यांग अभ्यार्थियों हेतु विशेष सुविधाएं उपलब्ध की गई हैं । स्टैटिक दंडाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति में परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व परीक्षार्थियों की सघन फ्रिस्किंग के साथ प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की ई-एडमिट पर छपे QR/Bar Code की स्कैनिंग करते हुए फोटो एवं पहचान पत्र के साथ मिलान करते हुए परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश की अनुमति दी जाएगी ।

परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घंटे पहले परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश करना होगा , इसके बाद परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी । किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन/ कैलकुलेटर/ ब्लूटूथ /वाई-फाई गैजेट/ इलेक्ट्रॉनिक पेन/ पेजर/ रिस्ट वॉच इत्यादि जैसी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तथा व्हाइटनर/ इरेज़र एवं ब्लेड जैसी सामग्री ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक सामग्री ले जाने पर उसे कदाचार मानते हुए इस परीक्षा सहित आगामी 5 वर्षों के लिए आयोग की परीक्षाओं में भाग लेने से वंचित किया जाएगा तथा परीक्षा से संबंधित भ्रामक एवं सनसनीखेज अफवाह फैलाने की स्थिति में 3 वर्षों के लिए आयोग की परीक्षाओं से वंचित किया जाएगा । परीक्षा स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार रहित संचालन कराने के उद्देश्य से जैमर ,सीसीटीवी कैमरे ,वीडियोग्राफी की समुचित व्यवस्था की गई है । बिहार लोक सेवा आयोग/ जिला मुख्यालय में स्थापित नियंत्रण कक्ष से सभी परीक्षा केंद्रों के गतिविधियों की निगरानी आयोग एवं जिला मुख्यालय में की जाएगी । परीक्षा को स्वच्छ ,निष्पक्ष एवं कदाचार रहित वातावरण में संचालन कराने के उद्देश्य से आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष दूरभाष संख्या - 06252-242418 क्रियाशील रहेगा ।परीक्षा के सफल संचालन हेतु अपर समाहर्ता , मोतिहारी द्वारा सभी बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई । पुलिस अधीक्षक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि परीक्षा कदाचार रहित संपन्न कराने के उद्देश्य से (महिला एवं पुरुष) पुलिस पदाधिकारी/पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है । जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि परीक्षा की गरिमा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा को स्वच्छ ,निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में सफल संचालन करना सुनिश्चित करेंगे ।

ख़ास ख़बर

घर के बाहर पेड़ से लटकता मिला शव

धानापुर। थाना के कवई पहाड़पुर गांव में घर के समीप पेड़ के सहारे युवक का शव लटकता मिला। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने युवक की हत्या कर शव पेड़ से लटकाए जाने की आशंका जताई है। पुलिस घटना की छानबीन में जुटी रही। बुद्धपुर निवासी अभिषेक यादव (25 वर्ष) पुत्र दीनदयाल यादव अपने मौसा पारस यादव के यहां कवई पहाड़पुर में बचपना से रह रहा था। उसका शव घर के समीप स्थित एक पेड़ से लटकता हुआ मिला। यह देखकर लोग अवाक रह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर कब्जे में ले लिया। गांव के कुछ लोगों का कहना है युवक का शव देखकर उसकी हत्या कर शव को लटकाए जाने की भी बात सामने आ रही है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। मामला प्रेम प्रपंच का बताया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक चन्दौली के निर्देशानुसार पुलिसकर्मियों को प्रातःकाल कराया जाता है योगाभ्यास

चंदौली। योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, परंतु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है। स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है। तन-मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है,पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा0 अनिल कुमार के निर्देशानुसार निर्धारित दिनों में पुलिस लाइन चन्दौली में सम्बन्धित अधिकारी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास कराया जाता है।इसी क्रम में दिन बुधवार को जनपद चन्दौली के विभिन्न थानों,पुलिस लाइन/कार्यालय में नियुक्त पुलिस कर्मियों को योगाभ्यास कराया गया।

नगदी वह मोबाइल फोन बरामद दो गिरफ्तार

पीडीडीयू नगर। रेलवे स्टेशन,सर्कुलेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में अपराध नियंत्रण अपराधियों की गिरफ्तारी बरामदगी हेतु चलाए जा अभियान के क्रम में सुरेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी डीडीयू के निर्देशन में जीआरपी डीडीयू टीम द्वारा एक महिला अभियुक्ता शबाना खातून जनपद महाराजगंज निवासी को गिरफ्तार किया।जिसके पास से जीआरपी ने चोरी हुए सामानों में से 49,000 नगद बरामद किया। वहीं दूसरी तरफ जीआरपी डीडीयू ने एक अन्य उपयुक्त केशव शाह झारखंड रांची निवासी को गिरफ्तार किया जिसके पास से पुलिस ने चोरी का एक मोबाइल फोन बरामद किया। जिनपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

तेजी से बढ़ रहा है टायफाइड वह डेंगू

चहनियाँ (चंदौली)। क्षेत्र में डेंगू,मलेरिया व टायफाइड बीमारी तेजी से फैल रहा है । कस्बा सहित गांवो में लोग इस वायरल से प्रभावित हो रहे है । चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित निजी हॉस्पिटलों में लोग इलाज के लिए पहुच रहे है । प्रभारी चिकित्साधिकारी डा० रितेश कुमार ने लोगो को सतर्क रहने की सलाह दी है । क्षेत्र में इन दिनों लोग तेजी से डेंगू व मलेरिया के चपेट में आ रहे है । आलम यह है कि चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर निजी हॉस्पिटलों में काफी मात्रा में मरीज इलाज के लिए पहुच रहे है । डेंगू के कारण पैर फूलने के भी मरीज दिख रहे है । प्रभारी चिकित्साधिकारी डा० रितेश कुमार ने कहा कि डेंगू मच्छरों के काटने से बढ़ते है । इनसे बचने के लिए सबसे पहले सोने वाले स्थान पर मच्छर दानी लगाये । घरों के आसपास गंदगी न रहने दें ,टायर व ,कूलर में आदि जगहों पर जमा पानी को साफ करें । गांवो में आसपास गढ्ढो में जमा पानी को भी साफ रखने का प्रयास करे । साफ सफाई का विशेष ख्याल रखे । जिससे मच्छर पनप न पाये । टायफाइड गंदा पानी पीने से फैलता है । इस मौषम में ज्यायदातर ये बीमारी फैलती है । पानी को उबालकर ठंडा करके पानी का प्रयोग करे । ये बीमारी घातक है । यदि डेंगू,मलेरिया या टायफाइड हो गया है तो डॉक्टरों की सलाह लेकर ही दवा खाये । गांवो व कस्बों के नीम हकीम डॉक्टरों से बचने का प्रयास करे ।

घरों में पेयजल का पानी नहीं पहुंचने से हंगामा, प्रदर्शन

सकलडीहा, चंदौली। सकलडीहा मोड के पास पिछले दिनों गेल गैस कंपनी द्वारा काम करते समय पेयजल सप्लाई की पाइप क्षत्रिग्रस्त हो जाने से लगभग 100 घरों में पानी नहीं पहुंचने से आक्रोशित वार्ड वासियों ने जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया अलीनगर सकलडीहा मोड के पास वार्ड नंबर 9 में एक सप्ताह पूर्व गेल गैस कंपनी के कर्मचारियों द्वारा गड्ढा खोदकर काम करते समय पेयजल सप्लाई की पाइप क्षत्रिग्रस्त हो गई जिसमें लगभग 100 घरों में एक सप्ताह से पानी नहीं पहुंचने से पेयजल के लिए वार्ड वासियों में हाहाकार मचा हुआ है पानी के लिए लोग इधर भटक रहे हैं शिकायत के बाद भी क्षत्रिग्रस्त पाइप का मरम्मत नहीं किए जाने से आक्रोशित पूर्व सभासद प्रतिनिधि शिव शंकर शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों वार्ड वासियों ने सकलडीहा मोड के पास पहुंचकर जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया जताया कि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हम वार्ड वासी सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से मनोज इम्तियाज राजेश बृजेश विकास द्वारिका गोलू बबलू संतोष सिराज सहीत तमाम वार्ड वासी शामिल रहे।

गांजा बरामद तस्कर गिरफ्तार

पीडीडीयू नगर। पुलिस अधीक्षक चन्दौली अनिल कुमार द्वारा नशा मुक्ति के तहत चलाये गये अभियान के तहत गांजा तस्करो की गिरफ्तारी हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देशन वह क्षेत्राधिकारी पीडीयू नगर अनिरुद्ध सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय दीन दयाल पाण्डेय के नेतृत्व में मुगलसराय पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर महादेव पुलिया के पास से एक व्यक्ति को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया।गिरफ्तार अभियुक्त पूर्णवासी चौहान निवासी ग्राम हिनौली थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली बताया जिसके पास से 1 किलो 350 ग्राम गांजा बरामद हुआ।गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक दीन दयाल पाण्डेय थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली,उ0नि0 विरेन्द्र कुमार चौकी प्रभारी शिवाला थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली,उ0नि0 अभय चन्द्र यादव थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली, का0 सलाम कुरैशी थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली, का0 सौरभ पाण्डेय थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष जी का स्वागत हुआ

पीडीडीयू नगर। भारतीय जनता पार्टी मंडल पं दीनदयाल उपाध्याय नगर में नवमनोनित जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह जी का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष जी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का परिचय जाना । जिलाध्यक्ष काशीनाथ जी ने उपस्थित भाजपाजनो को संबोधित करते हुए कहा कि - " कोई भी बूथ का कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष या प्रदेश अध्यक्ष या राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है यह केवल भाजपा में ही संभव है।साथ ही साथ यह भी कहाँ कि मेरी दृष्टि में भाजपा का एक एक कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष है, उन्होंने 2024 मे एक बार फिर से भाजपा सरकार बनाने के लिए कार्यकर्त्ताओ को पूरी ऊर्जा के साथ लग जाने को कहा "। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आलोक वरुण ने किया । कार्यक्रम का संचालन महामंत्री कुंदन सिंह और भरत चौहान ने किया । इस अवसर पर काशीनाथ सिंह, अखिल पोद्दार, सुधीर घोष, सुनील श्रीवास्तव, सुषमा तिवारी, गीता रानी गुप्ता, ज्योति जायसवाल, किरण शर्मा,आलोक वरुण, कुन्दन सिंह, भरत चौहान,आशीष गुप्ता,सतीश चौहान,आलोक सिंह,राजू इकबाल,अंशु चतुर्वेदी, भानु तिवारी, विशाल तिवारी, रंजन शाह,सुरेन्द्र चौहान,लक्ष्मी गुप्ता,डॉ. देविका ,राजेश चौहान, सौरभ जायसवाल,प्रभु नारायण यादव, बुल्लू यादव, शादाब असरफ,राशिद , पंकज जायसवाल, अजय चौहान, रोशन कुमार समेत अन्य जन कि उपस्थिति रही।

चहक कार्यक्रम केतहत बच्चों को किया सम्मानित

चहनियाँ (चंदौली)। विकास खंड चहनियाँ के प्राथमिक विद्द्यालय ड्योढ़ा मे बुधवार को स्कूल रेडिनेस के तहत चहक व उनमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रधानाध्यापक फ़ैयाज़ अहमद ने बताया की उनमुखीकरण कार्यक्रम के तहत प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह मे स्कूल रेडिनेस के अंतर्गत चहक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है । इसका मुख्य उद्देश्य अभिभाकों को जागरूक करना है तथा माह मे निपुण लक्ष्य प्राप्त तथा सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों को कॉपी, पेन, पेन्सिल कटर, रबर आदि देकर सम्मानित किया गया जिसमे कक्षा एक मे निपुण लक्ष्य प्राप्त छात्रा परो, अंशिका मिश्रा, जयशिखा यादव कक्षा दो मे मयंक यादव, अनुष्का यादव कक्षा तीन मे अंशिका गिरी, आकांक्षा गिरी, रिया यादव कक्षा चार मे आरोही यादव, गरिमा यादव कक्षा पांच मे अर्चना यादव को प्रधानाध्यापक फ़ैयाज़ अहमद के द्वारा सम्मानित किया गया । इस अवसर पर आशुतोष सिंह, सरोज यादव, प्रीतम मिश्रा, कामिनी तिवारी, राजकुमारी सिंह,गीता देवी,उर्मिला देवी, जितेंद्र राम, पंकज मिश्रा, पप्पू आदि शिक्षक अभिभावक उपस्थित रहे ।

रामायणम परिवार की ओर से होगा श्री रामकथा-सुनील सिंह

धीना। आगामी 1 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक मां मंशा देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बरहनी में रामायणम परिवार की ओर से श्री राम कथा का आयोजन किया गया है।कथा प्रत्येक दिन शाम 4 बजे 7 बजे तक होगा।वही 6 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे महाविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय बाबू हरिद्वार सिंह का प्रतिमा अनावरण व भव्य भंडारा होगा।उक्त बातें बुधवार को महाविद्यालय के प्रबंधक सुनील सिंह ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज के मुखार से 1 से 6 अक्टूबर तक शाम 4 बजे से 7 बजे तक होगा।नरवन में पहली बार कथा सम्राट का कार्यक्रम हो रहा है।श्री राम कथा को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।कथा का रसपान करने के लिए कथा स्थल पर बैठने की व्यवस्था किया गया है।ताकि किसी को कोई दिक्कत न हो सके।कार्यक्रम के अध्यक्ष सैयदराजा विधायक सुशील सिंह व आयोजक की भूमिका में सुनील सिंह, महेंद्र सिंह, अम्बरीष सिंह भोला, कार्यक्रम संयोजक कुलदीप सिंह, टुनटुन सिंह, अजय सिंह, अखिलेश सिंह गुड्डू व कार्यक्रम मंत्री रविन्द्र त्रिपाठी, कमलेश सिंह, अच्युतानंद त्रिपाठी, अनूप सिंह, कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह रहेंगे।इस मौके पर ड़ा0 समर बहादुर सिंह, कुलदीप सिंह, रविन्द्र त्रिपाठी, लल्ला सिंह, अखिलेश सिंह, नवनीत सिंह, सौमित्र त्रिपाठी, राजन सिंह, अशोक वर्मा, सुनील सिंह बुलबुल, अशोक कुमार आदि रहे।

चोरों ने सीसीटीवी कैमरे उखाड़ कर किया चोरी की घटना का प्रयास, पोल्ट्री फार्म पर किया हाथ सफाया

चंदौली। खबर यूपी के चंदौली से है जहां सैयदराजा थाना क्षेत्र के दुधारी नहर समीप लोहिया नगर देर रात्रि में चोरों ने दुस्साहिसक काम किया है जिसमें लोहिया नगर निवासी पवन कुमार के प्रतिष्ठान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे उखाड़ कर ले गए वहीं दूसरी तरफ सूरज कुमार की पोल्ट्री फार्म से 30 -35 किलो मुर्गा चोरी होने की सूचना मिली है इस चोरी की वारदात सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है चोर बाकायदा दुकान कि ताला तोड़कर मुर्गी फार्म का जाली फेंकने का वीडियो सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है इस चोरी की घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल कायम है पुलिस की गश्ती पर सवालिया निशान उठने लगे हैं आए दिन जनपद में हो रही चोरी घटनाओं से आम जनमानस परेशान है दोनों भुक्तभोगियों ने स्थानीय थाने में तहरीर दे दी है मौके पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है

धानापुर में होगा अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन

चंदौली। यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा), हिंदी साहित्य अकादमी एवं संस्कार भारती के संयुक्त तत्वावधान में जिले के धानापुर कस्बा स्थित माया मंगलम वाटिका में एक अक्टूबर दिन रविवार को अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें देश के कई नामी गिरामी कवि सम्मिलित होंगे। उपजा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि जिले के पिछड़े एवं ग्रामीण क्षेत्र में कवि सम्मेलन के आयोजन के पीछे असल मंशा आम नागरिकों में साहित्य एव कविता के प्रति जागरूकता पैदा करना है। इस कवि सम्मेलन में हिंदी साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं देश के बड़े कवि सौरभ जैन सुमन (मेरठ), दमदार बनारसी (वाराणसी), मनीष मधुकर (दिल्ली), डॉ अनामिका सिंह (ग्वालियर), डॉ प्रशांत सिंह (बस्ती), नजर इलाहाबादी (प्रयागराज), विकास विदीप्त एवं कल्याण सिंह चंचल (वाराणसी), कृष्णा मिश्रा, सुरेश अकेला एवं रोहित पांडेय (चंदौली) आदि अन्य कवि प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर सभी जरूरी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यह कार्यक्रम जन अपेक्षाओं पर खरा उतरे, इसको लेकर सुधींद्र पांडेय को संयोजक, और नीरज अग्रहरि, अबुल कैश डब्बल, अनिल गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, अजय सिंह राजपूत को सह संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। आशीष विद्यार्थी को कार्यक्रम के प्रथम सत्र का संचालन और रविशंकर पांडेय, न्याज अहमद खान, अरुण सिंह आदि को व्यवस्था संचालन का अलग अलग दायित्व सौंपा गया है। इस कार्यक्रम में पत्रकारों के अलावा बड़ी संख्या में जिले के सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिज्ञ, और अधिकारियों सहित आम आदमी शामिल होंगे।

आक्रोश शासन स्तर पर किसानों के साथ-साथ ग्रामीणों की स्थिति सुधार का दावा किया जा रहा

दर्जनों गांव में बिजली लो वोल्टेज हो जाने के कारण ग्रामीणों में पनप रहा है आक्रोश

सकलडीहा। चंदौली क्षेत्र के दर्जनों गांव में बिजली की आंख की मिचौली वह लो वोल्टेज से ग्रामीण के कामकाज ठप हो जा रहे हैं वही दिनचर्या पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जा रही है इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोशीत पनप रहा है शासन स्तर पर किसानों के साथ-साथ ग्रामीणों की स्थिति सुधार का दावा किया जा रहा है लेकिन हकीकत यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी संसाधनों की कमी दंश लोगों को झेलना पड़ रहा है सबसे बड़ी विडंबना यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं दी जा रही है लो वोल्टेज के साथ बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण पूरी तरह व्यस्त हो चुके हैं लोगों के कामकाज ठप पड़े हुए हैं इनकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है दयालपुर निवासी डॉक्टर मनोज कुमार बताते हैं कि रात किसी प्रकार का गुजर जाता है लेकिन दिन उमस भरी गर्मी में गुजारना बहुत कठिन हो जाता है बिजली की स्थिति यह है कि मात्र चार से पांच घंटे विद्युत आपूर्ति किसी प्रकार की जा रही है चंदौली खुर्द गांव निवासी राजेश सिंह ने बताया कि बिजली विभाग की मनमानी का दंश हम ग्रामीणों को झेलना पड़ रहा है बदहाल विद्युत आपूर्ति की वजह से हम लोगों की दिनचर्या खराब हो जा रही है बसनी गांव निवासी राजेंद्र पाल ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा मनमानी तरीके से विद्युत आपूर्ति की जा रही है कभी लोग वोल्टेज तो कभी बिजली की आंख में मिचौली हम लोगों का जीना हराम कर दिया है कोरी गांव निवासी गुड्डू श्रीवास्तव ने बताया कि शासन द्वारा भले ही 18 से 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने का दावा किया जा रहा है लेकिन हकीकत यह है कि ग्रामीण क्षेत्र के जनता पूरी तरह बिजली आपूर्ति से तसत हो चुकी है।

स्कूल से घर जा रही छात्रा संग छेड़खानी, जेल

चंदौली। चकिया कोतवाली के एक गांव निवासी किशोरी के साथ छेड़खानी का मामला प्रकाश में आया है। स्कूल से शाम को घर आते वक्त मनचले ने उसे जमीन पर पटक दिया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुटी है। पीड़िता के पिता का आरोप है कि उनकी पुत्री शाम को स्कूल से घर आ रही थी। उसी दौरान रास्ते में हिनौता दक्षिणी गांव निवासी शुभम कुमार उर्फ खंजु उसे रोक लिया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। किशोरी को जमीन पर पटक दिया। अश्लील बातें करते हुए गंदी हरकत करने लगा। इस पर पीड़िता ने शोर मचाया। इस पर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। यह देखकर आरोपित धमकी देते हुए वहां से भाग गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित किशोरी के पिता के तहरीर पर धारा 354 पास्को एक्ट मे मुकदमा पंजीकृत किया गया है.

मार्ग नाली के कार्यो का लोकार्पण

चहनिया। चंदौली। खण्डवारी गांव सभा मे विधायक सकलडीहा ने मार्ग व नाली का निर्माण का लोकापर्ण किया । संस्थापक प्रबंधक डॉ0 राजेन्द्र प्रताप सिंह ने विधायक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । वही मां खण्डवारी महिला महाबिद्यालय में गोष्ठी का भी आयोजन हुआ । चहनियां खण्डवारी में मां खण्डवारी पीजी कालेज मार्ग की हालत काफी दयनीय थी । मार्ग क्षतिग्रस्त होने के साथ ही नाबदान का पानी मार्ग पर बह रहा था । जिससे छात्र छात्राओं सहित दर्जनों घरों को आने जाने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता था । लोगो की शिकायत पर विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने पूर्वांचल विकास निधि योजना वर्ष 2022-23 से नाली व मार्ग का निर्माण करवाया । बुधवार को विधायक ने मार्ग का लोकार्पण किया । वही महाबिद्यालय में गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने कहा कि विद्यालय का मार्ग निर्माण होने से छात्र छात्राओं सहित ग्रामीणों को काफी सहूलियत मिलेगी । यहां बिद्यालय का निर्माण कराकर प्रबंधक डा0 राजेन्द्र प्रताप सिंह ने क्षेत्र के विकास में काफी योगदान दिया है । हमलोग इन्हें शिक्षा के क्षेत्र में द्वितीय मालवीय कहते है जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र को काफी आगे बढ़ाया है । गरीब छात्र छात्राओं का फीस तक माफ कर देते है । जो ऐसा किसी बिद्यालय में देखने को नही मिलता है । इस दौरान डॉ0 आशुतोष कुमार सिंह, सुभाष यादव,भानू प्रताप यादव,प्रधानपति सतीश गुप्ता,धर्मेंद्र यादव,बाँसदेव चौहान,शुभम चौहान,सोनू तिवारी आदि लोग उपस्थित थे ।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।